* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

24 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 36

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

कुमार विश्वास झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए शामिल

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance
Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST | BASIC | B.SC. BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS | DMLT | ECG X-RAY | OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की टीएसी बैठक की अध्यक्षता

निकाय चुनाव टला, आरक्षण रोस्टर पर कानूनी राय लेगी राज्य सरकार

- आदिवासी संगठनों का आंदोलन लाया रंग, 11 एजेंडों पर हुई चर्चा, लिये गये फैसले

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य में निकाय चुनाव फिलहाल टल गया है। झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ समिति (टीएसी) की बुधवार को हुई बैठक में निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर चर्चा हुई। इसमें कहा गया कि एसटी सीटों पर आरक्षण के मामले में सरकार कानूनी राय लेगी। इसके बाद ही चुनाव पर कोई निर्णय लिया जायेगा। यह फैसला बुधवार को टीएसी की बैठक में लिया गया।

टीएसी की थी तीसरी बैठक

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में टीएसी की बुधवार को तीसरी बैठक थी। इसमें 11 एजेंडे पर चर्चा के बाद फैसला लिया गया। बैठक में निकाय चुनाव में आरक्षण संबंधित मामले के आलावा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने, लघु वन उत्पाद के संबंध में, जनजातीय भाषा में कक्षा एक से पांच तक के लिए अध्ययन और जनजातीय भाषाओं के अधिक से अधिक उपयोग पर नीति बनाने समेत अन्य मामलों पर विचार के बाद निर्णय लिया गया।

भारत सरकार को की जायेगी अनुशंसा

बैठक में अधिकांश सदस्यों ने एकल पद पर एसटी का आरक्षण समाप्त करने का विरोध किया और इसको लेकर कैबिनेट में एक प्रस्ताव लाकर केंद्र सरकार भेजने का सुझाव दिया है। ऐसे में नगर निकाय चुनाव की तिथि को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। माना जा रहा है कि अब नगर निगम चुनाव समय पर नहीं होगा। फैसले की जानकारी के मुताबिक 'द म्यूनिसपेलिटीज (एक्सटेंशन टू द शिड्यूल एरियास) बिल, 2011' के स्टैंडिंग कमिटी की अनुशंसा 'नगर निकाय की समिति, जिसमें जनजातीय समुदायों का प्रतिनिधित्व हो, की अनुशंसा नगर निकाय को बाध्यकारी होगी, को विलोपित करने की अनुशंसा की गयी थी। इस पर विचारोपरांत उक्त प्रावधान को यथावत रखने की अनुशंसा भारत सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जनजातीय हितों की रक्षा के प्रतिकूल कोई निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार नियामावली, 2022 के प्रारूप पर संबंधित विभागों एवं पक्षों से सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया जाये।

बैठक में थे मौजूद

बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री-सह-टीएसी के उपाध्यक्ष चंपाई सोरेन, विधायक-सह-टीएसी सदस्य प्रो स्टीफन मरांडी, दीपक बिरुआ, दशरथ गगराई, विकास कुमार मुंडा, नमन विक्सल कोनगाड़ी, राजेश कच्छप, सोनाराम सिंकू, शिल्पी नेहा तिर्की, मनोनीत सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, जमल मुंडा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव केके सोन, सचिव हिमानी पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

- पर्यावरण और जनजातीय संस्कृति का संरक्षण करते हुए राज्य में परिवेशीय अनुकूलन पर आधारित पर्यटन अर्थात इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जायेगा।
- लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री के लिए सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड कार्यरत है इसी के अंतर्गत व्यापक रूप से लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री कर वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों की अधिक से अधिक आय वृद्धि हो इसके लिए पहल किये जाने का निर्णय लिया गया।
- वनाधिकार अधिनियम-2006 के अंतर्गत अधिक से अधिक सामुदायिक पट्टा दिये जाने और उसमें अधिक से अधिक वन भूमि का उपयोग वन विभाग के नियमों एवं पर्यावरण के अनुकूल किये जाने पर जोर दिया गया।
- जनजातीय भाषा में कक्षा एक से पांच तक के लिए अध्ययन और जनजातीय भाषाओं के अधिक से अधिक उपयोग पर डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के माध्यम से अध्ययन कराते हुए एक नीति बनायी जायेगी। और जनजातीय भाषाओं में अधिक से अधिक पाठ्य पुस्तकों का अनुवाद कराते हुए उसका वितरण कराये जाने का निर्णय लिया गया।
- जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज किया जाये। आवश्यकता अनुसार पद सृजन भी किया जाये।
- होड़ोपैथी आदिवासी ज्ञान परंपरा का गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है। इसको देखते हुए इसके वैज्ञानिक विश्लेषण, अध्ययन, अनुसंधान, प्रकाशन के साथ सीएसआइआर के तरह वैज्ञानिक प्रयोगशाला बनाते हुए इसे आयुष में सम्मिलित किये जाने पर जोर दिया गया।
- जनजातीय समुदाय के युवाओं को पांच वर्ष से अधिक भुगतान अवधि के साथ ऋण प्रदान किये जाने हेतु अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन कराते हुए बैंकों के साथ राज्य स्तरीय बैठक कर नीति बनायी जाये।

टीएसी की अनुसंशा अनिवार्य: चंपई सोरेन

बैठक के बाद मंत्री सह टीएसी उपाध्यक्ष चंपई सोरेन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा 'द प्रोविजन ऑफ द म्यूनिसिपैलिटिज बिल 2001' पर स्टैंडिंग कमेटी द्वारा प्रस्तावित संशोधन पर विचार करने का था। इस बिल में प्रावधान किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नगर निकायों में अनुसूचित जनजाति की आबादी अधिक होने पर उसके अनुरूप मेयर अध्यक्ष या वार्ड पार्षद का पद अनुसूचित जनजाति के लिए ही आरक्षित होगा। परंतु इसके लिए टीएसी की अनुशंसा अनिवार्य है। अब आरक्षण रोस्टर पर महाधिवक्ता से राय ली जायेगी। इसके बाद ही इस दिशा में कदम उठाये जायेंगे।

रांची विवि में 109 करोड़ के घोटाले पर राज्यपाल गंभीर, जांच का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची विवि में पिछले कुछ समय में 109 करोड़ के घोटाले को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। इस पर राजभवन गंभीर है। इसे लेकर बुधवार को राज्यपाल रमेश बैस ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को इस पूरे मामले की जांच के लिए तथा अन्य जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वह अनियमितताओं से संबंधित तथ्यों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करें। 109 करोड़ की संचिका खो जाने के मामले में दोषी पदाधिकारियों/कर्मियों के विरुद्ध अविलंब प्राथमिकी दर्ज करें। राज्यपाल-सह-कुलाधिपति रमेश बैस के समक्ष रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने तत्कालीन प्रभारी कुलपति डॉ कामिनी कुमार के कार्यकाल में बरती गयी विभिन्न अनियमितताओं के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर कुलाधिपति कार्यालय द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद कुछ बिंदुओं पर प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। बता दें कि इसी मसले पर राज्यपाल ने तटस्थ जांच के लिए डॉ कामिनी कुमार को प्रशासनिक दृष्टिकोण से रांची विश्वविद्यालय से प्रति कुलपति, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा में स्थानांतरित कर दिया था।



(देखें पेज 03 भी)

सीवी आनंद बोस ने ली बंगाल के राज्यपाल के रूप में शपथ

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी और विधानसभा के अध्यक्ष विमान बनर्जी समेत शामिल हुए तृणमूल के अधिकांश मंत्री और विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। सीवी आनंद बोस ने बंगाल के राज्यपाल के रूप में बुधवार को शपथ ग्रहण किया। कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें शपथ दिलायी। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी, बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी के अलावा कई मंत्री मौजूद रहे। हालांकि राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। बाद में शुभेंदु ने आरोप लगाया कि ममता सरकार की ओर से शपथ ग्रहण समारोह में बैठने के लिए जो इंतजाम किया गया था उसमें भाजपा छोड़कर तृणमूल में शामिल हुए विधायकों के साथ कुर्सी लगायी गयी थी। ऐसा कर उन्हें अपमानित करने की कोशिश की गयी। इसलिए उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया।

बोस भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के 1977 बैच के केरल कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं।

विपक्ष ने किया बायकॉट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के शपथ ग्रहण में नहीं गये। इसकी वजह समारोह में किया गया सीटिंग अरेंजमेंट था। शुभेंदु ने ट्वीट कर बताया कि उन्हें विधायक कृष्णा कल्याणी और बिस्वजीत दास के बगल में बैठाया गया था, जो भाजपा के टिकट पर चुने गये थे, लेकिन बाद में टीएमसी में शामिल हो गये। इतना ही नहीं, उन्होंने ममता बनर्जी को भारत में पैदा हुआ सबसे मनहूस नेता करार दिया। मुख्यमंत्री पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि वे भारत में पैदा हुईं अब तक की सबसे घटिया राजनेता हैं, जो शर्मनाक तरीके से सत्ता पर काबिज हो गयीं। अगर वे ये सोचकर खुश हैं कि उनकी यह रणनीति मुझे परेशान करेगी, तो वे मूर्खों के स्वर्ग में रह रही हैं। लेकिन मैं उनकी तरह नहीं हूं, बल्कि मैं अपनी गरिमा के लिए जागरूक हूं।

एम्स का सर्वर हैक!

नयी दिल्ली। देश के सबसे मशहूर अस्पताल दिल्ली एम्स का सर्वर बुधवार सुबह से डाउन रहा। आशंका है कि सर्वर को हैक कर लिया गया है। मरीजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में दिक्कतें आ रही हैं। इस अस्पताल में देशभर से मरीज आते हैं। ऐसे में मरीजों और एडमिन ऑफिस को इसके चलते काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

राजधानी में जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या

- गोलीबारी से इलाके में हड़कंप मचा, एक अन्य युवक को लगी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में जमीन कारोबारी को अपराधियों ने बुधवार की देर शाम गोली मारकर हत्या कर दी है। यह घटना रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित एदलहातू में हुई है। जहां बुधवार की देर शाम जमीन कारोबारी धवन राम को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों के द्वारा धवन राम को रिम्स भेजा गया है, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची। धवन राम बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू स्थित महाराणा सिंह गली के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि घटना के समय उनके साथ खड़े भोला सिंह नाम के व्यक्ति को भी गोली लगी है।

धवन राम। फाइल फोटो।

मिली जानकारी के अनुसार धवन राम देर शाम एदलहातु चौक के पास स्थित एक पान गुमटी के पास खड़े थे, उसी दौरान दो अपराधी मौके पर पहुंचे और धवन को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। आधा दर्जन से ज्यादा गोली चलायी गयी। वहीं आनन-फानन में घायल जमीन कारोबारी को रिम्स अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इधर मामले की जानकारी मिलते ही सदर डीएसपी, बरियातू थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश की। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, पूछा

किसी मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल पूरा क्यों नहीं होता?

- अरुण गोयल की नियुक्ति की फाइल पेश करने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त के रूप में अरुण गोयल की नियुक्ति पर दखल दिया है। अदालत ने बुधवार को सुनवाई के दौरान चुनाव आयुक्त के तौर पर अरूण गोयल की नियुक्ति संबंधी फाइल मांगी है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि अरुण गोयल की चुनाव आयुक्त पद पर कैसे नियुक्ति की गयी है। अदालत ने इसका रिकॉर्ड भी मांगा है। अदालत ने कहा कि सुनवाई शुरू होने के तीन दिन के भीतर नियुक्ति हो गयी। हम यह जाननता चाहते हैं कि नियुक्ति के संदर्भ में क्या प्रक्रिया अपनायी गयी है। अगर यह नियमानुसार किया गया है, तो इसमें परेशान होने वाली कोई बात नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि 1990 से 1996 के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) टीएन शेषन की नियुक्ति के बाद किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त को अपने पूरे कार्यकाल का मौका नहीं मिला। क्या ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सरकार को सीइसी बनाये जाने वाले व्यक्ति के जन्म की तारीख पता होती है? गौरतलब है कि याचिकाकर्ता प्रशांत भूषण ने संविधान पीठ को बताया था कि गुरुवार को उन्होंने ये मुद्दा उठाया था। इसके बाद एक सरकारी अफसर को वीआरएस देकर चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। बावजूद इसके कि पहले ही उन्होंने इसे लेकर अर्जी दाखिल की थी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी अरुण गोयल ने सोमवार को चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला है। इससे पहले उन्हें शनिवार को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। उन्होंने शुक्रवार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। गोयल को 31 दिसंबर 2022 को 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त होना था। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए परामर्श प्रक्रिया में सीजेआइ को शामिल करने की बात कही है।

JCI Ranchi
CELEBRATING 25 YEARS OF EXPO UTSAV
Expoutsav® ... A JCI EVENT
ये है राँची का त्योहार
24 25 26 27 28 November 2022
Morabadi Ground, Ranchi • 11:30 am - 9:00 pm
JHARKHAND'S LARGEST CONSUMER FAIR
Starts Today!
SPECIAL ATTRACTION
FUN GOLA AMUSEMENT PARK
FOOD COURT
BISTRO CAFÉ
TODAY'S EVENT
Fashion Show (6:30 pm)
Scan QR Code for Events Details
Banking Partner: बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
Education Partner: Brother's Academy
Health Partner: DIVINE Super Speciality Hospital
Play School Partner: नींव
Hospitality Partner: Swarna Bhumi
Beverage Partner: Alpine, Tango
Energy Partner: Photongalaxy
Food Partner: Prabhuji Pure Food
Jewellery Partner: SGJ Shree Gajanand Jewellers
Security & Automation Partner: BAGLA Security & Automation
Network Partner: Spyder Fiber
Photography Partner: PKDS Pranjal Kumar | Photography
9939377000, 7004818520, 9748642546, 9304229595, 7004219519
jciexpoutsav@gmail.com expoutsav expoutsav www.expoutsav.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

सोना (बिक्री)	49,600 रु./10 ग्राम
चांदी	64,500 रु./प्रति किलो

झारखंड के आम शहरियों की जिंदगी बदल दी एक फैसले ने

हेमंत ने मकान नियमित करने की योजना से तैयार कर लिया नया समर्थक वर्ग

झारखंड के लगातार गरम होते राजनीतिक वातावरण के बीच यदि सरकार की तरफ से कोई लोक लुभावन फैसला होता है, तो स्वाभाविक रूप से इसके सियासी नफा-नुकसान की बात की जाने लगती है। ऐसा ही एक फैसला पिछले दिनों हेमंत सोरेन सरकार ने लिया है और कहा जा रहा है कि इस फैसले से झामुमो के लिए एक बड़ा समर्थक वर्ग तैयार हो गया है। हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के शहरी इलाकों में बनाये गये उन तमाम भवनों को नियमित करने की योजना तैयार की है, जिनका निर्माण बिना नक्शा के किया गया है। इस फैसले से करीब नौ लाख मकानों को लाभ होगा। झारखंड सरकार की यह योजना इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे अनियमित ढंग से बनाये गये मकानों को प्रशासनिक कुदृष्टि से मुक्ति मिल जायेगी। झारखंड सरकार की यह योजना समाज के सभी वर्गों के लिए समान रूप से लाभकारी साबित होने वाली है, क्योंकि शहरी इलाके में अपना घर तो आजकल हरेक परिवार का सपना होता है और एक आम शहरी अपने जीवन भर की कमाई लगाकर अपने सपनों का आशियाना बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में झारखंड की यह विडंबना रही है कि यहां प्रशासन ने कोई ढंग का निर्माण तो किया नहीं, लेकिन तोड़-फोड़ का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। शहरों में अक्सर अवैध ढंग से बनाये गये मकान को तोड़ने की खबरें सुर्खियां बटोरती रही हैं, लेकिन हेमंत सरकार की नयी योजना अब इस पर रोक लगा देगी। इसके अलावा जिन लोगों के मकान नियमित होंगे, उनका बड़ा हिस्सा झामुमो को सियासी लाभ पहुंचायेगा, इसकी संभावनाएं भी साफ दिख रही हैं। हेमंत सरकार के इस फैसले के सियासी नफा-नुकसान के साथ झारखंड के सामने आसन्न शहरीकरण की चुनौतियों का विश्लेषण कर रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

बात सितंबर महीने 2022 की है। रांची स्मार्ट सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण और अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा था। धुर्वा में बन रहे स्मार्ट सिटी के लिए कई घरों को तोड़ा जा रहा था। बारिश के मौसम में भी प्रशासन की क्रूरता साफ दिखाई पड़ रही थी। गरीबों को उनके घरों से बेघर किया जा रहा था। वह खून के आंसू रोने को मजबूर थे। एक तो बरसात और दूसरी तरफ उनसे उनका छत्त छिन जाना। इस अभियान से परेशान लोगों ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की थी। उन्हें सारी बातों की जानकारी दी गयी। बाबूलाल मरांडी खुद धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी के कार्यस्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने काम को रुकवा दिया था। बाबूलाल मरांडी ने इस संबंध में रांची के उपायुक्त से फोन पर बातचीत भी की थी। उन्होंने स्मार्ट सिटी के निर्माण से होने वाले 17 विस्थापित परिवारों के पहले पुनर्वास की मांग की, उसके बाद ही घरों पर बुलडोजर चलाने को कहा। मरांडी ने कहा कि अगर इन परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गयी, तो वह खुद उन परिवारों के साथ धरने पर बैठ जायेंगे। यह सिर्फ एक जगह या एक वर्ष के भीतर की बात नहीं है। झारखंड में लोगों को हर साल ऐसी मुसीबतों से गुजरना पड़ा है। बुलडोजर का मुंह गाहे-बगाहे देखना पड़ ही जाता है। उसके सामने उसे असहाय होना पड़ता है। अपनी आंखों के सामने अपने आशियाने को जमींदोज होते देखना पड़ता है। नन्हे बच्चों का रोते-बिलखते देखना पड़ता है। बूढ़ी बीमार मां को खटिया समेत घर से निकाल कर बाहर रखना पड़ता है। घर की औरतों को कई बार मूर्छित होते भी देखा गया है। आंसू की बूंदों में समायी उसके आशियाने की टूटती हुई तस्वीर भी जमीन पर धाराशायी हो जाती है।

इस लोक लुभावन फैसले का होगा बड़ा सियासी फायदा

अब बात तीन दिन पहले की करते हैं है। कांके रोड के सर्वोदय नगर में रहनेवाले एक परिचित ने फोन कर बताया कि उनके मुहल्ले में जश्न मनाया जा रहा है। कई जगहों पर मिठाइयां बांटी जा रही हैं। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके मुहल्ले के चारों तरफ हाल के वर्षों में बसे मुहल्लों में यह आयोजन हो रहा है, क्योंकि हेमंत सोरेन सरकार ने अनियमित तरीके से बनाये गये सभी मकानों को नियमित करने की योजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि ये सभी मकान अनियमित ढंग से बनाये गये और सरकार के फैसले ने उन्हें बड़ी राहत दी है। यह सूचना रांची के अलावा झारखंड के तमाम शहरों के उन इलाकों से लगातार मिल रही है, जहां हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर मकान बनाये गये हैं।

क्या है हेमंत सरकार का फैसला

हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के शहरों में लगभग नौ लाख अवैध मकानों को वैध करने के लिए नयी योजना बनाने का फैसला किया है। हालांकि पहले भी दो बार यह योजना लागू की गयी थी, लेकिन उसके प्रावधान इतने कठोर और उलझानेवाले थे कि उनका अपेक्षित लाभ नहीं मिला। इसलिए तीसरी बार नये सिरे से यह योजना लाने का फैसला किया गया है। सरकार की प्रस्तावित योजना में काफी रियायत देकर अधिक से अधिक लोगों को फायदा पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। इसका फायदा प्रदेश के लगभग 40 शहरों में बिना नक्शा पास कराये मकान बनानेवाले या नक्शे का उल्लंघन कर मकान बना चुके लोगों को होगा। इस योजना का लाभ वैसे लोगों को मिलेगा, जिन्होंने 31 दिसंबर, 2019 से पहले मकान बनवा लिये थे। पिछली बार जब यह योजना लायी गयी थी, तो उसमें कई खामियां थीं। इस कारण लोगों ने अपने अवैध मकानों को नियमित कराने में रुचि नहीं दिखायी। पहले लायी गयी योजना में तीन मंजिला मकानों तथा पांच हजार वर्गफुट तक के मकानों को नियमित करने का प्रावधान किया गया था। इसके लिए काफी शर्तें रखी गयी थीं। अधिकतर मकान उन शर्तों को पूरा नहीं करते थे या शर्तों को पूरा करने के लिए मकान के ढांचे में काफी बदलाव की जरूरत होती। इस कारण लोगों ने अपने मकान के नियमितिकरण की प्रक्रिया में रुचि नहीं दिखायी। इस बार जो योजना तैयार की जा रही है, उसमें बिना किसी पूर्व शर्त के एक निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करने पर मकान को नियमित किया जायेगा। इसके लिए कोई तोड़-फोड़ नहीं करनी होगी और न कोई जांच होगी।

किसे कहते हैं अवैध मकान

अवैध मकान उसे कहते हैं, जिसे बनाने से पहले उसका नक्शा नहीं पास कराया गया है या नक्शा पास कराने के बावजूद उसका पालन नहीं किया गया है। झारखंड सरकार के पास अभी तक इसका सटीक आंकड़ा नहीं है कि राज्य में अवैध मकानों की कितनी तादाद है। एक अनुमान के अनुसार झारखंड में करीब नौ लाख मकान इस श्रेणी में हैं। इनमें से डेढ़ लाख तो अकेले रांची में हैं। इसके अलावा लगातार उग रही अवैध कॉलोनियों की स्थिति भी गंभीर है।

इस फैसले से क्या लाभ होगा

झारखंड सरकार के इस फैसले का सबसे पहला लाभ यह होगा कि राज्य को अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर होनेवाली प्रशासनिक तोड़-फोड़ से मुक्ति मिल जायेगी। हाल के वर्षों में राज्य के कई शहरों में प्रशासनिक तोड़-फोड़ का विकृत चेहरा कई बार सामने आया है। इसलिए झारखंड विकास की दौड़ में अपने साथ बने छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के मुकाबले पिछड़ गया। झारखंड का पिछड़ापन केवल आर्थिक या सामाजिक मोर्चे पर ही नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक मोर्चे पर भी यह राज्य अपेक्षित विकास नहीं कर सका है। खास कर शहरीकरण जैसे गंभीर मुद्दे पर झारखंड में कभी कोई प्रभावी विचार ही नहीं किया गया, जबकि हकीकत यह है कि झारखंड समेत पूरे देश में शहरी विकास की रफ्तार बेहद तेज हो गयी है। झारखंड में शहरीकरण की योजना बनानेवाले अधिकारियों की स्थिति यह है कि उनके पास न कोई विजन है और न योजना। वे बिना किसी मास्टर प्लान के झारखंड के शहरों में तोड़-फोड़ करते रहे हैं, जिससे स्थिति सुधरने की बजाय बिगड़ती रही है।

ऐसे में राज्य सरकार यदि सभी मकानों को वैध कर देगी, तो फिर उनके मालिकों के सामने अवैध बताकर मकान तोड़ने का खतरा नहीं रहेगा। वास्तव में हेमंत सरकार का यह फैसला राजनीतिक रूप से भी बेहद परिपक्व साबित होने वाला है, क्योंकि जो लोग इस योजना के लाभुक होंगे, वे सरकार के प्रति निश्चित रूप से आभारी होंगे। वैसे भी इस योजना के संभावित लाभुकों में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। चाहे बड़े व्यवसायी हों या नौकरीपेशा मध्यवर्ग, अगड़े हों या पिछड़े, उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, मकान के प्रति प्रेम सभी को बराबर होता है। रांची के अपर बाजार इलाके की ही बात करें, तो वहां 60 प्रतिशत से अधिक मकान अनियमित हैं और इनके मालिक आम तौर पर झामुमो के समर्थक नहीं हैं। लेकिन इस फैसले के बाद उनके रुख में इस सरकार के प्रति थोड़ी नरमी तो आयेगी। इसलिए हेमंत सोरेन का यह फैसला सियासी नजरिये से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

---

15 सूत्री कमेटी में सभी को मिलेगा सम्मान और स्थान

अगले सप्ताह जारी होगी प्रदेश और जिला स्तरीय 15 सूत्री कमेटी की सूची

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में बीस सूत्री क्रियान्वयन कमेटी के बाद अब 15 सूत्री कमेटी के गठन का काम भी पूरा हो गया है। इस कमेटी में हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सहित विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को स्थान और सम्मान दोनों दिया जायेगा। इसके जरिये एक विशेष संदेश देने का प्रयास किया गया है। अगले सप्ताह 15 सूत्री समिति की सूची जारी कर दी जायेगी। यह समिति प्रदेश और जिला स्तर पर बनायी गयी है। पुख्ता सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि कांग्रेस, झामुमो और राजद के बीच कमेटी के सदस्यों को लेकर सहमति और बंटवारे का काम पूरा हो गया है। समिति के बंटवारे में वही फार्मूला अपनाया गया है, जो 20 सूत्री के लिए अपनाया गया था। जिला स्तर पर गठित होने वाली 15 सूत्री कमेटी में चार अल्पसंख्यक कार्यकर्ता सदस्य के रूप में शामिल होंगे। इसमें मुस्लिम, इसाई, सिख समेत अन्य अल्पसंख्यक कार्यकर्ता होंगे।

प्रखंडों में कांग्रेस के करीब 11 सौ कार्यकर्ता किये गये एडजस्ट

बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के तहत प्रखंडों में कुल 11 सौ कार्यकर्ताओं को एडजस्ट किया गया है। बता दें कि बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का बंटवारा जिले और प्रखंड स्तर पर किया गया है। कुल 264 प्रखंडों में से कांग्रेस के हिस्से में 110 प्रखंड आये थे। प्रत्येक प्रखंड में गठबंधन के तीनों दल के कुल नौ सदस्यों को शामिल किया गया। इसमें कांग्रेस के कुल छह सदस्य शामिल थे। यानी 110 प्रखंडों में कुल 666 कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। बचे हुए 154 प्रखंडो में से प्रत्येक में कांग्रेस के तीन सदस्य शामिल किये गये। इस हिसाब से करीब 460 कार्यकर्ताओं को प्रखंडो में एडजस्ट किया गया।

किसके हिस्से कितने जिले आये

पार्टी	जिलों की संख्या
कांग्रेस	10
झामुमो	13
राजद	01

गौरव के पल : भारतीय महिला हॉकी टीम में चार झारखंडी शामिल

निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग करेंगी देश का प्रतिनिधित्व

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की एक साथ चार हॉकी खिलाड़ियों को चुना गया है। हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर आरके श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को इस बारे में खबर की है। उन्होंने बताया है कि स्पेन में 27 नवंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित होने वाली एफआइएच महिला हॉकी राष्ट्र कप में भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस खबर पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है। वर्तमान समय में भारतीय टीम में जगह बनाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारतीय महिला हॉकी टीम ओलंपिक और विश्वकप जैसी बड़ी-बड़ी प्रतियोगिताओं में क्वालीफाई कर रही है और अच्छे पोजिशन तक पहुंच रही है। विजय शंकर सिंह ने कहा कि झारखंड से एक जमाने में तीन-चार खिलाड़ी भारतीय टीम में हुआ करते थे, परंतु बीच में सभी टीमों में झारखंड शून्य हो गया था। परंतु झारखंड के सभी लोगों ने हॉकी के विकास के लिए समर्पण और निस्वार्थ भाव से राज्य के हॉकी के विकास की सोच लेकर कार्य किया जिसका रिजल्ट अब देखने को मिल रहा है।

ये है खिलाड़ियों की प्रोफाइल

निक्की प्रधान : खूंटी जिला के मोरो प्रखंड अंतर्गत पेरोल गांव में आज तक एक खेल का मैदान नहीं बना है। यहां अपनी बड़ी बहनों से प्रेरणा लेकर नंगे पांव हॉकी की शुरूआत करते हुए निक्की आगे बढ़ी। वह झारखंड की पहली हॉकी खिलाड़ी हैं, जो दो-दो ओलंपिक खेल कर इतिहास रच चुकी हैं। विश्व के सभी बड़े प्रतियोगिताओं ओलंपिक गेम्स, वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ गेम, एशिया कप सहित सभी बड़े-बड़े टूर्नामेंटों में भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई कीर्तिमान बना चुकी हैं।

सलीमा टेटे : सिमडेगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत बड़की छपार गांव में आज भी मोबाइल सिग्नल के लिए चट्टान या पेड़ों का सहारा लेना पड़ता है। इस गांव से कोसों पैदल चलकर या पिता सुलक्षण टेटे के साइकिल में बैठ कर विद्यालय और गांव की टीम से खस्सी कप मुर्गा कप हॉकी प्रतियोगिताओं से हॉकी की शुरुआत सलीमा ने की। वह सिमडेगा जिला की प्रथम महिला ओलंपियन हैं, जिसके खेल की सराहना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई बार कर चुके हैं। विगत तीन-चार वर्षों में ही ओलंपिक गेम्स, वर्ल्ड कप, एशिया कप, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे कई बड़े टूर्नामेंटों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व उसने किया है।

संगीता कुमारी : हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुडी नवा टोली गांव में आज भी बरसात के दिनों में अपने पैर के जूते चप्पलों को हाथ में लेकर चलना पड़ता है। ऐसे गांव से बेहद गरीब परिवार से पल बढ़कर बांस की स्टिक और उसके जड़ से हॉकी की शुरुआत करते हुए संगीता कुमारी विगत एक वर्ष में कॉमनवेल्थ गेम, एफआइएच हॉकी लीग में जलवा दिखा चुकी है। इससे पूर्व जूनियर एशिया कप इत्यादि कई प्रतियोगिताओं में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

ब्यूटी डुंगडुंग : सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत खिलाड़ियों के गांव करंगागुड़ी बाजू टोली की ब्यूटी डुंगडुंग के परिवार के सदस्य पीढ़ी दर पीढ़ी अच्छे हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। उनके परिवार में उनके दादा, पिताजी, चाचा, तीन बड़े भाई, भाभी भी राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। ब्यूटी विगत 2018 से जूनियर भारतीय टीम से देश के लिए खेल चुकी है। इस वर्ष पहली बार सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए चुनी गयी है। उसके गांव में वर्षों से बन रहा आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अधूरा है।

पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को हाइकोर्ट से बड़ी राहत

कुर्की-जब्ती आदेश को सशर्त निरस्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट से पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेंद्र साव को बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट ने बुधवार को योगेंद्र साव के खिलाफ निचली अदालत द्वारा जारी कुर्की-जब्ती के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें निर्देश दिया है कि वे ट्रायल कोर्ट के समक्ष सरेंडर कर बेल लें। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी के कोर्ट में योगेंद्र साव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा ने अदालत में पक्ष रखा। अदालत ने यह शर्त रखी है कि ट्रायल कोर्ट में अगर वह पांच दिसंबर तक उपस्थित हो जाते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती आदेश प्रभावी नहीं होगा। दरअसल, रांची के जगन्नाथपुर थाना में योगेंद्र साव एवं उनके बॉडीगार्ड के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज है। इस केस में रांची सिविल कोर्ट ने योगेंद्र साव के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इसे रद्द करने के लिए उन्होंने हाइकोर्ट से गुहार लगायी थी। योगेंद्र साव फिलहाल एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण से जुड़े आंदोलन के केस में जमानत पर हैं।

2.48 करोड़ रुपये का घोटाला मामला

एसबीआइ के शिकारीपाड़ा ब्रांच के पूर्व मैनेजर के खिलाफ सीबीआइ करेगी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। दुमका जिले के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शिकारीपाड़ा ब्रांच के पूर्व मैनेजर मनोज कुमार पर 2.48 करोड़ रुपये हड़पने का मामला दर्ज है। इस मामले की जांच अब सीबीआइ करेगी। सीबीआइ एसीबी की धनबाद शाखा ने आरसी 6(अ) 2022-मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच डीएसपी प्रह्लाद किशोर झा करेंगे। गौरतलब है कि राजमहल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए पूर्व मैनेजर मनोज कुमार और कई अज्ञात लोगों ने 2.48 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। यह घोटाला साल 2014 से 2018 के बीच किया गया है। इस दौरान मनोज कुमार एसबीआइ के साहिबगंज, बरहेट, फूलबंगा और शिकारीपाड़ा में ब्रांच मैनेजर थे। घोटाले को लेकर एसबीआइ के दुमका रीजनल बिजनेस ऑफिस के रीजनल मैनेजर ने शिकारीपाड़ा थाने में एफआइआर दर्ज करायी थी। इसके बाद भागलपुर से मनोज कुमार को गिरफ्तार किया था।

कर्ज उतारने के लिए किया था घोटाला

गिरफ्तार होने के बाद मनोज कुमार ने बताया था कि वह साहिबगंज जिले के राजमहल विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे। इसके लिए उसने काफी रुपया भी खर्च किया, हालांकि उनको किसी पार्टी से टिकट नहीं मिला, जबकि दूसरी ओर उनके ऊपर काफी कर्ज बढ़ गया, जिसके बाद उन्होंने रुपये घोटाला करने की घटना को अंजाम दिया।

बैंक प्रबंधन की आरंभिक छानबीन में घोटाले की रकम 1.15 करोड़ पायी गयी थी। इसी के आधार पर शिकारीपाड़ा थाने में मैनेजर पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में बैंक की छानबीन बढ़ती रही, वहीं 28 अगस्त 2022 को झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने सीबीआइ को इस केस की जांच स्वीकारने का अनुरोध किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	27.8 °c	12.6 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.02 बजे
सूर्योदय (कल) :		06.08 बजे

मुख्यमंत्री दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में होंगे शामिल

हेमंत सोरेन दिल्ली रवाना, उद्योग विभाग के कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

27 नवंबर तक आयोजित है अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

दिल्ली/रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को देर शाम दिल्ली रवाना हो गये। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में गुरुवार 24 नवंबर को झारखंड राज्य दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड के पारंपरिक नृत्य, गीत और संस्कृति से लोग रूबरू होंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

स्वरोजगार सृजन की झांकी

ट्रेड फेयर में ना सिर्फ झारखंड के रेशमी परिधान लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार सृजन के लिए किये जा रहे कार्यों की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच के अनुरूप मेले में कृषि, पशुपालन विभाग द्वारा जैविक कृषि का स्टाल, वन विभाग का स्टाल, जेरेडा का स्टाल, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के स्टाल में प्रदर्शित विभिन्न शिल्पकारों के हस्तनिर्मित लकड़ी, बांस से निर्मित नेम प्लेट, पेन स्टैंड, टी कोस्टर, सर्विस प्लेट, मूर्ति आदि दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। लोगों को मेले में जैविक उत्पाद और जैविक खेती आकर्षित कर रही है। मालूम हो कि 27 नवंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल है। मेले में झारखंड के स्थानीय बुनकरों, ट्राइबल शिल्पकारों द्वारा प्रदर्शित पारंपरिक आदिवासी जैकेट, शर्ट्स, टॉवल, गमछा, टोपी आदि दर्शकों के द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है।

विधानसभा में केंद्र-राज्य संबंधों पर नेशनल कांफ्रेंस, स्पीकर ने कहा-

देश की सुरक्षा, स्थिरता के लिए केंद्र-राज्य का संबंध स्वस्थ होना जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन बुधवार को केंद्र-राज्य संबंधों पर नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि देश की स्थिरता, सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए स्वस्थ केंद्र-राज्य संबंध महत्वपूर्ण है। देश के विभाजन के समय की घटनाओं ने संविधान सभा को एक ऐसे संघवाद को चुनने के लिए प्रेरित किया, जो केंद्र की ओर थोड़ा झुका हुआ है, लेकिन राज्य को प्रगति और परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण साधन होने के नाते संविधान में शक्तियां भी दी गयी हैं। संविधान के लागू होने के बाद से पिछले सात दशकों में 105 संशोधन हुए हैं, जिनमें से कई का केंद्र-राज्य के संबंधों पर सीधा असर पड़ा है।

स्वतंत्र भारत ने संघवाद के बदलते युग को देखा

उन्होंने कहा कि समय-समय पर, केंद्र-राज्य संबंधों का परीक्षण किया गया और स्वतंत्र भारत ने संघवाद के बदलते युग को देखा। कई राजनीतिक इतिहासकारों और संवैधानिक विशेषज्ञों ने देखा कि केंद्र सरकार के हाथों में शक्तियों का अधिक केंद्रीकरण केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ते संघर्षों के प्रमुख कारणों में से एक था।

कई अहम मुद्दों पर विशेषज्ञ विचार रख रहे

केंद्र-राज्य के संबंधों पर चर्चा के लिए विधानसभा में प्रो दिलीप तिर्की, प्रो मनोज कुमार सिन्हा, प्रो अनुराग दास, प्रो ए लक्ष्मीनाथ, डॉ नीरज कुमार, प्रो उदय शंकर समेत कई विशेषज्ञ जुटे थे। कांफ्रेंस में संघवाद पर न्यायपालिका, केंद्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का बंटवारा, केंद्र राज्य संबंध और सुशासन पर इसके प्रभाव जैसे कई अहम मुद्दों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

विधानसभा को मिले राज्यपाल को हटाने का प्रस्ताव पास करने का अधिकार : प्रो उदय शंकर

विधानसभा में आयोजित केंद्र-राज्य संबंधों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राज्यपाल की भूमिका और उनके कार्य पर चर्चा हुई। रायपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उदय शंकर ने कहा कि अगर राज्यपाल राज्यहित में काम न कर रहे हों, तो उन्हें हटाने का अधिकार राज्य के पास होना चाहिए। विधानसभा में प्रस्ताव पास कर उसे राष्ट्रपति के पास भेजने का अधिकार विधानसभा के पास होना चाहिए। लेकिन इसकी भी एक गाइडलाइन तय होनी चाहिए, ताकि राज्यपाल विधानसभा की कठपुतली बनकर न रह जायें। उन्होंने कहा कि हमेशा यह बात होती है कि राज्यपाल कि नियुक्ति और उन्हें हटाने में राज्य का भी रोल होना चाहिए।

केंद्र अपने प्रतिनिधि के रूप में राज्यपाल की नियुक्ति करते हैं

प्रोफेसर उदय शंकर ने कहा कि देशों में संघ और राज्य होल्डिंग टुगेदर और कमिंग टुगेदर दो सिस्टम से काम करते हैं। कमिंग टुगेदर यूएस मॉडल है, जबकि भारत में होल्डिंग टुगेदर सिस्टम में केंद्र और राज्य जुड़े हैं। भारत के संविधान में संघीय ढांचे में केंद्र को ज्यादा पावर मिला है। केंद्र अपने रिप्रेजेंटेटिव के रूप में राज्यपाल की नियुक्ति करते हैं। जब केंद्र और राज्य में अलग अलग दलों की सरकार होती है, तो कई बार केंद्र और राज्य में विवाद होता है। राज्यपाल पर केंद्र के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगता है। ऐसे में राज्यपाल जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

स्वास्थ्य सचिव को जवाब के साथ सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश

रिम्स के मामलों पर हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रिम्स की बदहाली और इससे जुड़े अन्य मामलों पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने विभिन्न मामलों की सुनवाई एक साथ की। सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सचिव को 28 नवंबर को अगली सुनवाई में जवाब के साथ सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत के आदेश के बाद भी सीधी नियुक्ति के बजाय आउटसोर्सिंग कराना अदालत की अवहेलना है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

वृष कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

मिथुन कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।

कर्क शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

सिंह राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

कन्या प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।

तुला संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

धनु आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

मकर अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुंभ सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

मीन लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

बाबूलाल ने सीएम हेमंत सोरेन से की पुलिस नियुक्ति परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा पूर्व में पुलिस नियुक्ति परीक्षा ली गयी थी। 7272 पदों के लिए परीक्षा हुई। 7000 इसमें सफल रहे। इनमें से 4882 को नियुक्ति पत्र मिल गया। शेष लगभग 2200 अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। वे अपनी नियुक्ति के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कई बार आपसे (सीएम) मिलकर भी आग्रह किया है। विज्ञापन के मुताबिक प्रथम सूची जारी करने के बाद पद रिक्त रह जाने के उपरांत एक समेकित मेधा सूची जारी होगी। इस आधार पर सभी रिक्त पदों को भरा जायेगा जिस पर अब तक काम नहीं हुआ है।

सात हजार में से 22 सौ अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति पत्र नहीं मिला

सफल 2200 अभ्यर्थी नियुक्ति प्रक्रिया के सभी चरणों में सफल हुए हैं। फिर भी उन्हें नियुक्ति नहीं दिया जाना नैसर्गिक न्याय के विपरीत है। ऐसे में इनकी नियुक्ति के लिए पहल हो।

झारखंड उपहार में नहीं आंदोलनकारियों के त्याग संघर्ष, शहादत के बल पर मिला : मथुरा महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल के द्वारा झारखंड विधानसभा के 22वें स्थापना दिवस में झारखंड अलग राज्य को उपहार में दिये जाने के संदर्भ दिये गये अभिभाषण का झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक और टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने विरोध किया गया। कहा है कि झारखंड उपहार में मिला हुआ राज्य नहीं है बल्कि लाखों झारखंडियों के त्याग, संघर्ष व बलिदान और आंदोलनकारियों के खून से बना है। ये बातें उन्होंने झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैठक में कही है। मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में तीन राज्य एक साथ बने थे। उसमें झारखंड भी एक था। आज भी हमारे वृहद अलग राज्य का सपना अधूरा है। इस अवसर पर टीएसी के सदस्य और झारखंड आंदोलनकारी विश्वनाथ सिंह सरदार ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की मांग 1928 में उन्नति समाज के द्वारा साइमन कमीशन के समक्ष की गयी थी। संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि राज्यपाल रमेश बैस जो संवैधानिक पद पर बैठे हुए हैं और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड आंदोलन की ऐतिहासिकता, आंदोलनकारियों के संघर्ष एवं कुर्बानियों का अध्ययन नहीं है। इसलिए वे झारखंड अलग राज्य को उपहार में देने की बातें कह रहे हैं।

राज्यपाल के बयान का विरोध

कार्रवाई : रांची विवि में 109 करोड़ का घोटाला मामला

इन बिंदुओं पर 15 दिनों के अंदर करनी है जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल ने 15 बिंदुओं पर डॉ कामिनी कुमार के संबंध में जांच कर स्पष्टीकरण देने को कहा है। वे बिंदु इस प्रकार हैं :

1. तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, रांची के पद पर रहते हुए वर्ग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 36 कर्मियों को 18.12.2021 को नियमित कर दिया गया। उक्त कार्य को किस आधार पर किया गया, यह स्पष्ट नहीं है। कार्यवाहक कुलपति को ये शक्तियां प्राप्त नहीं थीं।

2. प्राचार्य, रांची महिला महाविद्यालय से अवैध तरीके से भुगतान किये गये आवास भत्ते के वसूली के लिए 06.04.2022 को कुलाधिपति कार्यालय द्वारा आदेश दिया गया था। उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया।

3. रांची विश्वविद्यालय, रांची में 109 करोड़ रुपये की राशि की वित्तीय अनियमितता के संबंध में निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा 28.06.2021 को जांच प्रतिवेदन के साथ कार्रवाई के लिए राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित किया गया था। 02.06.2022 को इस कार्यालय द्वारा तत्कालीन कुलपति, वित्तीय सलाहकार, वित्त पदाधिकारी एवं कुलसचिव के विरुद्ध आरोप पत्र गठित करने के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त विषयक संचिका कुलपति कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने की सूचना वर्तमान कुलपति द्वारा राज्यपाल सचिवालय को दी गयी है। विश्वविद्यालय की संचिका के नोट-शीट से यह स्पष्ट होता है कि यह संपूर्ण विषय कुलपति की पूर्ण जानकारी में था, किंतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी, जबकि डॉ कामिनी कुमार कुलपति के प्रभार में थीं।

4. डॉ गौरी जिलानी की सेवा नियमितीकरण के प्रस्ताव पर प्रतिकुलपति-सह-स्क्रीनिंग समिति की अध्यक्ष के तौर पर दो माह में दो संपूर्ण विरोधाभासी तथ्य प्रेषित किये गये, जिस कारण निर्णय लेने में दुविधा की स्थिति उत्पन्न हुई। इस संबंध में भी स्थिति स्पष्ट करने के लिए निर्देश दिया गया।

5. 20.06.2022 को नये कुलपति की नियुक्ति की अधिसूचना जारी होने के पश्चात डॉ कामिनी कुमार के द्वारा तत्कालीन कार्यवाहक कुलपति के तौर पर स्वयं हस्ताक्षर करते हुए एक एमओयू विज्ञान प्रसार संस्थान के साथ किया गया। सामान्यतः विश्वविद्यालय के तरफ से यह कार्य कुलसचिव द्वारा किया जाता है, जो इस आशय में स्वतः कुलपति के तौर पर डॉ कामिनी कुमार के द्वारा किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

महिला ने आत्महत्या करने की कोशिश की

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत बगडो में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। महिला की पहचान सफीदा खातून (उम्र 30 वर्ष पति जसीम अंसारी, ग्राम बगडो) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सास बहू में झगड़ा के कारण बहू ने बाजार से जहर लाकर खा लिया। इसके बाद अचानक तबियत बिगड़ने लगी। जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

प्रमंडलीय आयुक्त चंद्र किशोर उरांव ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

कोडरमा (आजाद सिपाही)। मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक चंद्र किशोर उरांव ने बुधवार को झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में आयुक्त ने मतदान केंद्र मध्य विद्यालय गुमो, क्वालिटी कंट्रोल के पास मतदान केंद्र संख्या 07, 08, 09, 10, 11, 12 और उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा बस्ती के मतदान केंद्र संख्या- 101,102 व 103 का भ्रमण किया। आयुक्त ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या नाम सुधारने से संबंधित फार्म के बारे में सभी बीएलओ से जानकारी प्राप्त की। जिन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन किया गया, उन मतदाताओं के घर जाकर बात-चीत किया। उन्होंने सभी युवा मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुका है, या 18 वर्ष से अधिक उम्र हो तो वैसे सभी युवा मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, नगर प्रशासक विनित, अंचल अधिकारी कोडरमा अनिल कुमार व अन्य मौजूद रहे।

डीआरएम ने किया नॉन इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण

कोडरमा (आजाद सिपाही)। धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आशीष बंसल अपने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मियों के साथ बुधवार को कोडरमा पहुंचे। जहां वे चल रहे नन इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण किया, और संबंधित विभाग के कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पूर्व उन्होंने पूरब दिशा की ओर बन रहे नए बिल्डिंग भवन का भी निरीक्षण किया। बाद में बातचीत के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री बंसल ने कहा कि स्टेशन के नई बिल्डिंग भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, 2023 में इसका निर्माण कार्य अगले 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा।इस नए स्टेशन भवन की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगी। जो आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। वही यात्रियों के लिए इस बिल्डिंग भवन में सभी तरह की सुविधाएं मौजूद रहेगी। उन्होंने नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर कहा कि 14 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा जिसके बाद इस लाइन पर 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन चलने लगी। उन्होंने कोडरमा राजगीर भाया तिलैया रेल परियोजना के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा कि इस लाइन पर ओवरहेड तार का कार्य चल रहा है, जो अंतिम चरण में है। वर्तमान में सफाई व्यवस्था के पूछे गए सवाल पर श्री बंसल ने कहा कि नई व्यवस्था में कम खर्च में बेहतर काम कैसे हो इस पर पहल की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक श्री बंसल अपने विशेष सैलून से कोडरमा गया रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री बंसल के साथ वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक पंकज कुमार, कमांडेंट सैयद सरफराज, वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार, वरीय मंडल अभियंता समन्वय अमित कुमार, मंडल विद्युत अभियंता सामान्य दिनेश कुमार साह, वरीय मंडल सिग्नल एवं दूर संकेत अभियंता गौतम गुप्ता, वरिय मंडल विद्युत अभियंता कर्षण वितरण भजनलाल, वरीय मंडल अभियंता टू सूरज शाह, यातायात निरीक्षक अरविंद सुमन, सहायक अभियंता गझंडी निहाल नारायण, स्टेशन अधीक्षक एमके महाराज, आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल, सीआईटी रविंद्र सिंह सहित काफी संख्या में रेल अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मगंलवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव ने किया।बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोगारी ने किया। बैठक में समिति के सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि तथा विधायक प्रतिनिधि प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, भ्रमण शील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, थाना प्रभारी बिष्णुगढ़, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसपीएल, प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक,सहायक कनिय अभियंता विद्युत विभाग, सहायक कनिय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त पीएमएवाईजी बिष्णुगढ़ प्रखंड पदाधिकारी बैठक में भाग लिए। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा विभाग ,तथा अन्य सभी विभागों की समीक्षा की गई? एवं सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया कि सरकारी बाइलॉज के तहत कार्य करें एवं जनता को ज्यादा से ज्यादा सरकारी लाभ से लाभान्वित करें।मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटे लाल बेसरा, अंचलाधिकारी रामबालक कुमार, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ0 अरुण कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति, कपिल देव चौधरी, राणा इकबाल खान, राजू श्रीवास्तव, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, अब्बास अंसारी, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय में खेलकूद का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय मे बुधवार को खेल का आयोजन किया गया सदर प्रखंड प्रमुख वीणा देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया इस कार्यक्रम मैं वरिष्ठ अतिथि के रूप में शिक्षोपाधीक्षक नंद कुमार शर्मा उपस्थित थे प्रखंड के सभी विद्यालय से बच्चे आए खेलकूद में भाग लिए और सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र एंव मेडल देकर सम्मानित किया गया प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेशमी सिंह एवं प्रखंड के सभी विद्यालय के टीचर पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

झरपो एवं डहरभंगा पंचायत में सात स्थायी समिति का हुआ गठन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो एवं डहरभंगा पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत विकास सबंधी लेकर झरपो पंचायत के मुखिया शिबुप्रसाद प्रसाद सोनी की एवं डहरभंगा मुखिया रेखा देबी के अध्यक्षता में ग्राम रक्षक समिति, सार्वजनिक संपदा समिति, स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण समिति, प्रशासन समिति, समाजिक कल्याण समिति, कृषि सहकारिता एवं उद्योग समिति, संचार एवं अधो संचार समिति का गठन किया गया। बैठक का संचालन पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद ने किया । सभी गठन समिति में दो दो वार्ड सदस्य हैं । मौके पर उपमुखिया राजेन्द्र कुमार, निलम देबी रोजगार सेवक सन्तोष दास निरंजन दास रबिन्द्र यादव, वार्ड सदस्यों में केदार गौरव, रवि यादव,सोनिया देवी, कविता देवी, श्याम कु.शर्मा,वही ग्रामीणों में बसंत राम,सुनील कुमार, बिनोद कुमार ,प्रमोद प्रसाद, सरयू प्रसाद, ऋषि कुमार, संदीप पाण्डेय ,कृष्णा कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

सभागार में मनरेगा कर्मियों की बैठक

बरकट्ठा: प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मनरेगा कर्मियों कि एक बैठक कि गयी। बैठक में मुख्य रूप से जिला परियोजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभात कुमार मौजूद थे। बैठक के पश्चात प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं का औचक निरीक्षण भी किया गया।साथ सभी कार्यों समीक्षा करते हुए आवशयक निर्देश दिया गया। बिपीओ श्यामनाथ वर्मा ने सारे कर्मियों को मनरेगा योजना में गाइडलाइन पालन करने कि सलाह दी। उपरोक्त दिशा निर्देश का पालन करने को कहा गया।बैठक में रोजगार सेवक नारायण प्रसाद,मनोहर दास , भरत प्रसाद,बी एफ टी दिलीप दास, त्रिवेणी प्रसाद ,उमेश प्रसाद समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।

कोडरमा में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश की वर्तमान हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है और राज्य हित में जरूरी है कि यह सरकार जितनी जल्दी चली जाए। बुधवार को कोडरमा में भाजपा कार्यकताओं के प्रदर्शन के दौरान समाहरणालय परिसर में सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता धनबाद सांसद पीएन सिंह ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां लूट का खेल चल रहा है, वहीं प्रदेश के मुखिया हेमंत सोरेन अपनी गद्दी बचाने में लगे हुए हैं। यहां कोई भी सुरक्षित नहीं है और हर जगह अव्यवस्था का आलम है। लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं प्रतिदिन हो रही हैं, पर जनता की सुरक्षा से इस सरकार को कोई लेना देना नहीं है। सभा को कोडरमा सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, जिला प्रभारी टून्नु गोप के अलावा स्थानीय नेताओं में रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने जबकि संचालन जिला महामंत्री राजकुमार यादव और अनूप जोशी ने किया।

जिला प्रशासन लोगों को परेशान कर रहा : अन्नपूर्णा

कोडरमा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने सम्बोधन में आरोप लगाया कि जिला प्रशासन जानबूझकर लोगों को परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे ब्लू स्टोन का मामला हो या फिर ढिबरा चुनने का, यहां के लोगों को तंग तबाह किया जा रहा है। क्रशर उजाड़े जा रहे हैं और लोगों को बेरोजगार किया जा रहा है, जबकि हेमंत सोरेन की सरकार अपने को गरीबों की हिमायती बताती है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन एक झांकी है, यदि जिला प्रशासन और राज्य सरकार ने रवैया में सुधार नहीं किया तो आने वाले समय में व्यापक आंदोलन होगा और रांची में भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने देश में झारखंड को शर्मसार किया है, यह पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें ईडी ने सम्मन कर पूछताछ किया है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव और जिला अध्यक्ष नीतेश चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री को ईडी से समन जारी हो रहा है और मुख्यमंत्री राजनीतिक स्टंट कर लोगों को बरगला रहे हैं। राज्य में कानून से लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है, लूट की खुली छूट है। सभा के पहले हनुमान मंदिर से बाजार होते हुए कोडरमा जिला समाहरणालय तक विरोध प्रदर्शन आक्रोश रैली के माध्यम से किया गया। मौके पर रमेश हर्षधर, राजेश कुमार सिंह, महेंद्र वर्मा, जयप्रकाश राम, शिवेंद्र सिन्हा, नरेंद्र पाल, कांति देवी, संगीता सिन्हा, मनोज भगत, मनोज यादव, बैजनाथ यादव, महेंद्र वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, कामिनी देवी, दिनेश सिंह, विजय यादव, मुकेश राम, शशि भूषण चौधरी, राजकुमार यादव, सहदेव यादव आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने दिखायी तत्परता, सोलर प्लेट चोरों को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सिरमा पंचायत भवन में सोलर प्लेट चोरी होने के 24 घंटे के अंदर बड़कागांव इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़कागांव पुलिस ने चोरों को पकड़ कर सफलता अर्जित की है। ज्ञात हो कि बड़कागांव प्रखंड के सिरमा पंचायत भवन में सोलर प्लेट व बैटरी चोरी हो जाने को लेकर बड़कागांव थाना में 22 नवम्बर को मुखिया एवं पंचायत सेवक द्वारा आवेदन दिया गया था।जिसका कांड संख्या 284 /22 है। इस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन करना शुरू की।सिरमा व छवानियाँ में छापामारी अभियान चलाई गई। इस दौरान बड़कागांव पुलिस ने सीरमा पंचायत निवासी इरफान खान पिता स्वर्गीय अशरफ अली (उम्र 26 वर्ष)एवं छवानियाँ निवासी मोहम्मद अब्बास अंसारी (उम्र 37 वर्ष) पिता मोहम्मद सोबराती मियां) को चोरी के सामान सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर ली। चोरों के घरों से एक सोलर प्लेट ,2 बैटरी ,1 स्टेप लेजर , आयरन,गैस बत्ती, स्टील का छोटा ड्राम, बाल्टी , कढ़ाई,छोलनी समेत विभिन्न तरह के बर्तन बरामद की गयी।छापामारी दल में मुख्य रूप से एसआई अभय कुमार, प्रेम कुमार ,एएसआई शिवानंद एवं सशस्त्र बल शामिल थे। बड़कागांव पुलिस ने बताया कि इसी गांव में एक -दो दिन पहले भी घरों में बर्तन की चोरी हो गई थी।इसका मामला दर्ज बड़कागांव थाना में भुक्तभोगियों द्वारा मामला दर्ज करायी गयी थी।जिसका कांड संख्या 285/ 22 था। इसी कांड के नामजद अभियुक्त था मोहम्मद इरफान खान। इस संबंध में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चोरों से पूछताछ की गई तो ,इस घटना में भी चोरों ने चोरी करने की कबुल की। और उन्हीं लोगों के पास से चोरी किए गए घरेलू सामान बर्तन बरामद भी किया गया। तत्पश्चात कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए बड़कागांव पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दी। इस संबंध में बड़कागांव के इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में छापामारी जारी है।घटना से संबंधित और चोरों को गिरफ्तारी की जा सकती है। इसके साथ-साथ इसके साथ साथ चोरी किए गए और भी सामानों की बरामदगी की जाएगी।

बासोबार मैदान में खेलकूद का आयोजन

दारु (हजारीबाग) । खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन बुधवार को बासोबार मैदान मैं किया गया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रोहित केशरी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके खेल कूद कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया कबड्डी, बोलीबोल, कुश्ती, तीरंदाजी एवं फुटबॉल का आयोजन किया प्रखंड के सभी विद्यालय से बच्चे खेलकूद में भाग लिए इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी बीआरपी एवं सीआरपी मीनाक्षी कुमारी मनोज कुमार सिन्हा शबाना अंसारी पप्पू कुमार संजय कुमार पुष्पा चौधरी प्रखंड के सभी विद्यालय के टीचर पहुंचे और खेलकूद कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नगर भवन हजारीबाग में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के द्वारा जल जीवन मिशन से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन में किया गया। उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में गति लाने एवं ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में इस कार्य के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करना है, ताकि सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा वर्ष 2024 तक हर घर में जल से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्यशाला में राज्य स्तर से आये राज्य समन्वयक नितीन कुमार एवं सिनी टाटा ट्रस्ट के राज्य समन्वयक अश्विनी कुमार के द्वारा जल जीवन मिशन के संदर्भ में विभिन्न जानकारियाँ दी गई। इस कार्यशाला के दौरान उपस्थित जल सहिया से ग्रामीण स्तर पर पेयजल के बाबत आने वाली समस्याओं के निराकरण संबंधी जानकारी ली। मौके पर राज्य के किसी भी जिले में पेयजल संबंधी यथा चापानल मरम्मती,जल मीनार संबंधी,पाइप लाइन संबंधी शिकायत व अन्य शिकायतों को राज्य कंट्रोल रूम नंबर 18003456502 / 9470176901 पर सोमवार से शनिवार सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक रजिस्टर करने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता,मनोज कुमार मुण्डारी के द्वारा इस कार्यशाला के उद्देश्यों एवं हजारीबाग में अब तक हुई प्रगति की जानकारी दी। मंच संचालन जिला समन्वयक मनीष कुमार के द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

साइबर डिफेंस की पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय संकल्पित : डॉ मुकुल

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने रांची में संपन्न हुए झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साइबर डिफेंस की पढ़ाई के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय कृत संकल्पित है, जिसकी शुरूआत दिसंबर महीने से प्रारंभ होगी। पी जी डी सी डी की पढ़ाई के लिए फीस में भी कमी कर दी गई है। अब विद्यार्थी इस कोर्स की फीस के लिए मात्र 40000 देंगे। इसके अलावा उसमें 18% जीएसटी भी अलग से शामिल रहेगा। डॉक्टर ने कहा कि साइबर डिफेंस के क्षेत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों को तैयार करने के लिए उनका संस्थान प्रतिबद्ध है और इसके सारे मानकों को पूरा कर लिया जाएगा। रांची में संपन्न हुए कार्यशाला में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, झारखंड सरकार के सचिव राहुल पुरवार, डॉक्टर संजय बहल, डॉक्टर अमिता शर्मा, साइबर विद्यापीठ फाउंडेशन के अध्यक्ष शशांक शेखर, साइबर डिफेंस रिसर्च बालाजी वेंकटेश्वर, कुलपति प्रोफेसर विजय पांडे, कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी उपनिदेशक डॉ विभा पांडे समेत कई विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के युसेट निदेशक डॉ आशीष कुमार साहा, अरुण कुमार मिश्रा, डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, विशेष रुप से उपस्थित थे।

20 सूत्री कार्यालय का विधायक अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन

सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाले फरियादी ग्रामीणों की समस्या को हल करना प्राथमिकता : अंबा

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार और गांव पंचायत से आने वाले फरियादी ग्रामीणों की समस्या को हल करना प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि बीस सूत्री का कार्यालय प्रखंड मुख्यालय में होने से जनसमस्याओं को सुलझाने में काफी सहूलियत होगी तथा पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित होगा। वही इससे पूर्व बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने विधायक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से 20सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, युवा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बाबर, प्रखंड सचिव बासुदेव यादव,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, शमशेर आलम, मोहम्मद अहमदउल्लाह, अशोक गुप्ता, जगेश्वर महतो, पवन तुरी, जमाल सगीर, सुरेश महतो,संजय साव,जूठन साहू, विष्णु दयाल राणा,द्वारिका महतो, अजय पासवान, कामेश्वर सिंह, मोहम्मद तसलीम, दिलीप कुमार, मोहम्मद कमरुद्दीन, मोहम्मद यूनुस, बादल, कल्लू, शाहिना खातून, छोटे खान, ओम प्रकाश प्रसाद, दिलीप महतो, त्रिलोकी साव, बबलू कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

फागु बेसरा को मंत्री का दर्जा मिलने पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया

चरही (आजाद सिपाही)। बुधवार को सीसीएल हजारीबाग एरिया चरही महाप्रबंधक कार्यालय, के प्रांगण में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के द्वारा फागु बेसरा को समन्वय समिति के सदस्य नियुक्त कर मंत्री का दर्जा मिलने की खुशी में मिठाई वितरण किया गया, इस मौके पर सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय शाखा के सचिव धीरज कुमार मांझी, अध्यक्ष सोमवार मुंडा, हजारीबाग क्षेत्र के उपसचिव अनवर अहमद, उपाध्यक्ष शंकर कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार वर्मा, विवेक कुमार, मनीषा देवी, कंचन कुमारी, सहित दर्जनों लोगों ने शामिल हुए।

राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग में एक समारोह का आयोजन कर एथलीट मीट में विजई रहे प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया गया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट का आयोजन संत कोलंबा कॉलेज की मेजबानी में हुआ था। इसमें विभिन्न विधाओं में भाग लेकर राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों ने दो गोल्ड मेडल और दो सिल्वर मेडल लेकर विभाग का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ रीता कुमारी ने कहा कि राजनीति विज्ञान विभाग का पूरे विश्व विद्यालय में अलग स्थान है जहां अध्ययन अध्यापन के अलावा खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर उनके विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहते हैं। उन्होंने कहा कि अपने व्यक्तित्व का निर्माण करने में विद्यार्थियों को सबसे पहले लक्ष्य का निर्धारण होना चाहिए। कार्यक्रम को डॉक्टर सुकल्याण मोइत्रा, डॉक्टर अजय बहादुर सिंह और डॉक्टर प्रमोद कुमार ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों की स्वर्णिम भविष्य की कामना की। विजयी प्रतिभागियों में सेमेस्टर 3 के दीपक कुमार रिले में सोनू कुमार और सेम-1 के आनंद कुमार ,लोंग जंप व रिले में, जितेश कुमार जैवलिन में बाजी मारी। सेमेस्टर 3 के ही अमित कुमार वाव में तथा नीतीश कुमार शॉटपुट में पदक हासिल करने में कामयाब रहे। अभिनंदन कार्यक्रम में सेमेस्टर 1 और 3 के विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित थे ।

16 चोरी के मोबाइल के साथ 3 गिरफ्तार

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। कोर्रा पुलिस ने 16 चोरी के मोबाइल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र के एक लॉज में एक व्यक्ति को मोबाइल चोरी करने के आरोप में पकड़ कर रखा गया है। उक्त सूचना पर पकड़े गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर यह बातें सामने आई की उक्त व्यक्ति एवं अन्य सहयोगियों के द्वारा लॉज से मोबाइल की चोरी कर बाबू गांव स्थित ओम टेलीकॉम मोबाइल दुकान में चोरी किया हुआ मोबाइल बेचा जाता है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर ओम टेलीकॉम मोबाइल दुकान पर छापेमारी की गई। जिसमें 16 चोरी के मोबाइल बरामद हुए। कोर्रा थाना में कांड संख्या 261/ 22 के तहत मामला दर्ज कर दुकान मालिक समेत तीन अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि चोरों के द्वारा बाबूगांव, कोर्रा, मटवारी एवं कृष्णा पुरी स्थित लॉज में छात्रों की अनुपस्थिति में उनके मोबाइल की चोरी कर ओम टेलीकॉम मोबाइल दुकान में बेचा जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिकेत कुमार पिता संतोष प्रसाद साकीन जबरा पावर हाउस के समीप, मो आफताब उर्फ सोनू पिता मोहम्मद मुस्तकीम साकिन मटवारी बाबू गांव वर्तमान पता ब्रांबे हाउस थाना कोर्रा और प्रमोद कुमार पिता अरुण प्रसाद साकीन तूयो थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग शामिल है। बरामद सामग्री में अलग अलग कम्पनियो के 16 मोबाइल शामिल हैं।

खनन क्षेत्र विस्थापित हाइवा एसोसिएशन बड़कागांव की बैठक

बडकागांव (आजाद सिपाही)। खनन क्षेत्र विस्थापित हाइवा एसोसिएशन बड़कागांव का एक बैठक बुधवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के आवास में किया गया । जिसकी अध्यक्षता गायक अंबा प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से नया टेंडर के बाद कंपनी के साथ रेट से संबंधित वार्ता करने की बात कही गई। संबंधित वार्ता हेतु बैठक के लिए कंपनी त्रिवेणी अर्थ मूवर्स से समय लेने हेतु विधायक ऑफिस से आवेदन भी जारी किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बैठक में मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, संरक्षक राकेश कुमार मिश्रा,अध्यक्ष आतिश मिश्रा,उपाध्यक्ष योगेंद्र महतो,बालेश्वर प्रजापति सचिव जगत नारायण महतो, उपसचिव कृष्ण कुमार,कोशाध्यक्ष फुलेश्वर महतो, संगठन मंत्री खेमलाल महतो, मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा,कपिल सिंह,राजेन्द्र प्रसाद, जुगेश्वर सिंह, रोहित कुमार, नकुल महतो, संतोष यादव, द्वारिका साव, पंकज कुमार, मोहित कुमार दांगी, प्रदीप कुमार, राजनाथ कुमार, खुशनरायन प्रसाद दांगी, रमेश कुमार पाठक, रमेश महतो, प्रदीप गिरी, सिकन्दर कुमार, रामदेशी महतो, नरेश महतो, टेकलाल कुमार, गोवर्धन महतो अवधकिशोर, रिंकू महतो, खिरोधर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

चरही पुलिस ने छापामारी में हजारों टन अवैध कोयला किया जब्त

चरही (आजाद सिपाही)। आजाद सिपाही में खबर छपने पर चरही पुलिस एक्सन में बुधवार को सीसीएल सुरक्षा गार्ड के सहयोग से चरही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला संग्रह स्थल 44 नम्बर तापीन नार्थ में अभियान चलाया गया जहा पर बडे पैमाने पर कोईला को जब्त किया गया। कोयला को सीसीएल के तापीन नार्थ में जमा कराया गया है। और अभियुक्त सहित अन्य अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। चरही पुलिस ने कहा कि चरही थाना क्षेत्र में अवैध कोईला का कारोबार नहीं चलेगा और से लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई करते हुए मामला भी दर्ज किया जाएगा ।

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने बैटरी ट्राइसाइकिल छात्रा को दिया

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा समाजिक दायित्व के अंतर्गत सि एस आर के प्रमुख महाप्रबंधक उत्तम लाल, प्रमुख महाप्रबंधक पकरी बरवाडिह कोयला खनन शिवम श्रीवास्तव, उमहाप्रबधक सि एस आर के श्री पिके ध्यानी के हाथों बड़कागांव के स्नातक के छात्रा सुनिता कुमारी को दिया। सुनिता कुमारी हजारीबाग बाग के सब कोलंबस कॉलेज मे बिए की छात्रा है। छात्रा को महाविद्यालय सहित अन्य जगहों में जाने में बहुत परेशानी हो रहा था। एनटीपीसी ने अपने कार्पोरेट सोसल रिसपोनसिविलटी के तहत शिक्षा के श्रेत्र में बढ़ावा देने के लिए मोटोराईस ट्राईसाईकिल को सुनीता कुमारी को दिया। इस कार्य को एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना के मानव संसाधन के उप महाप्रबंधक मिरतुनजय कुमार वर्मा, आर एण्ड आर के उपमहाप्रबंधक प्रबंधक श्रीराम, अजित कुमार,कमला राम रजक ने सफल किया। इस पर उतम लाल ने सि एस आर के काम से प्रभावित होकर कर कहा कि आप सभी इसी तरह से निस्वार्थ भाव से काम करे।

कांग्रेस नेताओं ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

गोला (आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने साड़म से बरियातू बाजार टांड़ तक प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी के अध्यक्षता में भारत जोड़ो यात्रा निकाली। इस दौरान नेताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार को जमकर कोसा। यात्रा में मुख्य रूप से मुख्य रूप से बिगन स्वर्णकार, मनीष चिंगारी, मनोज कोटवार, परमेश्वर माथा, दिनेश कुमार महतो, प्रदीप कुमार महतो, मुस्लिम अंसारी, लखेश्वर महतो, गुलाम सरवर, कौसर रजा, अनवर अंसारी, लुकमान अंसारी, गुलाम जिलानी, मोतीलाल माहथा, सुदेश कुमार महतो, दिनेश मुंडा, विलोचन, मनदीप कुमार मुंडा, मिथुन कुमार, समीर कुमार, आयुष पुजहर, चंदन प्रसाद, दीपक मुंडा, तुलसी महतो और दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पीड़िता ने रैयती जमीन पर जबरन कब्जा को मुक्त कराने की लगायी गुहार

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। गांधीनगर भुरकुडा निवासी उषा देवी पिता स्व. चन्द्रदेव पांडेय ने भुरकुड़ा ओपी प्रभारी को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में पीडिता ने पिता की खरीदी जमीन पर राजू गोप पिता गणेश गोप देवरिया मदानीनगर निवासी द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। पत्र में कहा है कि मेरे पिता चन्द्रदेव पांडेय ने 10 जनवरी 1962 में 32.13 डिसमिल जमीन खरीदा था। जिसका केवाला सख्या 123 है। साथ ही खाता नंबर 7 और प्लॉट नंबर 13 मौजा मतकमा है। पिता ने उक्त जमीन में से 2.25 डिसमिल जमीन हमें दान में दिया है। जो रजिस्टर दो में भी अंकित है। जिसमें मैं मकान बनाकर रह रही हूं। जमीन के सारे कागजात का मेरे पास होने के बावजूद राजू गोप जबरन जमीन पर पिछले 4 मार्च 2022 से चारदिवारी का निर्माण कराने का काम कर रहा है। मामले को ले मैंने सीओ को भी लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में भुरकुंडा पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि उक्त जमीन पर 144 लगने के बावजूद राजू गोप द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पीड़िता ने पूरे मामले की जानकारी दूरभाष के माध्यम से एसडीओ को भी देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कुरसे पंचायत में मुखिया ने दर्जनों लाभुकों को कराया गृहप्रवेश

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। कुरसे पंचायत के विभिन्न गांव भंडरा, कुरसे, कुसियारा, घाघरा में बुधवार को पीएम आवास योजना के तहत दर्जनों लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान मुखिया संदीप उरांव और पंचायत सेवक कैलाश महतो द्वारा फीता काटकर लाभुको को गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही नये घर में प्रवेश के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि बाकी बचे लाभुको को भी जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा। मौके पर कार्तिक मुंडा, पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया अजय तुरी, मनोहर मुंडा, रेखा देवी, बिनोद उरांव, सती देवी, कबिता देवी, अंजू उरांव, किरण बाला देवी, संतोष यादव, प्रिंस बेदिया, अनिल खाखा, भुनेश्वर बेदिया, राजू करमाली, निखिल उरांव, सूरज जयसवाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

पुलिस ने बालू लदे दो ट्रैक्टर किये जब्त

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पुलिस ने गुप्त सूचना पर एके कोलियरी घाट के पास से बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त किया है। जप्त किये गये दोनो ट्रैक्टर बिना नंबर की है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर ओपी ले आई है। मामले पर ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। माइनिग एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी। किसी भी हाल में ओपी क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। इधर ट्रैक्टर पकड़ाने के बाद से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

भुरकुंडा पुलिस तत्परता से गुमशुदा बच्ची की कर रही तलाश

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सौंदा 'डी' की चार वर्षीर्या बच्ची आयत परवीन का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पता नहीं चल सका है। परिजनों और स्थानीय लोग एक भिखारिन द्वारा बच्ची को अगवा करने की संभावना जता रहे हैं। इसे लेकर थाना में आवेदन भी दिया गया है। इधर भुरकुंडा पुलिस सरगर्मी से बच्ची की तलाश में जुटी हुई है। भुरकुंडा थाना प्रभारी बलबंत दूबे सभी संभावित जगहों और प्राप्त सूचनाओं पर छानबीन कर रहे हैं। बुधवार की सुबह एक सूचना की पुष्टि करने भुरकुंडा थाना प्रभारी बलवंत दूबे ने बरकाकाना में कई जगह छानबीन की। बच्ची आयत की तस्वीर और महिला की सीसीटीवी फुटेज दिखाकर खोजबीन की जा रही है। बच्ची के परिजन और पड़ोसी भी अपने स्तर से बच्ची का पता लगा रहे हैं। बताते चलें कि 22 नंवबर दिन मंलवार को शब्बीर अहमद की चार वर्षीय बच्ची सौंदा 'डी' के मधु स्टूडियो के निकट से लापता हुई है। बच्ची को आखिरी बार एक भिखारिन के साथ देखे जाने चर्चा जोरों पर है। पुलिस छानबीन कर रही है।

ऋण समझौता शिविर पांच दिसंबर को

गोला (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया बनतारा शाखा द्वारा ऋण समझौता शिविर का का आयोजन पाँच दिसंबर को किसान हाई स्कूल डभातु में किया गया है।उक्त जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में वैसे ऋण धारकों का समझौता किया जायेगा जिनका एकाउंट एनपीए हो चुका है।शिविर में मुख्य रूप से रीजनल मैनेजर भी मौजूद रहेंगे।उन्होंने सभी एनपीए धारकों को शिविर में भाग लेकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

चलंत लोक अदालत का आयोजन

गोला (आजाद सिपाही)। गोला डेली मार्केट परिसर में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के सचिव दिलिप कुमार तिर्की व संतोष कुमार के निदेर्शानुसार चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क विधिक सेवा, कानूनी सलाह की जानकारी, सुलहनामा मुकदमा से मुक्ति, घरेलु हिंसा, महिलाओं के अधिकार, महिला उत्पीडन, मनरेगा मजदुरी, बिजली, बैंक से संबंधित मुकदमा से मुक्ति, सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी वकील अमर नाथ बंका व पीएलवी संतोष करमाली के द्वारा लोगों को दी गई। साथ ही निः शुल्क जानकारी के साथ-साथ कानूनी किताबों का वितरण किया गया। मौके पर श्याम कुमार, विनोद पांडेय, जीतवान भोकता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

संगठन की मजबूती को लेकर बहुजन महापार्टी ने की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बहुजन महा पार्टी झारखण्ड कमेटी की एक बैठक रामगढ़ जिला के उत्सव मेरेज हॉल में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह सचिव एवं चुनाव प्रभारी हसीब खान उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महा सचिव रियाज अंसारी एवं प्रदेश महिला प्रभारी निहारिका शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। संचालन प्रदेश के सह प्रभारी नवीन कुमार ने की। बैठक मे संगठन को पंचायत स्तर से प्रदेश स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। आने वाले लोक सभा एवं विधान सभा मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और सभी सीटों से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि हसीब खान ने कहा कि जनसमस्याओं के निदान को लेकर संगठन प्रतिबद्ध है। इस बैठक में प्रदेश सचिव फरिमा खातून, रामगढ़ जिला अध्यक्ष महिला इकाई डॉ. पदमा गुप्ता, रांची जिलाध्यक्ष सागर प्रसाद रामगढ़ जिला अध्यक्ष जयकिशन, उपाध्यछ विकास कुमार सोनी, कुद्दूस अंसारी, विजय कुमार, अमित कुमार, वकील अंसारी, प्रथम कुमार, राजा गुप्ता, सोनू कुमार, मो.आरिफ उपस्थित रहे।

अवैध कोयला के बल पर चिमनी ईट भट्ठा में फायरिंग करने की घटना

मंथली इंट्री पर रस्साकशी बैठकों का सिलसिला जारी!

▸▸ 70 से 90 हजार प्रति भट्ठा वसूली की तैयारी!

बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला में स्थापित सैकड़ों ईट भट्ठों को चालू करने की रणनीति सार्थक और कारगर बन रही है। योजनाबद्ध तरीके से काम करने की रणनीति बन रही है। ईंट भट्ठों को अवैध कोयला के बल पर चालू किया जाएगा। जिसके कारण भट्ठेदार और मैनेजकर्ता के बीच हर बिंदुओं पर बातचीत चल रहा है। बातचीत में सबकुछ अच्छा रहा तो जल्द ही चिमनी भट्ठों में फायरिंग(फूंक) देंगे। सूचना है कि सैकड़ो ईंट भट्ठों में हजारों टन अवैध कोयले की खपत होगी। इसके लिए ही भट्ठेदार सेटिंग में जुटा है।

ईंट भट्ठा का कारोबार से मंथली करोड़ो की उगाही

इधर सूत्रों का दावा है कि चिमनी ईंट भट्ठा का कारोबार से मंथली करोड़ो की उगाही होती है। जिसके कारण ही कारोबार देर-सबेर शुरू होता है। सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष ईंट भट्ठा को चालू करने के लिए मंथली इंट्री पर रस्साकस्सी चल रहा है। मंथली इंट्री के नाम पर 70 हजार से लेकर एक लाख तक मांगा जा रहा है। जिसके कारण कारोबार शुरू होने में देर हो रही है। हालांकि सूत्रों का दावा है कि मामला 80 से 90 हजार के बीच बन जायेगा। जिसके बाद कारोबार शुरू हो जाएगा। मामले को लेकर नेतृत्व करने वाले कुछ भट्ठेदार और मैनेजकर्ता के साथ लगातार बैठक जारी है। बैठक में बात लगभग बन गया है।

ट्रैक्टर और साइकिल से कोयला गिराने पर जिच बरकरार

इधर सूत्रों ने बताया कि ईंट भट्ठों में अवैध कोयला गिराने के मामले में सामजंस्य नही बन रहा है। बैठक में कुछ भट्ठेदारों का प्रस्ताव है कि भट्ठों में समय मे परिवर्तन कर ट्रैक्टर के माध्यम से कोयला गिराने की अनुमति दी जाए। लेकिन दूसरे पक्ष का कहना है कि साइकिल से कोयला लेकर काम चलाये। इसी बात पर कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। हालांकि कुछ जगहों पर ट्रैक्टर से कोयला गिराने की छूट मिली है। लेकिन समय के साथ सभी जगह पास दिया जाएगा। हालांकि ये अलग बात है कि उसके लिए अलग से कुछ व्यवस्था की मांग की जा सकती है।

गांजा तस्करी का आरोपी धर्मेंद्र साक्ष्य के अभाव में बरी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले के भुरकुंडा निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह को नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने 2017 में 14 किलो गांजा मिलने का आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार गौतम के न्यायालय में मामले की सुनवाई की गई। इस दौरान न्यायालय में नारकोटिक्स विभाग की ओर से पांच गवाहों का गवाही दी गई। जबकि, बचाव पक्ष के द्वारा तीन गवाहों का गवाही दी गई। न्यायालय के समक्ष नारकोटिक्स के अधिवक्ता रमेश सिंह एवं बचाव पक्ष की ओर से जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने अपने-अपने पक्ष को न्यायालय में रखा। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात साक्ष्य के अभाव में अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार सिंह को बाइज्जत बरी कर दिया।

कोयला खान भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति एवं पेंशन अदालत का हुआ आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रीवर साइड भुरकुंडा स्थित ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र अंतर्गत कोयला खान भविष्य निधि त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन हुआ। बैठक में सीएमपीएफ अपर आयुक्त एसके सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक सोशल सेक्युरिटी) सीसीएल मुख्यालय यूपी नारायण, महाप्रबंधक (सीसीएल मुख्यालय) अमरेन्द्र कुमार, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी सह जेबीसीसीआई सदस्य रमेन्द्र कुमार व डीडी रामनंदन, महाप्रबंधक (संचालन) विनोद कुमार, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक) एके मल्लिक मुख्य रूप से उपस्थित थें। मौके पर सीसीएल कर्मियों के सीएमपीएफ और पेंशन से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। इस दौरान कुल 165 लंबित मामलों की सुनवाई हुई। जिसमें कई मामलों में जमकर बहसबाजी भी हुई। साथ ही लंबित मामलों के जल्द से जल्द निष्पादन करने के निर्देश दिये गये। वहीं कई मामलो का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी हुआ। मौके पर ट्रेड यूनियन के नेता, सीएमपीएफ अधिकारी और सीसीएल बरका-सयाल प्रबंधन सहित क्षेत्रीय सलाहकार सदस्यों में विंध्याचल बेदिया, खजांची राम, नरेश मंडल, संजय वर्मा, अशोक गुप्ता, आरएन सिंह, दशरथ कुर्मी, संजय कुमार मिश्रा, अर्जुन सिंह, अशोक शर्मा, जीआर भगत, ओपी पांडेय, वंदना लाला, ऋषभ, सुनील कुमार गुप्ता, अजय कुमार सिंह, अनिल सिंह, केदार राम के अलावा सभी परियोजना के कार्मिक प्रबंधक, सीएमपीएफ क्लर्क एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति के दर्जनों सदस्य मौजूद थें।

भुरकुंडा के पुष्कर ने झारखंड स्टेट जूडो चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पटेलनगर निवासी उत्तम सिन्हा व बबीता सिन्हा के पुत्र पुष्कर राज ने स्टेट जुडो चैम्पियनषीप में कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 18 से 20 नवंबर तक रांची के आरके आनंद स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में पुष्कर को अंडर 50 किग्रा में लगातार तीन राउंड में विजेता बनने के बाद कास्य पदक मिला है। पुष्कर के कोच शशि पांडेय ने बताया कि जुडो ओलंपिक खेल है जो सीबीएसई स्पाटर्स कैलेंडर में भी शामिल है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन, जूडो यूनियन ऑफ एशिया कॉमन वेल्थ, जूडो एसोसिएशन एंड इंटरनेशनल, जुडो फेडरेशन झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अंतर्गत आयोजित की जाती है। जूडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर कोच देव रॉय, शशि पांडे ने पुष्कर को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। पुष्कर राज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, भाई, स्कूल के प्राचार्य, व कोच को दी है। बधाई देने वालो में उदय कुमार सिंह, सरोज झा, अशोक गुप्ता, घनश्याम प्रसाद, धर्मेंद्र रंजन यादव, सरोज राणा, संजय मिश्रा, नरेंद्र सिंह, नरेन्द्र तिवरी, जितेंद्र पांडेय, बिनोद सिंह, कन्हैया साव, रमाकांत दुबे, अजित मेहता, राजेश मिश्रा, कमलेश मेहता, शिवकुमार सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता आदि शामिल हैं।

निबंधक से नाराज दस्तावेज नवीसों ने किया कार्य बहिष्कार

चतरा (आजाद सिपाही)। प्रभारी निबंधन पदाधिकारी अमरजीत सिंह बलहोत्रा के तानाशाह रवैए से क्षुब्ध होकर दस्तावेज नविस संघ ने किया कार्य बहिष्कार. मंगलवार से किए गए कार्य बहिष्कार के बाद से चतरा में निबंधन का कार्य ठप पड़ गया है. दो दिनों में करीब 200 से अधिक निबंधन का कार्य है लंबित हो गया है. पदाधिकारी के रवैए के कारण सरकार व विभाग को प्रति दिन लग रहा लाखों रुपए के राजस्व का चूना. दस्तावेज नवीसों ने बताया कि सभी कागजात रहते हुवे पदाधिकारी नहीं करते हैं निबंधन. उन्होंने बताया कि निबंधन नियमावली के विरुद्ध त्रुटियां निकालकर इनके द्वारा काम बाधित किया जाता है. आगे बताया कि जिस नियम और कागजात का हवाला देकर वे एक नवीस का काम रोकते हैं, उसी कागजात पर दूसरे नविस का काम कर दे रहे हैं. दस्तावेज नविसों ने बताया कि ये एक तो सप्ताह में दो दिन निबंधन कार्यालय में समय देते हैं ऊपर से नियम विरुद्ध कार्य करते हुए काम लंबित करते हैं. दस्तावेजों ने कहा कि विभाग अपना रजिस्ट्रार भेजे ताकि यहां का कार्य सुचारू रूप से चल सके।

इंडोनेशिया में आयोजित विश्व क्वालिटी कंट्रोल सम्मेलन में जेएसपी ने जीते पांच गोल्ड मेडल

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने इंडोनेशिया में आयोजित क्वालिटी कंट्रोल सर्किल 2022 (आईसीक्यूसीसी) में 5 गोल्ड मेडल जीता है। प्रेस बयान जारी कर बताया गया है कि 15 से 18 नवंबर तक जकार्ता में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 14 देशों की 757 संस्थाओं ने भाग लिया और अपने सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता कौशल का प्रदर्शन किया। क्वालिटी कंट्रोल सर्किल का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीक्यूसीसी) गुणवत्ता अवधारणा और संबंधित विषयों पर मान्यता प्रदान करने वाला विश्व का सर्वोच्च मंच है। जिसमें जेएसपी की कायजन (बेहतर के लिए बदलाव) टीमों ने 5 गोल्ड मेडल जीतकर मील का पत्थर स्थापित किया है। इनमें से चार टीमें अंगुल स्टील प्लांट और एक टीम टेंसा आयरन ओर माइंस की है। इसमें पैंथर, शक्ति, कौशल, डायनामिक और स्पार्टा का नाम शामिल है। इन टीमों से जुड़े 14 इंजीनियरों ने जकार्ता में अपने-अपने क्षेत्र में शानदार कौशल का प्रदर्शन का इस सम्मेलन के सर्वश्रेष्ठ पांच पुरस्कार जीतने का गौरव पाया है। जेएसपी के इस उपलब्धि पर कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

जेएसपी के भुवन प्रताप बने निर्णायक मंडल के सदस्य

जेएसपी को एक और उपलब्धि हासिल हुई है। कंपनी में टीपीएम टीक्यूएम-ऊर्जा प्रबंधन के प्रमुख और एवीपी भुवन प्रताप ने क्वालिटी कंट्रोल सर्किल के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीक्यूसीसी) के निर्णायक मंडल में शामिल होने की मान्यता प्राप्त कर ली है। और इस सम्मेलन में उन्होंने जेएसपी समूह की कंपनियों को छोड़कर दुनिया भर के उद्योगों द्वारा प्रस्तुत केस स्टडी के मूल्यांकन में बतौर निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि जेएसपी दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश वाली इस्पात, खनन और मूलभूत ढांचागत क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है। जेएसपी आत्मनिर्भर भारत के सपने साकार करने के लिए सदैव तत्पर है, जो निरंतर अपनी क्षमता का विस्तार कर रही है।

मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल में मेडिटेशन कार्यक्रम

कुजू (आजाद सिपाही)। भरेचनगर स्थित मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल में मेडिटेशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद अतिथि बहन सूची अग्रवाल, प्रमिला देवी, बहन परिजिंटटा कुमारी को निदेशक गया प्रसाद राय ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत की। इस दौरान मौजूद विद्यार्थियों को मेडिटेशन के गुण से अवगत कराते संक्षिप्त में योग के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर सूची अग्रवाल ने बताया कि आधुनिक जीवन पद्धति का अंधानुकरण, उपभोक्तावाद,भौतिकवाद हमारी युवा पीढ़ी के किसी भी विचार या तर्कसंगत सिद्ध कर सकता है। भले ही यह विचार जीवन के लिए व व्यक्ति के लिए उचित हो या न हो। इन विपरीत परिस्थितियों में समाधान व आंतरिक ऊर्जा की जागृति होती है। वही, विद्यालय निदेशक ने योग के गुर सिखाने आयी सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से मेडिटेशन क्लास दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मधु कुमारी ने की। मौके पर शिक्षक- कर्मचारी के अलावे विद्यार्थी मौजूद रहे।

झाकोमयू की बैठक संपन्न

कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक नयामोड़ स्थित शहीद निर्मल महतो स्मृति भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी व संचालन क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र वर्मा ने की। बैठक के दौरान सीआईएल, सीसीएल, क्षेत्रीय व परियोजना स्तरीय समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रदर्शन के साथ आगामी 26 नवंबर को महाप्रबंधक को सौंपे जाने का निर्णय लिया। वहीं, सीसीएल परियोजनास्तरीय कमिटि का गठन व विस्तारीकरण उक्त तिथि के बाद किया जाएगा। जबकि सदस्यता प्रतिवेदन 27 नवंबर से पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करने को कहा गया। मौके पर रामकुमार सिंह, रामनाथ महतो, चंदन कुमार, मंगू मांझी, ब्रजलाल मांझी, मो.यासीन, साबीर अंसारी, अशोक कुमार मौजूद रहे।

टंडवा मेला टांड़ में दो दिवसीय आयुष मेला का आयोजन 26-27 नवंबर को

टंडवा (आजाद सिपाही)। आगामी 26-27 नवंबर को निदेशक आयुष झारखंड पत्रांक 1653 आयुष 16 नवंबर के आलोक में दो दिवसीय आयुष मेला का आयोजन टंडवा मेला टांड में आयोजित किया जायेगा। इसका निर्धारित समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 5:00 बजे तक स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया जायेगा। अतः इस निदेश के आलोक में प्रखण्ड के स्वास्थ्य कर्मी,जेएसएलपीएस कर्मी,महिला बाल विकास प्रवेक्षिका,सभी पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष,जिप सदस्य,बीस सुत्री अध्यक्ष,प्रखण्ड के मुखिया,पंचायत समिति गण सभी को कार्यक्रम को सफल कराने की अपील किया गया है।इसकी जानकारी बीडीओ रंथू महतो ने देते हुये बताया की आयुष मेला में अंग्रेजी दवा छोड़ कर सभी प्रकार के आयुर्वेद,होम्यो पैथ,ईरानी एव यूनानी चिकित्सा एव दवाइया स्वास्थ्य जाँच,योगा की व्यवस्था होगी। इस आयुष मेला में प्रखण्ड की समस्त जनता भाग लेने की अपील की गयी है।

उरीमारी में विस्थापित प्रभावित एवं स्थानीय संवेदक संघ की बैठक

उरीमारी (आजाद सिपाही)। बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी, बिरसा एवं न्यू बिरसा परियोजना में ठेकेदारी कार्य को लेकर बुधवार को न्यू बरटोला में सोना राम मांझी के अध्यक्षता में विस्थापित प्रभावित एवं स्थानीय संवेदक संघ की बैठक हुई। संचालन सूरज बेसरा ने किया। उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि उरीमारी, बिरसा एवं न्यू बिरसा परियोजना में स्थानीय संवेदक ही ठेका कार्यों में कार्य करेंगे। बाहरी ठेकेदारों को कार्य नही करने दिया जायेगा। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि विस्थापित, प्रभावित महिला संवेदक भी तीनों परियोजना क्षेत्र में ठेकेदारी कार्य में काम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जागेश्वर गोप, गोवर्धन साव, चुरामन ठाकुर, भोला साव, सुरेश मांझी, कुलदीप साव, विनोद हेंब्रम, राजपति कुमार, सोलन हंसदा, मुकद्दर सोरेन, बभनी देवी, तलमी देवी, क्रांति किस्कू,लीलमुनी देवी, ममता देवी,डोरको देवी,तालोमुनी देवी, सरिता देवी, कर्मी देवी, संगीता देवी,रुबी देवी, अनिता देवी,फुलमती देवी,सोनमति देवी, सविता देवी, सरस्वती देवी, बुधनी देवी, आनंद बेसरा, पंकज हेंब्रम, विजय सोरेन, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, पप्पू लाल मांझी आदि उपस्थित थे।

फास्ट फूड प्लाजा का उद्घाटन

पतरातू (आजाद सिपाही)। ब्लॉक मोड़ पतरातू स्थित फास्ट फूड प्लाजा का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। मौके पर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, जिला उपाध्यक्ष राजू प्रसाद, नित्यानंद कुमार, अशोक पाठक, अजय सिंह, सोनू कुमार सिंह, बृजेश सिंह, मनोज राम, आलोक कुमार राकेश कुमार विश्वकर्मा , राज किशोर प्रसाद, दशरथ शर्मा, नरेश सिंह, सोनू आकाश, किशोर सिंह, किशोर ठाकुर राजेंद्र रवि सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

सीसीएल अधिकारी कॉलोनी में चोरी

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। केंद्रीय कर्मशाला नया नगर बरकाकाना के अधिकारी कॉलोनी के आवास संख्या दोबी/12 शाद मुन्तखब के यहाँ बीते मंगलवार को संध्या सात बजे अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।अधिकारी ने चोरी की घटना को लेकर बरकाकाना ओपी को आवेदन दिया है।आवेदन के उपरांत बरकाकाना ओपी जाँच में जुटी।बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार ने बताया प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जाँच पड़ताल जारी है।पुलिस हर पहलुओं पर नजर रख कर जँच करेगी।

यूनियन अध्यक्ष ने सीसीएल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्प्लाइज कॉर्डिनेशन कॉउन्सिल शाखा केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के अध्यक्ष संतोष कुमार ने सीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।श्री कुमार ने महाप्रबंधक को पत्र लिखकर शिकायत की है।शिकायत के माध्यम से उन्होंने बताया है कि पिछले दिनों सीसीएल आवासीय परिसर क्षेत्र में मासुम औरव की मौत खुले शौच टंकी में गिरने से हुईं थीं।मासुम की मौत का कारण प्रबंधन व संबंधित ठिकेदार की घोर लापरवाही प्रतीत होता है।मासूम की मौत का लगभग महीना भर होने को हैं लेकिन प्रबंधन के तरफ से कोई कारवाई न देख ठिकेदार व प्रबंधन की मिलीभगत दिखता है।श्री कुमार ने महाप्रबंधक से न्याय संगत जाँच कर दोषी अधिकारियों व संबंधित ठीकेदारों पर कड़ी कारवाई की मांग की है जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो पाए।

ट्रैक्टर से गिरकर बच्चे की मौत

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लिपिया गांव में बुधवार को ट्रैक्टर से एक गिरकर विजय महतो का एकलौता पुत्र सौरभ कुमार 9 वर्ष की मौत हो गई।घटना के संबंध में बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक उमेश महतो ट्रैक्टर से कृषि कार्य के लिए खेत तरफ जा रहा था। इसी दौरान खेल रहे कुछ बच्चे ट्रैक्टर के मालवाहक डाला में चढ़ने लगे। चढ़ने के दौरान ही सौरभ गिर गया। चालक ने उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक शव छोड़कर फरार हो गया। साथ ही फोन भी बंद कर लिया है। इधर घटना के बच्चे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि ट्रैक्टर इसी गांव निवासी सोहराय महतो का है। चालक उमेश नाती है जो ट्रैक्टर चला रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बराबरी का हक मिले

सुप्रीम कोर्ट के सामने 34 महिला सैन्य अधिकारियों ने सोमवार को जो शिकायत रखी, वह सेना के कामकाज और खासकर उसकी प्रमोशन पॉलिसी पर कई सवाल खड़े करती है। इन महिला अधिकारियों का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें सेना में प्रोन्नति से जुड़ा अपना हक नहीं मिल पा रहा है। ध्यान रहे, सेना पारंपरिक तौर पर पुरुषों का कार्यक्षेत्र मानी जाती रही है और इसमें महिलाओं को प्रवेश पाने के लिए भी लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी है। प्रवेश पाने के बाद भी अपने साथ बराबरी का व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए उन्हें हर कदम पर संघर्ष करना पड़ रहा है। हालांकि देश का संविधान नागरिकों को बराबरी का अधिकार देता है और इसलिए किसी भी क्षेत्र में लिंग के आधार पर भेदभाव की गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती। निश्चित रूप से सेना में विभिन्न पदों पर तैनाती के सख्त मानदंड हैं और उन मानदंडों में किसी तरह की छूट की वकालत नहीं की जा सकती। लेकिन महिला सैन्य अधिकारी अगर अपनी उम्मीदवारी पर निष्पक्ष ढंग से विचार किए जाने का आग्रह करती हैं तो उसमें कुछ भी अनुचित नहीं है। इन्हीं बातों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने 17 फरवरी 2020 को आर्मी में शॉर्ट सर्विस कमिशन की महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन देने का ऐतिहासिक फैसला किया। इसके बाद मार्च 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य फैसले में कहा कि सेना में परमानेंट तौर पर शामिल की गई ये महिला अधिकारी प्रोन्नति समेत सभी फायदों की हकदार होंगी। सुप्रीम कोर्ट के इस स्पष्ट रुख के बावजूद जैसा कि ताजा याचिका से पता चलता है कि इन महिला अधिकारियों को अभी तक कोई प्रोन्नति नहीं दी गई है, जबकि इसी बीच पुरुष अधिकारियों की प्रोन्नति की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई। नतीजा यह कि इन महिला अधिकारियों के लिए अपने से जूनियर अधिकारियों के अधीनस्थ काम करने की नौबत आन पड़ी है। सुप्रीम कोर्ट में ठीक ही सवाल उठा कि आखिर ऐसा क्यों है कि महिला अधिकारियों के लिए कोई प्रमोशन बोर्ड नहीं बना जबकि पुरुषों के प्रमोशन बोर्ड ने फटाफट फैसले भी ले लिये। तात्कालिक तौर पर दिया गया यह जवाब किसी के गले उतरना मुश्किल है कि महिला अधिकारियों के अतिरिक्त पद के लिए वित्त मंत्रालय की मंजूरी लेनी पड़ती है जिसमें देर हो रही है। महिला अधिकारियों की ओर से मौजूद वकील ने तत्काल ध्यान दिलाया कि महिलाओं के प्रमोशन का मामला अतिरिक्त पद की श्रेणी में आ जाता है, जबकि पुरुषों का प्रमोशन सामान्य पदों की श्रेणी में जिनके लिए वित्त मंत्रालय से विशेष मंजूरी की जरूरत नहीं होती। बहरहाल, दो हफ्ते में सेना की ओर से आधिकारिक तौर पर जवाब दाखिल किया जाना है। हो सकता है इस मामले में कोई जेनुइन बाधा हो। लेकिन जैसी भी बाधा हो उसे हर हाल में दूर करने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट के सामने 34 महिला सैन्य अधिकारियों ने अपनी शिकायत रखी। उनकी इस शिकायत से सेना के कामकाज और खासकर प्रमोशन पॉलिसी पर कई सवाल खड़े हो गए। इन महिला अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इन्हें बराबरी का हक नहीं मिल रहा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

झारखण्ड स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 15 नवम्बर को मनाया जाता है। झारखण्ड राज्य के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक दिन है। झारखण्ड राज्य की स्थापना सन् 2000 में की गई थी। राज्य की एक लम्बी यात्रा के बाद अब इस राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति क्या है? इसकी आज विस्तारपूर्वक अध्ययन की आवश्यकता है। झारखण्ड में पिछले 22 वर्षों में कई नये कॉलेज और विश्वविद्यालय खुले।

झारखंड में उच्च शिक्षा की यात्रा

डॉ. तपन कुमार शांडिल्य

झारखण्ड राज्य स्थापना के बाद तकनीकी शिक्षा के लिए भी कई संस्थानों की स्थापना हुई। राज्य में उच्च शिक्षा के विकास के लिए विगत कई वर्षों में नयी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का श्रीगणेश हुआ है। फिर भी राष्ट्रीय मानक स्तर से झारखण्ड पीछे है। राज्य में ना केवल नये उच्च शिक्षण संस्थान खोलने की आवश्यकता है, बल्कि पूर्व से संचालित संस्थानों में संरचनाओं के विकास तथा गुणवत्ता में सुधार लाने की जरूरत है।

झारखण्ड स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 15 नवम्बर को मनाया जाता है। झारखण्ड राज्य के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक दिन है। झारखण्ड राज्य की स्थापना सन् 2000 में की गई थी। राज्य की एक लम्बी यात्रा के बाद अब इस राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति क्या है? इसकी आज विस्तारपूर्वक अध्ययन की आवश्यकता है। झारखण्ड में पिछले 22 वर्षों में कई नये कॉलेज और विश्वविद्यालय खुले। राज्य गठन के समय बंटवारे के बाद कुछ बड़े उच्च शिक्षा के संस्थान राज्य के हिस्से में आये थे। राज्य गठन के बाद मुख्य रूप से भारतीय प्रबंधन संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की स्थापना झारखण्ड में हुई। यहां हम राज्य स्तर पर खुले विश्वविद्यालयों की भी चर्चा कर सकते हैं। राज्य गठन के बाद कोल्हान विश्वविद्यालय, नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय, झारखण्ड राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय, वीमेन्स विश्वविद्यालय आदि विश्वविद्यालयों का गठन हुआ। राज्य गठन के पूर्व झारखण्ड में रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय एवं एसकेएम विश्वविद्यालय, दुमका उच्च शिक्षा के तर्ज में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे थे। बाद में सरकार की उदार नीति के फलस्वरूप दर्जनों निजी विश्वविद्यालयों का भी गठन किया गया। केन्द्र सरकार के द्वारा यहां केन्द्रीय विश्वविद्यालय भी खोला गया है, जो झारखण्ड राज्य के लिए एक शुभ संकेत है। किसी राज्य की उन्नति का रास्ता प्रशस्त करने में ऐसे ही संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्लेटो जैसा दार्शनिक ने भी वकालत किया था कि एक आदर्श राज्य की स्थापना में ऐसे ही उच्च शिक्षा के संस्थानों का महत्वपूर्ण भूमिका होता है।

वर्तमान में झारखण्ड में उच्च शिक्षा का सरल नामांकन अनुपात को बढ़ाना आवश्यक है।

आगे प्लेटो ने यह भी कहा कि राज्य सत्ता इस तरह के शिक्षण संस्थानों के निर्माण और संचालन के लिए उत्तरदायी है। वर्तमान समय में उच्च शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य अपने विषयों में परंपरागत लोगों को कुशल मानव संसाधनों में परिणत करना है। झारखण्ड राज्य स्थापना के बाद तकनीकी शिक्षा के लिए भी कई संस्थानों की स्थापना हुई। राज्य में उच्च शिक्षा के विकास के लिए विगत कई वर्षों में नयी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का श्रीगणेश हुआ है। फिर भी राष्ट्रीय मानक स्तर से झारखण्ड पीछे है। राज्य में ना केवल नये उच्च शिक्षण संस्थान खोलने की आवश्यकता है, बल्कि पूर्व से संचालित संस्थानों में संरचनाओं के विकास तथा गुणवत्ता में सुधार लाने की जरूरत है। निजी क्षेत्र को और बढ़ावा देना होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि संस्थान आवश्यक मापदण्डों का अनुपालन करते हों। भारत के मानचित्र पर स्थित तीन बड़े राज्यों का गठन एक साथ हुआ-झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखण्ड। यदि तीनों राज्यों की तुलना करें तो स्पष्ट होता है कि झारखण्ड राज्य में उच्च संस्थानों का गठन अधिक हुआ। लेकिन इन शिक्षण संस्थानों में उपस्थिति गुणवत्ता की वस्तुस्थिति को दर्शाने के लिए नाकाफी है। शिक्षा की गुणवत्ता को मापने के लिए आमतौर पर शिक्षक-छात्र अनुपात की गणना की जाती है और शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता के सूचकांक उच्च शिक्षा की वास्तविक स्थिति को समझा जा सकता है। वर्तमान में झारखण्ड में उच्च शिक्षा का सकल नामांकन अनुपात 20.9 है, जबकि राष्ट्रीय सरल नामांकन अनुपात 27.6 है। हालांकि उच्च शिक्षा में सरल नामांकन अनुपात राज्य में 2020-2021 की अपेक्षा लगभग 75 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है, जो दोनों राज्यों-छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखण्ड से मजबूत है।

झारखण्ड राज्य की युवा जनसंख्या का विश्लेषण करें तो परिणाम संतोषपरक है। अगर प्रति लाख युवा जनसंख्या (18-23 आयु वर्ग) पर महाविद्यालयों की संख्या पर विचार करें तो इस मामले में झारखण्ड राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे है और पिछले 10 वर्षों में इसमें मामूली सुधार आया है। महाविद्यालयों की उपलब्धता छत्तीसगढ़ और उत्तराखण्ड दोनों राज्यों में बेहतर है, हालांकि छत्तीसगढ़ औसत से थोड़ा सा ही पीछे है, महाविद्यालयों की उपलब्धता का असर औसत नामांकन दर के आंकड़ों में नजर आता है, जो तीन राज्यों में से झारखण्ड में सबसे ज्यादा है।

पिछले 15 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर झारखण्ड न सिर्फ अपने समकक्ष नये राज्यों, बल्कि राष्ट्रीय अनुपात से भी कोसों दूर नजर आता है। छात्र-शिक्षक अनुपात के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। राष्ट्रीय अनुपात में मामूली बढ़ोत्तरी हुई है और साथ में छत्तीसगढ़ के अनुपात में भी वृद्धि हुई है, लेकिन झारखण्ड में अनुपात 40 से बढ़कर 56 होना थोड़ा चिन्ताजनक है। छात्र-शिक्षक अनुपात का बढ़ना इस बात का संकेत है कि एक शिक्षक अब पहले से ज्यादा छात्रों की शिक्षा के लिए उत्तरदायी है। इन तीन राज्यों में उत्तराखण्ड ही ऐसा राज्य है, जहां शिक्षक-छात्र अनुपात घटा है, जिसका मतलब हर शिक्षक के जिम्मे अब पहले से कम छात्र हैं। बेहतर मौके के उम्मीद में पिछले कुछ वर्षों से उच्च शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ा है। पिछले कुछ वर्षों में झारखण्ड में सकल नामांकन अनुपात में दो गुणी से ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है। इस सूचकांक में भी उत्तराखण्ड के आंकड़े बेहतर हैं, पर छत्तीसगढ़ और झारखण्ड राष्ट्रीय औसत से फिलहाल काफी पीछे है। स्पष्ट है कि अन्य राज्यों की अपेक्षा झारखण्ड में उच्च शिक्षा की मांग बढ़ी है, पर शैक्षणिक संस्थानों की वर्तमान स्थिति इसकी गुणवत्ता पर कई सवाल करती है। झारखण्ड राज्य में स्थित महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी भी देखी जा रही है। हालांकि राज्य सरकार इस कमी को दूर करने का प्रयास कर रही है। राज्य में शिक्षकों की कमी का प्रभाव संस्थानों पर पड़ता है। यहां राज्य सरकार ने इस कमी को दूर करने का वैकल्पिक व्यवस्था कर रखा है। राज्य के शिक्षकों में पदोन्नति को लेकर भी असंतोष है। कुल मिलाकर उच्च संस्थानों को हर मोर्चे पर मजबूत करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार प्रयासरत है कि उच्च शिक्षण संस्थानों के व्याप्त समस्याओं को शीघ्र दूर करे।

शिक्षा को 42वें संवैधानिक संशोधन के माध्यम से समवर्ती सूची में डाल दिया गया है। इसका मतलब है कि शिक्षा के विकास के संदर्भ में केंद्र और राज्य सरकारें दोनों ही उत्तरदायी हैं। संघीय ढांचा होने की वजह से राज्य सरकारों पर ही कार्यान्वयन की ज्यादा जिम्मेदारी रहती है। सरकारों का शिक्षा के लिए न्यूनतम खर्च करना भी उच्च शिक्षा के पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार है, क्योंकि उच्च शिक्षा किसी भी अधिनियम के तहत अनिवार्य शिक्षा के दायरे में नहीं आती। निजी क्षेत्र का उच्च शिक्षा में निवेश स्वागत योग्य कदम है, पर बाजार आधारित शिक्षा व्यवस्था में आय के आधार पर निम्न स्तर वाले शिक्षा से मरहूम हो जाते हैं। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के अंतर्गत किए गए एक रिसर्च के अनुसार संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बहुल राज्य झारखंड में, इंजीनियरिंग कॉलेजों में आदिवासी (अनुसूचित जनजाति) कोटे की 91 प्रतिशत सीटें खाली रह जाती हैं। राज्य के शिक्षण संस्थानों में आदिवासी (अनुसूचित जनजाति) के लिए 26 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं पर उनमें से काफी कम सीटें ही भर पाती हैं। दाखिला लेने वाले छात्रों में भी कुछ ड्रापआउट हो जाते हैं तथा कुछ कोर्स की निर्धारित अवधि में पास नहीं हो पाते। रिसर्च में यह बात भी उभरकर सामने आयी है कि इसमें कोर्स पूरा करने वाले छात्रों में से महज करीब 15 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को ही नौकरी मिल पाती है। ऐसा भी नहीं कि यह स्थिति महज इंजीनियरिंग में ही है, बल्कि पॉलिटेक्निक, मेडिकल समेत उच्च शिक्षा के सामान्य कोर्स में भी कमोबेश यही स्थिति है।

वर्तमान में झारखण्ड में उच्च शिक्षा का सरल नामांकन अनुपात को बढ़ाना आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार सभी उच्चतर शिक्षण संस्थानों को मल्टीडिसीप्लिनरी के रूप में विकसित किया जाना है तथा सकल नामांकन अनुपात को वर्ष 2035 तक 50 प्रतिशत तक लाना है। इसे ध्यान में रखते हुए हाल के वर्षों में कई प्रयास हुए हैं, फिर भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कम सकल नामांकन अनुपात, राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले उच्च शिक्षण संस्थानों की कमी, विशिष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षण संस्थानों की कमी, शहरी एवं ग्रामीण में असमानताएं, उपलब्ध शिक्षण संस्थानों में आधारभूत संरचनाओं की कमी आदि महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं।

(लेखक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

पकड़ा गया हिंदूवादी नेता कमलदेव गिरी की हत्या का मास्टरमाइंड

आजाद सिपाही संवाददाता

यूपी के बलिया से हुई गिरफ्तारी

हत्या के पीछे की बड़ी साजिश का खुलासा जल्द

चाईबासा। हिंदू नेता कमल देव गिरी की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी सतीश प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी यूपी के बलिया से हुई है। हालांकि अब तक स्थानीय प्रशासन ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में गिरीराज सेना के प्रमुख सह युवा हिंदू नेता कमल देव गिरी की हत्या हुई थी। मुख्य साजिश कर्ता सतीश प्रधान को एसआइटी ने उत्तर प्रदेश के बलिया से गिरफ्तार किया गया।

हत्याकांड में शामिल दूसरा मुख्य आरोपी अब भी फरार

सूत्रों के अनुसार मुख्य आरोपी अपने एक परिचित के साथ वहां रह रहा था। गिरफ्तारी के बाद पश्चिमी सिंहभूम पुलिस की एसआइटी ने उसे हिरासत में ले लिया, उससे पूछताछ जारी है जबकि दूसरा साजिशकर्ता जाहिद अभी भी फरार है। 12 नवंबर को चक्रधरपुर में भारत-भवन चौक के पास पेट्रोल बम से हिंदुत्व नेता कमलदेव गिरी की हत्या की गयी थी। हत्याकांड की जांच के लिए एसआइटी ने सोमवार को चक्रधरपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुख्य साजिश कर्ता सतीश चक्रधरपुर प्रखंड के कुरुलिया का रहने वाला है। सतीश का संबंध बांसडीह रोड इलाके की रहने वाली एक शिक्षिका से है, जो चाईबासा में तैनात है। जांच करने पर पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को पता चला कि घटना के बाद शिक्षक से सतीश की आखिरी बातचीत हुई थी।

पुलिस को कैसे मिला सुराग?

तीन दिन पहले पुलिस सर्विलांस के जरिए मोबाइल नंबर ट्रेस कर यहां पहुंची। शिक्षक और उसके परिजनों से पूछताछ करने पर सतीश के लोकेशन की जानकारी मिली। सतीश को पुलिस ने सोमवार रात परमंदापुर गांव स्थित एक घर से गिरफ्तार किया था। पश्चिमी सिंहभूम पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर आरोपी सतीश को साथ ले गयी। बता दें कि कमलदेव गिरी हत्याकांड को लेकर चाईबासा में कई दिनों तक तनाव था। पथराव की घटना हुई, पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा था।

कैसे हुई हत्या

पीछे से अपराधियों ने बम से इन पर हमला कर दिया। घायल अवस्था में समर्थकों ने उन्हें इलाज के लिए रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। कमल देव की हत्या के बाद समर्थकों ने रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग जाम कर दिया था।

गिरी ने बताया था जान का खतरा

गिरी की राजनीतिक पकड़ का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि वह भाजपा, आजसू, झामुमो सहित कई राजनीतिक पार्टियों में रहे। एक दर्जन संगठनों और पूजा समितियों जैसे कुली यूनियन, जन्माष्टमी पूजा समिति का मार्गदर्शन करते थे। गिरि ने अपनी जान का खतरा बताया था। पिछले नगर पर्षद चुनाव में गिरि दूसरे पोजिशन पर थे और इस बार भी अपने स्तर से वे चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे।

उपायुक्त ने 9वीं-10वीं की मासिक परीक्षा में छात्रों के खराब प्रदर्शन पर जतायी नाराजगी

बच्चों का प्रदर्शन शिक्षकों, बीइइओ के मूल्यांकन का बनेगा आधार : उपायुक्त

प्रखंड व केजीबीवी के मासिक परीक्षा में खराब प्रदर्शन को लेकर उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के प्रखंड व केजीबीवी के 9 व 10 वीं की विद्यार्थियों के मासिक परीक्षा में खराब प्रदर्शन पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी। बुधवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीएम धालभूम पियूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल, निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, एसओआर दीपू कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, डीईओ श्रीमती निर्मला बरेलिया, डीएसई सुश्री निशु कुमारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बुधवार को समीक्षा बैठक में कक्षा 01 से 12वीं के 24369 बच्चे ऐसे पाये गए जिनका बैंक खाता नहीं खुल पाया है। वही लगभग 14 हजार आवेदन बैंकों में जमा है। उपायुक्त ने एलडीएम एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अगले 10 दिनों में सभी बच्चों के बैंक खाता खुलवाने का निर्देश दिया। कुल नामांकित 184019 में से 158767 बच्चों का बैंक खाता खोला जा चुका है। सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने का निर्देश दिया गया। बच्चों को ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है। उपायुक्त ने बच्चों तथा शिक्षकों की मासिक औसत उपस्थिति को आधार बनाकर शिक्षकों एवं बीईईओ का वेतन देने का निर्देश दिया गया। वही बोर्ड परीक्षा में छात्रों के अच्छे प्रदर्शन के मद्देनजर कक्षा 9वी एवं 10 वीं के बच्चों के लिए आयोजित किए जा रहे मासिक परीक्षा में सितंबर-अक्टूबर महीने के रिपोर्ट में खराब प्रदर्शन पर उपायुक्त ने अप्रसन्नता जाहिर की।

उपायुक्त द्वारा मासिक परीक्षा में सभी प्रखंड एवं केजीबीवी के खराब प्रदर्शन पर सख्त निर्देश देते हुए 28, 29 एवं 30 नवंबर को अनुमंडल पदाधिकारी की निगरानी में परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होने स्पष्ट कहा यह परीक्षा वैकल्पिक नहीं है ऐसे में सभी बच्चे अनिवार्य रूप से परीक्षा में बैठें इसे सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा बच्चों का प्रदर्शन ही शिक्षकों एवं बीईईओ के मूल्यांकन का आधार बनेगा। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। एसडीएम धालभूम ने कहा रेमेडियल क्लास का मूल्यांकन करें आखिर कितना फायदा बच्चों को हो रहा। फेल हो रहे बच्चों को चिन्हित करें तथा क्या कमियां है, उसे कैसे दूर किया जा सकता है इसपर विद्यालयवार नियमित समीक्षा करने का उन्होंने निर्देश दिए। बैठक में जिला के पदाधिकारियों द्वारा किए गए मूल्यांकन में पाया गया मासिक परीक्षा में कई बच्चे एक जैसा उत्तर लिख रहे। शब्दों की त्रुटि को शिक्षक नहीं जांच रहे। कुछ बच्चे प्रश्न को ही उत्तर के रूप में दोहरा रहे। शिक्षकों द्वारा गलत उत्तर में भी नंबर दिया गया है।

उपायुक्त ने स्पष्ट निदेश देते हुए कहा परीक्षा कदाचार मुक्त होने चाहिए। उन्होंने शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों एवं अभिभावकों को एस.एम.सी बैठक में सम्मानित करने, किचन की साफ-सफाई, रसोइया का हेल्थ चेकअप, जिनका बच्चा पढता हो उन्ही में से कोई एक रसोइया रखा जाए, बच्चों के हाथ धोने के लिए साबुन की व्यवस्था, किचेन शेड में डोरमेट, एमडीएम को मेन्यू अनुसार बनाने आदि के निर्देश दिए। छात्रवृति की समीक्षा में 1726 बच्चों का बैंक खाता गलत पाया गया। उपायुक्त ने संबंधित बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर सही बैंक खाता जमा करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने कहा किसी भी विद्यालय में पेयजल व्यवस्था की कमी नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। बोरिंग टूट गया हो, टंकी में पानी नहीं चढ़ रहा हो, चापाकल खराब हो, इन सभी से संबंधित प्रतिवेदित करें। उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले योजना से शत प्रतिशत योग्य छात्राओं को आच्छादित करने का निर्देश दिया। सिर्फ 275 छात्रायें शेष हैं जिनका फॉर्म जमा नहीं हो पाया है।

ह्यडबैठक में सभी प्रखंडों के बीईईओ, बीपीओ तथा शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

जनाक्रोश प्रदर्शन में महिला मोर्चा के नेता-कार्यकर्ता होंगे शामिल : ज्योति अधिकारी

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष ज्योति अधिकारी के नेतृत्व में साकची स्थित भाजपा जिला कार्यलय में बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित बैठक में आगामी 25 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय पर प्रस्तावित जनाक्रोश प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वर्तमान सरकार पर महिला सुरक्षा को लेकर नाराजगी जतायी। उन्होंने राज्य में महिला सुरक्षा पर अनदेखी करने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया। बैठक में भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रकट किया। उन्होंने आगामी 25

नवंबर को उपायुक्त कार्यालय पर प्रस्तावित जनाक्रोश प्रदर्शन में शामिल होकर जोरदार प्रदर्शन करने की निर्णय लिया। इस दौरान 25 नवंबर को जनाक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। महिला मोर्चा के अध्यक्ष ज्योति अधिकारी ने महिला कार्यकर्ता को ज्यादा से ज्यादा की संख्या शामिल होने की अपील की। बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी लकी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजपति देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रभा देवी, भाजपा जिला मंत्री नीलू मछुआ, महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी, लक्ष्मी मिर्धा, रीना चौधरी, सुशीला शर्मा, रजनी मिश्रा, लीना चौधरी, माला मुंडा, सीमा जायसवाल, भारती कुमारी, भारती साहू, शुक्ला हलदर, ममता सिंह, जया लक्ष्मी, रानी ठाकुर समेत अन्य उपस्थित रहे।

डीआरडीए निदेशक ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभुम जिले के डी.आर.डी.ए निदेशक सौरभ कुमार सिन्हा ने घाटशिला प्रखंड कार्यालय में संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बुधवार को बैठक के दौरान कई आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किये।

निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी घाटशिला, सहायक अभियंता मनरेगा, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक मनरेगा, कनीय अभियंता के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय रुर्बन मिशन अन्तर्गत काशिदा पंचायत में संचालित हेरिटेज विलेज, टेलरिंग प्रोडक्सन युनिट, मार्केट कॉमप्लेक्स के सभी योजनाओं का निरिक्षण करते हुए आमाईनगर ग्राम स्थित हेल्थ एण्ड वेनटीलेशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर सभी पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।

कार्यक्रम : 13 करोड़ की लागत से बनेगा बिरसा मुंडा स्मारक सह हेलीपैड पार्क, मंत्री ने शिलान्यास कर कहा

देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा झारखंड

विकास विरोधी लोग पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकते : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के कल्याणपुर स्थित हेलीपैड के समीप बिरसा मुंडा स्मारक पार्क सह हेलीपैड पार्क, विकास भवन एवं रिसेप्शन भवन का निर्माण किया जाएगा। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। 13 करोड़, 15 लाख, 50 हजार रुपये की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शहरी जीवन में स्वस्थ जीवन शैली के लिए पार्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। पार्कों में ही शहरवासी शुद्ध हवा में सांस लेते हैं। जीवन की भागदौड़ से दूर सुकून के पल पार्क में ही बिताते हैं। इस तरह के पार्क की गढ़वा में कमी थी, जो आज पूरा किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने पिछले वर्ष स्थापना दिवस के मौके पर ही पार्क बनवाने की घोषणा की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को जब बताया गया कि गढ़वा में कहीं भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा नहीं है, तब उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने तत्काल बिरसा मुंडा स्मारक पार्क निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया।

मंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में झारखंड सरकार काफी बेहतर कार्य कर रही है। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि के पास इच्छाशक्ति हो तो विकास कार्य में कोई भी बाधा आड़े नहीं आ सकती है। मंत्री ने कहा कि आज विकास विरोधी लोग हर कदम पर विकास कार्यों का विरोध कर रहे हैं। परंतु विकास विरोधी लोग विधानसभा तो क्या पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकते हैं। इतना सुनिश्चित है कि अब ऐसे विकास विरोधी आजीवन विधानसभा का मुंह नहीं देख पायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता का अपमान कर रही है। इसे हमेशा भाजपा के लोग उखाड़ फेंकने की बात करते हैं। यह सरकार जनता की चुनी हुई जन सरोकार की सरकार है, कोई गाजर मूली नहीं है। जनता सब जान चुकी है। आगामी चुनाव में भाजपा विपक्ष में भी बैठने के लायक नहीं रहेगी। गढ़वा की जनता ने जिन्हें 10 वर्षों तक मौका दिया। उनका एक भी कार्य आज देखने लायक नहीं है।

मंत्री ने कहा कि निर्माण के साथ ही नीलांबर पीताम्बर पार्क एवं घंटाघर की बेहतर देखरेख एवं रखरखाव की जिम्मेवारी ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी जाती है। लोग उनके नाम पर राजनीति करते हैं, परंतु आज तक गढ़वा में उनकी एक भी प्रतिमा नहीं थी। मंत्री ने कहा कि पार्क के निर्माण का समय एक साल निर्धारित है, परंतु आगामी छह माह के अंदर इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

मौके पर डीडीसी राजेश राय, जुडको के प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुराग कुमार, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, प्रमुख विमला देवी, मुखिया अशोक चंद्रवंशी आदि ने विचार व्यक्त किया।

मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिंह, अनिता दत्त, परेश तिवारी, मुन्ना सिंह, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, दिव्य प्रकाश केशरी, मदनी खान, झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता, रेखा चौबे, दीपमाला आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सौ से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन, मंत्री ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले के रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से करीब एक सौ से अधिक महिला-पुरुषों ने अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। लोगों ने भाजपा, बसपा एवं राजद को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवास पर सभी को माला पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार पूरे राज्य में अंतिम पंक्ति के लोगों तक विकास कार्य पहुंचा रही है। राज्य में सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं चलायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर गढ़वा सहित पूरे राज्य में लोग विभिन्न पार्टियों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। झारखंड सरकार सभी वर्ग के लोगों को पूरा हक एवं अधिकार दे रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, अनिता दत्त सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समाजसेवी दौलत सोनी ने बजरंगबली मंदिर में कराया सुंदरीकरण का कार्य

युवा समाजसेवी की ओर से गढ़वा शहरी क्षेत्र में लगातार किये जा रहे हैं विकास कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। युवा समाजसेवी दौलत सोनी के द्वारा बजरंगबली मंदिर का किया गया सुंदरीकरण। उनके द्वारा गढ़वा शहरी क्षेत्र में लगातार विकास का कार्य किया जा रहा है चाहे गर्मी के दिनों में लोगों के घरों तक टैंकर के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंचना हो या छठ घाट के पास पीपा पुल की मरम्मती या छठ घाट की जेसीवी के माध्यम से सफाई, मेन रोड में उड़ते धूल से निजात दिलाने के लिए सड़कों पर टैंकर से पानी का छिड़काव या घर घर आम की लकड़ी तथा फल हर असहाय की मदद करना हो या हर जरूरतमंद की सेवा चाहे रक्तदान हो या इलाज आधी रात को भी ये हर किसी की मदद के लिए उपास्थित रहते हैं। विकास की इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बगल में अवस्थित जर्जर बजरंग बली के मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर परिसर में शिवलिंग की स्थापना करते हुए शिव चर्चा व भंडारा का आयोजन के साथ ही साथ मानस मंडली के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इनकी जितनी सराहना की जाए कम है। विकास की इस कड़ी में अगला नाम जुड़ने जा रहा है तेनार घाट पर पीपा पुल का निर्माण, जिससे कि तेनार के ग्रामीण बहुत ही कम दूरी तय कर गढ़वा आ सकते हैं।

आयुष मेला को लेकर बीडीओ ने की बैठक

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड में आयोजित होने वाले दो दिवसीय आयुष मेला के सफल संचालन को लेकर बीडीओ श्रवण राम ने बैठक की। बैठक में 26 व 27 नवम्बर को आयुष मेला ट्रॉमा सेंटर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयुष मेला में बीपी, सुगर, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, सामान्य चिकित्सा, त्वचा जांच, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य सहित अन्य पुरानी बीमारियों का इलाज किया जायेगा। बैठक में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ रजिया आजम सिद्दीकी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सीडीपीओ रीना साहू, मुखिया मनोज ठाकुर, सनिधा सोनी, फिरदोस अंसारी, कुमारी रेखा सहित अन्य उपस्थित थे।

एसडीओ ने शहर में संचालित अस्पतालों का किया निरीक्षण, जायसवाल क्लिनिक को किया सील

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने शहर में संचालित विभिन्न अस्पतालों के निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेट बैंक के समीप स्थित जायसवाल क्लिनिक को अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक के उपस्थिति में सील कर दिया। जायसवाल क्लिनिक में निरीक्षण के दौरान बिना चिकित्सक के उपस्थिति में मरीज का इलाज किया जा रहा था। जिसे देखकर एसडीओ भड़क गए। उन्होंने तत्काल अस्पताल को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर अस्पताल में नहीं थे। डॉक्टर की अनुपस्थिति में कंपाउंडर द्वारा भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चौरासी गांव निवासी मकबूल अंसारी की पत्नी मैरून बीबी को स्लाइन चढ़ाया जा रहा था। उन्होंने इस मामले में कंपाउंडर से पूछताछ की। कंपाउंडर ने बताया कि दूरभाष पर डॉक्टर से बात कर स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। इसके अलावे एसडीओ ने बंशीधर हॉस्पिटल, सिटी हॉस्पिटल, उत्तम डायग्नोसिस सेंटर, गुलाब हॉस्पिटल सहित अन्य अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने सभी अस्पतालों के व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कागजात की जांच की। एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी अस्पतालों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जयसवाल क्लिनिक को सील किया गया है। कागजात की जांच के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जायसवाल क्लिनिक में बिना चिकित्सक के अस्पताल के कंपाउंडर द्वारा मरीजों को स्लाइन चढ़ाया जा रहा था, जो गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के चिकित्सक आयुर्वेदिक चिकित्सक है। ऐसे में अस्पताल पूरी तरह अवैध है। उन्होंने कहा कि इलाजरत मरीज को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियान के दौरान अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी,सहायक दीपेश राज तमांग, अशफाक अहमद और अनुमंडल कार्यालय के कर्मी उपेंद्र कुमार मौजूद थे।

अजा, अजजा, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

उपायुक्त ने प्रत्येक प्रधानाध्यापक को एक सप्ताह में लगभग 40 प्रतिशत छात्रों का निबंधन कल्याण पोर्टल पर निबंधित कराना कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण शाखा अंतर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक तथा प्रखंड स्तर से सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे। सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के नया नियमावली के बारे में बताया गया जिसके तहत अब कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को 15 सौ रुपये, कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को 25 सौ रुपये एवं कक्षा 9 से 10 को 45 सौ रुपये छात्रवृत्ति की राशि भुगतान की जाएगी। कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए आय की कोई सीमा नहीं होगी। परंतु कक्षा 9 एवं 10 के लिए (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग अंतर्गत) आय की अधिकतम सीमा ढाई लाख रुपये होगी। बैंक से जुड़ी समस्या के बारे में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यदि किसी छात्र के पास अपना खुद का बैंक खाता नहीं है तो कल्याण पोर्टल पर ऐसी व्यवस्था की गई है कि छात्र अपने माता या पिता किसी एक का बैंक खाता देकर छात्रवृत्ति हेतु निबंधन करा सकते हैं। ई-कल्याण पोर्टल से संबंधित ऑनलाइन प्रक्रिया से भी सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड के कार्यक्रम प्रबंधक को अवगत कराया गया।

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को उपायुक्त श्री घोलप द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रधानाध्यापक के द्वारा एक सप्ताह में लगभग 40% छात्रों का निबंधन कल्याण पोर्टल पर निबंधित कराना सुनिश्चित करेंगे। उसके बाद अगले एक सप्ताह में 80% तथा एक महीने के अंदर शत-प्रतिशत योग्य छात्र-छात्राओं का निबंधन करना सुनिश्चित करेंगे।

रंका प्रखंड में पीएम आवासों में कराया गया गृहप्रवेश

रंका (आजाद सिपाही)। रंका बीडीओ देवानंद राम ने 15 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अंबेडकर आवास योजना के लाभार्थियों को अपने अपने पंचायतों में गृह प्रवेश कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव आवास लाभार्थियों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण कराने हेतु प्रेरित करें। साथ ही साथ वैसे लाभार्थी जो आवाज को सुंदर व ससमय पूरा करते हैं उन्हें पुरस्कृत भी करने का निर्देश दिया है। बीडीओ के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी एवं मुखिया व प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार के द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें उनके द्वारा कंचनपुर गांव के जीवनाथ रजक, धर्मेंद्र कुमार यादव, देवनारायण यादव, अयोध्या ठाकुर, श्रवण ठाकुर आदि का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर कंचनपुर पंचायत के स्वयंसेवक नंदू राम, उप मुखिया चंद्रशेखर तिवारी, वार्ड सदस्य अजय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार यादव तथा वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, राहुल कुमार रवि, विजय राम उर्फ ताशवाले मुख्य रूप से उपस्थित थे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION KODERMA

Two Envelope System
E-Procurement Notice
Tender Reference No- WRD/MID/KODERMA/F2-20/2022-23 Date-23-11-2022

Sl. No.	Name of Work	Renovation of Gadgi Aahar, Village- Gadgi, Block- Jainagar.
1	Estimated Cost (BOQ) (Rs)	82.920 Lakh
2	Cost of Tender fee	10,000.00 (Ten Thousand) Only.
3	EMD	1, 66,000.00 (One Lakh Sixty Six Thousand) Only.
4	Tender Reference No	WRD/MID/KODERMA/F2-20/2022-23
5	Completion Period for Construction	11 Months
6	Mode of submission of Tender	Online through
7	Publishing on website	Date-09-12-2022 - 2.00. P.M
8	Period of Downloading of Bidding Documents	Start Date:- 09-12-2022 Time: 2.00 PM End Date:- 15-12-2022 Time: 5.00 PM
9	Bids online submission	Start Date:- 09-12-2022 Time: 2.00 PM End Date:- 15-12-2022 Time: 5.00 PM
10	Submission of BID Security & Hard Copy	Date:- 16-12-2022 up to 3.00 PM
11	Technical Bid Opening Date	Date:- 17-12-2022 at 2.00 PM
12	Officer inviting Bids	Executive Engineer Minor Irrigation Division, Koderma.
13	Office received Hard Copy and Bid Security	1. E.E M.I Division Koderma. 2. S.E M.I Circle Hazaribagh. 3. E.E M.I Design Division, Ranchi.

NOTE: -The Tender fee, Earnest Money Deposit (EMD) and Affidavit (Attached Performa) and Bank Certificate for Credit Facility must be submitted up to 16-12-2022 by 3.00 PM. If Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility are not received before mention date and time tender shall not be accepted.

Place to receiving Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility

Executive Engineer Office, M.I. Division, Koderma / S.E. Office M.I. Circle Hazaribagh /Executive Engineer Office , M.I. Design Division, Ranchi.

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 283170 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

प्रदर्शन : झारखंड सरकार की नीतियों के खिलाफ हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोश प्रदर्शन

झामुमो सरकार ने झारखंड की जनता को लूटने का काम किया है : दिनेशानंद गोस्वामी

झामुमो के मंत्री विधायक मोदी सरकार के काम का खुद का काम बताकर ताली बजाने में लगे रहते हैं : सांसद वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। हेमंत सरकार की नीतियों के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में हजारों कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरुआत रामासाहू के मैदान से की गयी जो मझिआंव मोड़-रंका मोड़ होते हुए गढ़वा जिला समाहरणालय पहुंचा। जहां सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि झामुमो सरकार ने झारखंड की जनता को लूटने का काम किया है। सरकार में बैठे गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर गढ़वा सहित पूरे झारखंड में माफिया राज चला रहे हैं और मुख्यमंत्री भी मौनी बाबा बनकर सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार का पूरा कुनबा झारखंड को ऐसे लूटने में लगा है जैसे अब दुबारा इनको जनता से कोई मतलब नहीं है। झारखंड की जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर झामुमो ने ठगने का काम किया है।

पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि झामुमो सरकार में लूट की पूरी छूट है। मुख्यमंत्री झारखंड को लूटने में मस्त हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड में झामुमो सरकार ने विकास का कोई काम नहीं किया। झामुमो सरकार पूरी तरह से माफिया के चंगुल में फंस चुकी है। झामुमो के मंत्री विधायक मोदी सरकार के काम का खुद का काम बताकर ताली बजाने में लगे रहते हैं।

गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के नेता पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि झामुमो सरकार जनता को लूटने को अपना कर्तव्य मान रही है। बालू कोयला जैसे अनेकों खनिज संपदा का अवैध कारोबार खुलकर चल रहा है। झामुमो सरकार ने हिंदी मगही भोजपुरी भाषा को खत्म कर गढ़वा पलामू सहित अन्य जिलों के हिन्दी भाषी छात्रों युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। उन्होंने कहा झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकना होगा तभी गढ़वा जिला सहीत पुरे झारखंड को बचाया जा सकता है।

प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि झारखंड में झामुमो सरकार ने माफियाओं का बड़ा केंद्र बनाने का काम किया है हेमंत सरकार ने लोगों को बांटने का काम किया है।

प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि हेमंत सरकार खुद ईडी सीबीआइ आयकर विभाग का मेहमान बनी हुई है यह सरकार लुट के मामले में मधु कोड़ा सरकार को भी फेल कर दिया है। उन्होंने गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड के अधिकारीयों को चेतावनी देते हुए कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक के इशारे पर गलत काम करना छोड़ दें अन्यथा भाजपा सबका हिसाब करेगी। भाजपा कार्यकर्ता झारखंड को लूटने नहीं देंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो जब से सत्ता में आयी है महिला सुरक्षित नहीं है। लूट हत्या आम बात हो चुकी है। युवा रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं।

उन्होंने भाजपा के आंदोलन में आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जनहित में भाजपा का आंदोलन और धारदार होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, जवाहर पासवान, ओमप्रकाश तिवारी, मुकेश निरंजन सिन्हा, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, राजीव रंजन तिवारी, संजय भगत, मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, रामलला दुबे, राजेंद्र गुप्ता, अनिता गुप्ता, विकास तिवारी, मुकेश चौबे, उदय कुशवाहा, बृजेन्द्र पाठक, बसंत प्रसाद, पवन कुमार, बलजीत सोनी, योगेन्द्र मेहता, संतोष चंद्रवंशी, बलराम यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, सरोज सिंह, अविनाश पासवान, विकास तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार, सुरेंद्र विश्वकर्मा, संजय कमलापुरी, गौतम तिवारी, अरुण तिवारी, प्रवीण जायसवाल, नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, जयप्रकाश गुप्ता, रंजीत चौरसिया, पियुष वैद्य, उमेश कश्यप जितेन्द्र दीक्षित लक्ष्मन राम सहित अन्य हजारों लोग मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौषल विकास विभाग
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

भर्ती कैम्प, दिनांक - 25.11.2022

सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 25.11.2022 को कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक Assist Services PVT, LTD Bokaro City Jharkhand द्वारा Marketing Executive, Mechanics, Marketing Manager & office Staff– पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

WORK PLACE : HAZARIBAG

S. No	Name of the post	Number vacancies	Qualification		Age(yrs)	Salary	Experience
			Minimum	Maximum			
1	Marketing Executive	80	12th	Graduation	23.upto 40	14,000 pm	Market Knowledge
2	Mechanics	06	ITI	-	22-30	12,000 pm	Fitter Electrical Mechanical
3	Marketing Manager	02	Graduation	PG	30 or more	13,000 pm	1 year experience in office
4	Office Staff	02 (Female	12th	-	-	-	-

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं उसकी छाया प्रतियों तथा वायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अत एवं चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो/SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक हैं। अतः समाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय
हजारीबाग

PR 283227 Labour Employment and Traning (22-23)_D

भाजपा ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाल किया प्रदर्शन

राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, तुष्टिकरण की राजनीति हावी है : समीर उरांव

उग्रवादी लगातार अपने मंसूबे में कामयाब हो रही है नौकरशाह जनता को लूट रही है

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। ब्लॉक मोड़ स्थित क्लब भवन के समक्ष से लोहरदगा जिला उपायुक्त कार्यालय तक, भाजपा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के नीतियों के खिलाफ जन आक्रोश रैली के माध्यम से झारखंड के सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं पूरे राज्य में व्याप्त, भय, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, अनाचार, झूठ और लूट के विरोध में जिला स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत एवं पूर्व भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कांत व ओमप्रकाश सिंह उपस्थित रहे। मौके पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि झारखंड के अंदर किस प्रकार से भ्रष्टाचार चरम पर है वह सर्वविदित है। इस राज्य में लगातार आदिवासीयों की हत्या हो रही है। चायबासा, दुमका, लोहरदगा गुमला सहित छोटे बड़े शहर ग्रामीण में घटनाएं हो रही है। उग्रवादी लगातार अपने मंसूबे में कामयाब हो रही है नौकरशाह जनता को लूट रही है पर अब लूटेरों की सरकार नहीं चलेगी। अभयकांत प्रसाद ने कहा कि सरकार की बहाने अब ज्यादा दिन नहीं चल सकता इन्होंने केवल राज्य में गुमराह की निति बनाई है। ये स्वयं से उभर नहीं पा रहे। इनकी पाप की गठरी अब खुल गयी है। परिणाम भुगतने ही होंगें। मनीर उरांव ने कहा कि जनता को जल जंगल जमीन सुरक्षित करने की कही थी पर आज हमारी जमीन खनन को सबसे पहले स्वयं सरकार में बैठे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित मंत्रीमंडल के लोग लूटने लगे हैं। मौके पर श्रीचंद्र प्रजापति, प्रदेश महामंत्री एसटी मोर्चा बिंदेश्वर उरांव, पूर्व अध्यक्ष राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, सूरजमोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, पशुपतिनाथ पारस कलावती देवी, संजय चौधरी सहित अन्य लोगों ने प्रर्दशन को दौरान सरकार पर बरसे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकू, हर्षनाथ महतो, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू अनिल उरांव, बजरंग उरांव, लाल नवल नाथ शाहदेव, अजय पंकज, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, विवेक चौहान, बाल्मीकि कुमार, अमित लोहरा, लक्ष्मण उरांव, मोती साहू सहित हजारों संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

जनता की आवाज को दबाने में लगी है हेमंत सोरेन सरकार : सुदर्शन भगत

सुदर्शन भगत ने कहा कि वर्तमान सत्ता के नशे में डूबे हुए लोग जनता की आवाज को दबाने व अपने लोगों के माध्यम से खुले मंच से विपक्ष को धमकाने का कार्य कर रहे है। इनकी इसी तुष्टिकरण की नीति व विशेष वर्ग के प्रति झुकाव राज्य में हत्या, शोषण, यौनशोषण, युवा, युवतियों, जनजाति, अनुसूचित जाति लोगों हत्या घटनाओं की संख्या देश में भर में अन्य प्रदेशों से अधिक है। सबसे बड़ी बात है यह की इस राज्य के मुखिया ही अपनी अपनी उत्थान में लगी है जो प्रमाणित कि है जब आरोप सिद्ध हो रहे हैं तो वह विपक्ष पर अपने बचाव में दोषारोपण कर रही है।

खुरा पंचायत के आधार केंद्र बंद रहने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत सचिवालय में आधार केंद्र बंद रहने से पंचायत के आधार कार्ड बनाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी खुरा पंचायत के सभी गांव के लोगों को आधार केंद्र में आधार कार्ड सुधारने, नया आधार कार्ड बनाने के लिए पंचायत सचिवालय में कुछ दिनों पूर्व आधार केंद्र का शुभारंभ किया गया था लेकिन पंचायत सचिवालय में खोले गए आधार केंद्र का आधिकांश समय बंद रहने से दूरदराज से आधार कार्ड बनाने के लिए पंचायत सचिवालय पहुंचने वाले लोगों को निराशा हाथ लग रही है। बुधवार को पंचायत के उत्तम कुमार सिंह, करिश्मा कुमारी, सान्वी कुमारी, आराध्या कुमारी, संगीता देवी, आरती देवी समेत अन्य लोग खुरा पंचायत सचिवालय में आधार कार्ड सुधारने व नया आधार कार्ड बनाने पहुंचे हुए थे। लेकिन काफी देर तक बैठने के बाद भी ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। पंचायत सचिवालय में बनाये गये आधार केंद्र पूरे दिन नहीं खुला, जिससे सभी ग्रामीणों को बेरंग वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए पंचायत सचिवालय में बनाए गए आधार केंद्र को नियमित खोलने की मांग किया है। जिससे आधार आधार केंद्र का लाभ सभी ग्रामीणों को नियमित रूप से मिल सके।

लाभुक समिति का चुनाव किया गया

लातेहार। सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप बनोडीह ग्राम में 15वें वित्त से योजना पतरातू बनोडीह चर्च से तेरस तिग्गा के घर तक नाली निर्माण स्वीकृत किया गया था। जहां पर नाली निर्माण का काम कराने को लेकर कुछ लोगो से विवाद चल रहा था। जिसके बाद मुखिया को को इसकी जानकारी मिलने ही। मामले सुलझाने के लिए मुखिया प्रतिनिधि मंगल देव उरांव वार्ड सदस्य सुनिया देवी की अध्यक्षता में ग्रामसभा किया गया। जहां पर दोनें लोगों की बातों को सुनने के बाद मामले को शांत कराया गया। 15वें वित्त आयोग द्वारा स्वीकृत योजना का लाभुक समिति का चुनाव किया गया इस दौरान ग्रामीणों के सर्वसम्मति से (अध्यक्ष) संजू देवी (सचिव) जोहलाल उरांव और (निगरानी) समिति में तैरस तिग्गा दानियल तिग्गा, कर्मी देवी, अजय खोया, को बनाया गया, मौके पर मनोज खोया, सिहासन तिग्गा, संजय तिग्गा, ललित लकड़ा सुनीता देवी, फुलमनी तिग्गा, संगीता तिग्गा, रमन देवी, पुष्पा तिग्गा, राजू उरांव, कल्लू उरांव, अजय खोया, मंतोष खोया, अकबर खान, आदि उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त वनपाल को दी गयी विदाई

गारू। पलामू व्याघ्र आरक्ष के मारोमार वन विश्रामागार में वनपाल बद्रेंद्र चौबे का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त वनपाल बद्रेंद्र चौबे को रेंजर तरुण कुमार समेत अन्य वनरक्षियों ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित रेंजर तरुण कुमार सिंह ने नम आंखों से शॉल देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वनपाल बद्रेन्द्र चौबे का कार्यशैली काफी सराहनीय रहे है। उनके कार्य करने के तरीकों को हम सबों ने भी अपनाया है। इस मौके पर सेवानिवृत्त वनपाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल में आपका इतना प्यार मिला इसके लिए तहे दिल से धन्यवाद करता हूं हम सभी वन कर्मी एक परिवार की तरह है। इसलिए हम सबों को भाईचारे के साथ रहने की आवश्यकता है। उच्च अधिकारियों को हमेशा सम्मान देना एवं ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित हमारा पहला कर्तव्य है। मौके पर वनरक्षी परमजीत तिवारी, जितेंद्र कच्छप, वरदान भगत, अमित अन्य वनकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

अनुश्रवण इकाइ की बैठक आयोजित

लोहरदगा। उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री वन धन योजना अंतर्गत मॉडल वन धन विकास केंद्र का जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण ईकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला में स्थापित मॉडल वन धन विकास केंद्र के लेकर आवश्यक चर्चा सदस्यों के बीच आवश्यक चर्चा की गयी और पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण ईकाई के द्वारा ट्राइफेड एवं झामकोफेड के द्वारा प्रशिक्षण एवं टूल किट के क्रय हेतु अनुमोदन दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा के राघव राणा व अन्य उपस्थित थे।

30 नवंबर को होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन : सुनील

लोहरदगा। पिछले दिनों जिले के कुडू प्रखंड निवासी बढ़ई मिस्त्री विकास साहू को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया था। इस घटना में उसकी पत्नी और चचेरे भाई बुरी तरह से घायल हो गये थे। इस घटना कि जानकारी मिलने के बाद राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कुडू लक्ष्मी नगर निवासी मृतक विकास साहू के परिवार से मुलाकात किया। उक्त मौके पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुंज बिहारी साहू एवं हजारी प्रसाद मोदी, रांची ग्रामीण के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अजीत साहू, राजेश साहू तथा लोहरदगा के युवा जिलाध्यक्ष आदित्य साहू प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहें। मृतक विकास साहू की मां, बहन, भाई, चाचा चाची समेत ग्रामीण वासियों ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष उक्त हत्याकांड को लेकर काफी दुख और रोष प्रकट किया।

झारखंड की जनता के लिए वेल्लोर में शरणार्थी भवन बनाने के लेकर मुख्यमंत्री से मिले

चंदवा। चंदवा के इश्तियाक खान उर्फ पप्पन केंद्रीय सदस्य सह जिला 20 सूत्री सदस्य लातेहार के द्वारा तमिलनाडु से आए हुए लोग बीबीके बालाचंद्रन बी गुनासुंदरी सेल्वाकुमार अन्ना मली मोहम्मद अर्श खान एवं गुड्डू खान ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री से मिलकर उनका विशेष अभिनंदन किया गया। बीबीके बालाचंद्रन द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष एक प्रस्ताव रखा गया कि झारखंड के लोग गंभीर बीमारी का इलाज के लिए वेल्लोर जाते हैं। इसके लिए बालाचंद्रन ने कहा कि मैं सीएमसी हॉस्पिटल से 10 किलोमीटर की दूरी में शरणार्थी भवन निर्माण के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया गया। सभी बातों का समर्थन करते हुए पप्पन खान ने भी गरीब जनताओ कि समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया माननीय मुख्यमंत्री ने सभी बातों को लगभग आधा घंटा ध्यान पूर्वक सुनने के बाद आश्वस्त किया कि मेरा प्रयास रहेगा कि मैं वहां पर शरणार्थी भवन निर्माण करा सकूंगा। इस के लिए मैं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हूं।

नप अध्यक्ष ने मकानों का होल्डिंग टैक्स ₹3 प्रति वर्ग फीट वसूलने का निर्देश जारी किया

लातेहार। नगर पंचायत क्षेत्र में मकानों का वार्षिक किराया होल्डिंग टैक्स तीन रुपए प्रति वर्ग फीट की दर से वसूलने का निर्देश नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया है नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की ने यह आदेश जारी किया है अध्यक्ष ने ज्ञापांक 501, 21 नवंबर 2022 के माध्यम से यह निर्देश दिया है। बता दें कि पूर्व में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तिर्की के निर्देश पर कार्यपालक पदाधिकारी ने उपायुक्त के न्यायालय में वाद संख्या 01/ 2019 दायर किया था तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी ने उपायुक्त को 18 जुलाई 2019 को भेजे गये पत्रांक संख्या 461 में बताया था कि बासुकीनाथ सरायकेला व राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र में मकानों का वार्षिक किराया चार रुपये से 4 ,58 रूपया तक है यह सभी नगर पंचायत क्षेत्र लातेहार से काफी अधिक विकसित है लिखा था कि लातेहार आदिवासी बहुल मेसो व अल्पविकसित क्षेत्र है। लातेहार में 8,38₹ प्रति वर्ग फीट की दर से वार्षिक मकान किराया वसूला जा रहा है यह काफी अधिक है इसके बाद उपायुक्त कार्यालय से ₹6 वार्षिक किराया वसूलने का आदेश पारित किया गया लेकिन इसे भी तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी ने अपेक्षाकृत अधिक बताकर लातेहार की भौगोलिक आर्थिक सामाजिक व व्यावसायिक परिस्थितियों को देखते हुए मकानों का वार्षिक किराया ₹3 प्रति वर्ग फीट वसुलने की अनुशंसा की थी। इसके बाद तत्कालीन उपायुक्त ने 27 फरवरी 2020 को अपने आदेश में ₹3 प्रति वर्ग फीट मकानों का वार्षिक किराया वसूलने का आदेश पारित किया था।

पूर्व प्रमुख के खिलाफ जनता ने खोला मोर्चा

डीसी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की रखी मांग

किस्को के पूर्व प्रमुख द्वारा सरकारी हैंडपंप को अतिक्रमण कर नीजी उपयोग से ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड के भूतपूर्व प्रखंड प्रमुख सरिता देवी एवं उनके पति सुरेश लोहरा के द्वारा सरकारी हैंडपंप को अतिक्रमण एवं सरकारी योजना का दुरुपयोग किये जाने को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के समक्ष लिखित आवेदन देकर पूर्व प्रमुख के कार्यकाल में किये गये सभी योजनाओं का जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया व अन्य गांवों के ग्रामीणों के द्वारा रखी गयी है। इधर ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पूर्व प्रमुख सरिता देवी एवं उनके पति सुरेश लोहार ने अपने कार्यकाल में एक सरकारी हैंडपंप अपने घर के समीप लगवाया है उससे यात्री पानी पीते थे। परंतु अब वे अपना घर बना करके सरकारी हैंडपंप को अपने घर के अंदर कर नीजी उपयोग कर रहे हैं और अपने ही कार्यकाल में सोलर वाटर टैंक बाजार टांड़ तिसिया में लगवाई थी लेकिन बोरिंग कराकर लगाने के जगह पुराने बोर में ही टैंक लगा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि डीसी को दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि अपने कार्यकाल में पूर्व प्रमुख सरिता देवी के द्वारा सरकारी योजना एवं सरकारी रुपए का दुरुपयोग किया गया है और पद से हटने के बाद भी पूर्व प्रमुख सरकारी हैंडपंप को अतिक्रमण कर निजी लाभ लेने में लगे हुए हैं। बता दें कि मुखिया फुलमनी देवी पंचायत समिति सदस्य बीरेन्द्र उरांव उप मुखिया रंजीत लोहरा के अलावा दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में उल्लेख करते हुए कहा है कि भूतपूर्व प्रखंड प्रमुख सरिता देवी के कार्यकाल में की गयी सभी योजनाओं की जांच कराई जाए और हैंडपंप को अतिक्रमण मुक्त कराया जाये जिससे कि क्षेत्र के लोगों को पीने का पानी मिल सके। इधर डीसी को दिये गये आवेदन में मुखिया फुलमनी देवी पंचायत समिति सदस्य बीरेन्द्र उरांव उप मुखिया रंजीत लोहरा ग्रामीण विजय सिंह, राम अवतार शाही, अमीर हसन, वासुदेव मुंडा, आनंद बैठा, कुंवर सिंह, बारीक अंसारी, उधवा उरांव, गंदूर लोहरा एवं कबीर अंसारी सहित अन्य लोगों ने इसकी शिकायत लिखित रूप से डीसी को देकर न्याय की गुहार लगायी है।

विनोद पांडे को झामुमो जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

लोहरदगा। राज्य सरकार की ओर से बीते दिनों झामुमो के कदावर नेता विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाये जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं में हर्ष दिखाई दे रहा है। इधर विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति सदस्य बनाये जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने रांची स्थित पार्टी कार्यालय में नव चयनित राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडे को बुके देकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि विनोद पांडे को राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाए जाने से राज्य में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विनोद पांडे के कुशल नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने में बल मिलेगी।

68वां राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में, लोहरदगा से प्रतिनिधिमंडल रवाना

लोहरदगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन गुलाबी नगरी जयपुर में होने जा रहा है। वहा पर 25 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर लोहरदगा से भी अभाविप का प्रतिनिधिमंडल रवाना हो गए हैं। लोहरदगा रेलवे स्टेशन से जयपुर के लिए दो सदस्यीय कार्यकर्ता रवाना हो गए। जिनमे विभाग संयोजक अंकित कुमार व कॉलेज सह मंत्री संध्या कुमारी शामिल हैं। बताया गया कि जयपुर के सीतापुरा स्थित जेइसीआरसी परिसर में आयोजित होने जा रहे इस राष्ट्रीय अधिवेशन में 25 नवंबर को योग गुरु बाबा रामदेव राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरूआत करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल को महाराणा प्रताप नगर नाम दिया गया है। जहां 6 पडाल में करीब 5 हजार से ज्यादा लोग हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन जीरो प्लास्टिक यूज थीम पर आयोजित हो रहा है. जिसमें प्लास्टिक का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है।

माओवादी और जेजेएमपी नक्सली संगठन ने तांडव मचाया

दोनों घटनाओं का जल्द उद्भेदन होगा : एसपी

मुकेश कुमार सिंह

चंदवा। चंदवा प्रखंड में लगातार एक सप्ताह में माओवादी और जेजे एमपी नक्सली संगठन द्वारा तांडव मचाया गया जेजे एमपी नक्सली संगठन ने एक महुआ से अमझरिया तक नई सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें लेवी को लेकर बीते सोमवार को मोटरसाइकिल पर सवार नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्यस्थल पर पहुंचकर मुंशी और मजदूरों को धमकाया और लेवी की बात कही वही कई लोगों से मोबाइल फोन लूट कर ले गए। दूसरे दिन ही मंगलवार को शाम 4:00 बजे बरकाकाना बारवाडीह रेलखंड पर टोरी जंक्शन से महज पांच से आठ किलोमीटर दूर तीसरा फेस का रेलवे ट्रैक बनाया जा रहा है उसी में डगडगी के पुल का निर्माण चल रहा है हथियार से लैस माओवादी उग्रवादियों के द्वारा कई करोड़ रुपए के मशीन को आग के हवाले कर दिया और उपस्थित वर्करों को भी मार पीठ करने का काम किया उसके बाद प्रचार ने धमकी देते हुए कहा कि पहले भी टीटी पीआईएल कंपनी के चेतावनी दिया था की लेवी दो कंपनी के लोगों ने लेवी मांग करने बात को अनदेखी कर दिया उसके बाद यह अंजाम दिया गया है आगे भी पर्चा में कहां की अगर लेवी नहीं दोगे तो इससे भी बड़ी घटना को अंजाम दिया जायेगा जिसकी सारी जवाबदेही टीटीआईएल कंपनी की होगी। इधर घटना के बाद चंदवा पुलिस और लातेहार पुलिस यह दावा कर रही है कि दोनों घटना को जल्द उद्भेदन किया जायेगा और एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। घटना के बाद दोनों जगह के वर्कर डरे हुए हैं इधर गाड़ी मालिक भी अपनी गाड़ी को देखकर मन ही मन रो रहे हैं और यह कह रहे हैं की टीटीआईएल कंपनी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिससे यह बड़ी घटना हुई है।

एसडीओ ने डीलरों के साथ की बैठक की

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा पीडीएस डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। सभी डीलरों को उपभोक्ताओं को ससमय राशन देने का निर्देश दिया गया है। खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने सभी डीलरों को चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा किसी तरह की शिकायत मिलने पर संबंधित डीलर पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। हर महीने कम से कम 90 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण हर हाल में कराना सुनिश्चित करें एवं खाद्य वितरण से पहले उपभोक्ताओं को सूचना दे, फिर खाद्यान्न वितरण करें। इस दौरान बैठक में पीडीएस डीलर अशोक राम, कुलदीप सिंह मुंडा, अजय चंद्रवंशी, ज्वाला प्रसाद, मुनेश्वर साव सहित अन्य कई डीलर उपस्थित रहे।

जाति-आवासीय प्रमाण पत्र बनाने को लेकर लगा शिविर

कैरो। प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय में बुधवार को जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 17 छात्र-छात्राओं ने आवेदन दिया। शिविर में 8वीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं का जाती आवासीय प्रमाण पत्र बनाया जाना है। मौके पर अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, अंचलनिरिक्षक अनंत शयनम विश्वकर्मा, अनूप उरांव, प्रभारी प्रधानध्यापक देवनन्दन नायक, सयुम अंसारी, कृष्णा उरांव, रौशन गुलाब, महाबीर उरांव आदि उपस्थित थे।

हाथियों ने महिला के घर को तोड़, ग्रामीणों में आक्रोश

बालूमाथ। बीती रात्रि करीब एक बजे बसिया पंचायत के बड़का आहार टोला में एक बार फिर हाथी का आतंक प्रारंभ हो गया। बड़का आहार निवासी सोहरी माशोमत के घर को पूरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे अनाज महुआ चावल आलू प्याज गेहूं इत्यादि को चट कर गया। तथा घर में रखे पूरे सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है इतना ही नहीं घर के बाहर बंधे मवेशी गाय को कुचल कर मार डाला। घटना से से पूरा परिवार दशसत में है लाखो रुपए के संपत्ति जान मॉल का नुकसान हो जाने से पूरा परिवार शोक में है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने पीड़ित के घर पहुंच कर परिवार को सांत्वना दिया। उन्हो ने वन विभाग से उचित मुवावजे की मांग करते हुए कहा की इस तरह आखिर कब तक गरीब लोगो को हाथी के आतंक के साए में जीवन गुजारना पड़ेगा।

सीओ ने सीसीएल अधिकारियों व विस्थापितों के साथ बैठक की

संतोष सिन्हा

बालूमाथ। बालूमाथ के हद में सीसीएल की राजहरा एरिया अंतर्गत तेतरियाखांड़ परियोजना के तेतरिया वो दोकनाही बस्ती के विस्थापितों और सीसीएल प्रबंधन के बीच चल रहे विवाद के सवाल पर 22 नवंबर को बालूमाथ अंचल कार्यालय में दोपक्षीय वार्ता किया गया। उक्त बैठक बालूमाथ सीओ अफताब आलम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विस्थापितो ने सीओ अफताब आलम को सीसीएल प्रबंधन द्वारा रैयतों के साथ किए जा रहे नाइंसाफी से अवगत कराया। साथ हीं कहा कि प्रशासन अपने स्तर से सीसीएल प्रबंधन को निर्देश दें कि तेतरियाखांड़,दोकनाही के रैयतों की जमीन के बदले नौकरी दिया जाय।बैठक में कहा गया कि जिनका दो एकड़ जमीन नहीं हो पाता है, ऐसे विस्थापितों को वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था किया जाय। जमीन का मुआवजा आरएफसीटी एलएंडआर 2013 के तहत वर्तमान बाजार दर से चार गुणा के दर से मुआवजा का भुगतान किया जाय। यदि किसी रैयत की जमीन का सत्यापन नहीं हो पाया है, तो ऐसे रैयतों की जमीन का सत्यापन त्वरित गति से किया जाय। सीओ अफताब आलम ने कहा की विस्थापितों के साथ नाइंसाफी नहीं होने दिया जायेगा। सीओ ने सीसीएल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विस्थापितों की उत्पन्न समस्याओं को त्वरित गति से सुलझाएं, क्योंकि विस्थापितों ने अपने पुरखों की जमीन देकर कोलियरियों को खड़ा किया है।

मौजूद सीसीएल अधिकारियों ने सीओ को कई जानकारी दिया : बैठक में समिति के नेताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन तबतक विस्थापितों की जमीन पर बुलडोजर नहीं चलाएं, जबतक कि रैयतों के हक बहाल नहीं हो जाते। विस्थापित नेता सुरेश उरांव ने कहा कि प्रबंधन को विस्थापितों को बेहतर सुविधा देना होगा। आरएफसीटी एलआर एक्ट 2013 के अनुसार वर्तमान बाजार दर से चार गुणा ज्यादा के दर से मुआवजा भुगतान करना होगा। साथ ही प्रभावित लोगों के लिए वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था करनी होगी। सुरेश उरांव ने यह भी कहा कि जमीन सत्यापन कार्य सीसीएल प्रबंधन को प्रशासन से मिलकर कराना होगा। बैठक मे राजहरा महाप्रबंधक वसाब चौधरी, पीओ दिलीप कुमार, राकेश वेहरा, सीसीएल सर्वे विभाग के कर्मी के अलावे विस्थापितो के अग्रज सुरश उरांव, बसिया पंचायत मुखिया सहित कई लोग मौजूद थे।

चौक-चौराहे पर अलाव की व्यवस्था होने से लोगों को सर्दी के मौसम में ठंड से मिलेगी राहत: मिथिलेश

मनिका(लातेहार)। मनिका प्रखंड क्षेत्र में ठंड के मौसम से बचाव हेतु युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा के अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने दिन बुधवार को प्रखंड प्रशासन व उपायुक्त लातेहार से चौक चौराहे पर अलाव (लकड़ी की आग) का व्यवस्था करवाने का मांग किया है ताकि क्षेत्र के लोगों को ठंड के मौसम से राहत मिल सके। लोग बाहर से आए हुए ग्रामीण जनता को ठंड से बचने का एक ही उपाय है। अलाव। मौके पर मिथिलेश कुमार पासवान ने कहा कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में ठंड बढ़ते मौसम करवट बदल रही है। उन्होंने कहा कि अगर प्रखंड क्षेत्र में जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था दे दी जाती है तो लोगों को इस मौसम में राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं प्रखंड प्रशासन और उपायुक्त लातेहार से निवेदन करता हूं कि क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किया जाए। ताकि लोग इस मौसम में खुद को सुरक्षित रख सकें।

वर्कशॉप में लगी आग, लाखों की क्षति

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग मुख्य मार्ग स्थित गोविन्द नगर के समीप छोटू वर्क शांप नामक दुकान मे बीती रात्र अचानक सार्ट सर्किट से आग लग गया। दुकानदार मोहम्मद इबरार पिता मोहम्मद इरफान होलंग (बालूमाथ) ने बताया की मै रोज कि तरह शाम को आपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। रात्रि तकरीबन 9 बजे के आस पास के लोगों ने बतलाया की दुकान से धुआ निकल रहा है खबर पाकर जबतक हम दुकान पहुंचे तो दुकान मे रिपेयरिंग करने आए तीन मोटरसाइकिल एवं दुकान मे रखें टायर ट्यूब मोबिल पार्टस जलकर खाख हो चुका था। इस आगजनी से लाखों का नुकसान हो गया है। जिससे कारणवश हम बेरोजगार है गए है। परिवार का भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है। उधर भुक्तभोगी मोहम्मद इबरार सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाया है।

जलमीनार का उदघाटन के बाद भी मुहल्ले के लोग पानी के सुविधाओं से हैं महरूम : सैयदा खातुन

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातून ने कुरैशी मुहल्ला एवं आजाद बस्ती एवं बाजार टांड़ का दौरा किया। सैयदा खातून ने बाताया कि पिछले महीने 22 तारीख को जलमीनार बना के प्रसाशन ने मुहल्लों वालों को हैंडओवर किया। उसके बाद भी अभी तक जलमीनार शुरू नहीं हुआ। सैयदा ने बताया कि अभी भी लगभग 90 परिवार जलमीनार का फायदा उठा सकते हैं एवं हाट बाजार भी यहीं पर लगता है, कई लोगों को इसका फायदा मिल सकता है, लेकिन प्रशासनिक खानापूर्ति करके योजनाओं का धरातल में दिखा तो दिया जाता है लेकिन कोई उपयोगिता नहीं है। सैयदा ने कहा कि आमजनों की परेशानी को देखते हुए प्रशासन जलमीनार को शुरू करे। जिससे कि आमलोगों को इसका फायदा मिल सके। मिशन बदलाव की सैयदा ने कहा कि अभी पूरे वार्डों में पानी की किल्लत से पूरी जनता परेशान है एवं इस मामले पर प्रशासन को त्वरित कदम उठाने की जरूरत है। सैयदा खातून मुहल्लों में घूम घूम कर लोगों की समस्याओं से भी अवगत हुईं। जिसमें मेहरून निशा, आफरीन परवीन, खैरून निशा, तबरेज कुरैशी, फैजुल अंसारी, नाजिया परवीन, रेहान कुरैशी, खुर्शीद आलम, पप्पू अंसारी इत्यादि लोग मौजूद थे।

स्कूल के बगल की जलमीनार हुई खराब, पानी की बोतल लेकर जाते हैं बच्चे स्कूल : नारायण भगत

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव के नारायण भगत ने बताया कि घाघरा प्रखंड के सेहल पंचायत तुरियादिह गांव की समस्या वहां पानी की काफी दिक्कत है। वहां पर एकमात्र जलमीनार खराब है और स्कूल के सभी बच्चे जब स्कूल आते हैं तो वही जलमीनार का पानी पीते थे, लेकिन एक वर्ष से जलमीनार खराब पड़ी हुई है और सभी बच्चे पीने का पानी को लेकर परेशान हैं और स्कूल जाने के क्रम में बोतल में पानी लेकर स्कूल जाते हैं, जबकि पंचायत सेवक एवं मुखिया को भी इन सभी मामलों को लेकर अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। लगातार मुखिया इन सभी मामलों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। विधायक मद से करायी गयी डीप बोरिंग भी असफल हो गयी है, अभी वह चालू नहीं है। अभी एक साल लगभग हो गया है लेकिन अभी तक जलमीनार नहीं बनी। नरायण भगत ने कहा कि गांव में बच्चों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रसाशन जलमीनार को तुरंत ठीक कराये। जिससे कि आम लोगों एवं बच्चों को पानी की समस्याओं से निजात मिल सके।

घाघरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस द्वारा चल रही नफरत तोड़ो भारत जोड़ो को लेकर बुधवार को पदयात्रा घाघरा मुख्यालय में निकाली गयी। पदयात्रा का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत घाघरा प्रखंड के नवडीहा टाना स्कूल में स्थित गांधीजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गयी। जहां से पदयात्रा करते हुए कांग्रेसी घाघरा ब्लॉक चौक बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चांदनी चौक पहुंच शहीद देवनारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, जहां पदयात्रा सभा में तब्दील हो गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता शिव कुमार भगत टुनटुन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आयी है तब से लेकर आठ सालों में देश में अराजकता फैली, नफरत को लेकर आर्थिक मंदी, संविधान को बचाने को लेकर और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी आगे आयी है। हमारे नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा कर नफरत छोड़ो भारत जोड़ो को लेकर अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में आज पदयात्रा निकाली गयी है। वहीं महिला प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत ने देश में फैली अराजकता और नफरत फैलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लोगों को आवाज बुलंद करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम के प्रभारी संयोजक चैतू उरांव, युवा जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी, बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत, अरुण कुमार पांडे ने भी संबोधन में केंद्र के भाजपा सरकार पर जमकर बरसे और लोगों को एकजुट होने की अपील की। इस मौके पर उपस्थित लोगों में पूर्व प्रदेश प्रवक्ता शिव कुमार भगत, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत, पदयात्रा के संयोजक चैतू उरांव, बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, दिलबहार अंसारी, पल्लव कुजूर, शहजाद खान, अशोक उरांव, अगस्टिन महेश कुजूर, विनीता उरांव, सरोजिनी किरण भगत सहित कई कांग्रेसी शामिल थे।

बैठक : गुमला में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 28 नवंबर को

पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता यात्रा को सफल बनाने में जुटें : रमेश चीनी

नगर व सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक में भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो कार्यक्रम को लेकर एक बैठक बुधवार को स्थानीय परिसदन में हुई। बैठक की अगुवाई संयुक्त रूप से गुमला नगर अध्यक्ष मोहम्मद खालिद एवं गुमला प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद सरवर ने की।

जिला 20 सूत्री सदस्य रमेश कुमार चीनी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रमेश कुमार चीनी ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, मंच मोर्चा एवं कार्यकर्ता इस यात्रा को सफल बनाने के लिए जी जान से लग जायें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को भारत जोड़ो यात्रा से जोड़ने का प्रयास करें तथा लोगों को इस यात्रा के उद्देश्य से अवगत करायें।

नगर अध्यक्ष मोहम्मद खालिद ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा लोगों को आपस में प्यार एवं भाईचारा से जुड़ने का बहुत बड़ा माध्यम है। इस यात्रा से पार्टी के विचारों को ज्यादा से ज्यादा पहुंचाने का प्रयास करें।

प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद सरवर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा 28 नवंबर 2022 को 10:00 बजे से रखी गई है। इस कार्यक्रम के तहत यात्रा डीएवी स्कूल लोहरदगा रोड गुमला से पुलिस लाइन चंदौली सोसो मोड़ होते हुए लोहरदगा रोड पहुंचेगी। जिसके बाद थाना चौक से थाना रोड होते हुए टावर चौक, मैन रोड, पटेल चौक से कचहरी मोड़ पहुंचेगी। जहां स्टेडियम के द्वार के समीप स्थापित अल्बर्ट एक्का एवं अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। जिसके बाद गांधी पार्क में गांधी जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम को समाप्त किया जाएगा।

बैठक में विशेष रूप से महासचिव गुमला जिला कांग्रेस रामेश्वरी उरांव, बिशुनपुर प्रखंड प्रभारी राजनील तिग्गा, जिला सचिव फिरोज आलम, मोहम्मद आरिफ, तारनिका कच्छप, क्रिस्टीना तिर्की, मोहम्मद मूवीज, जेराल्ड बड़ा, आपसा खातून, मोहम्मद जावेद आलम, मोहम्मद साजिद, अरुण कुमार गुप्ता, जेबा खातून, मोहम्मद शालू, मोहम्मद नेमत आदि मौजूद थे।

भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जनविरोधी सरकार की देन है : विजय सिंह

झारखंड नवनिर्माण दल ने किया कैडर कन्वेंशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल का कैडर कन्वेंशन गुमला स्थित परिसदन की मीटिंग हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दल की वरिष्ठ महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने की। कन्वेंशन में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जनविरोधी सरकार का देन है। केंद्र व राज्य सरकार के पास ऐसी समस्या से आम जनता को निजात दिलाने के लिए कोई नीति नहीं है, जिसके खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की बात श्री सिंह ने बतायी। उन्होंने जिले में जागो अभियान को तेजी से बढ़ाते हुए दल के केंद्रीय समिति द्वारा मजदूर किसानों की समस्याओं को लेकर रांची राजभवन के समक्ष 13 दिसंबर 2022 को आयोजित धरना कार्यक्रम एवं 28 फरवरी 2023 को रांची में विशाल महापंचायत की तैयारी में अभी से जुटने की भी अपील कार्यकर्ताओं से की है।

महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि राज्य में महिला उत्पीड़न की घटना बढ़ी है जिसके खिलाफ 4 दिसंबर 2022 से जागो अभियान के तहत गुमला में आंदोलन शुरू करने की बात कही। कन्वेंशन को प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, अजीत विश्वकर्मा, सरिता देवी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

कन्वेंशन में भ्रष्टाचार के खिलाफ व जिले की जन समस्याओं को लेकर 28 नवंबर 2022 को जिला मुख्यालय में चेतावनी कार्यक्रम करने, गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान को आगे बढ़ाते हुए रेल लाइन व गुमला - लोहरदगा के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना निर्माण की मांग को लेकर भगत सिंह के शहादत दिवस 23 मार्च 2023 को रांची में गुमला जिला समिति द्वारा विशाल धरना कार्यक्रम करने , राजभवन के समक्ष 13 दिसंबर का धरना प्रदर्शन में गुमला जिला से एक हजार मजदूर- किसानों को रांची ले जाने तथा 28 फरवरी 2023 को रांची में होनेवाली राज्यव्यापी विशाल महापंचायत कार्यक्रम में जिले से दस हजार कार्यकताओं को ले जाने के लिए अभी से ही युद्ध स्तर पर अनुमंडल वार बैठक कर तैयारी शुरू करने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। अनुमंडल स्तर पर 27 नवंबर 2022 को गुमला अनुमंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक घाघरा में आयोजित कर उपरोक्त कार्यक्रमों का तैयारी शुरू करने का फैसला भी लिया गया है।

कैडर कन्वेंशन में आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, अजीत विश्वकर्मा, शिव प्रसाद साहू, शंकर उरांव, शुभन उरांव, फबयानुस सारस, भूषण सिंह, ललन साहू, गोपेश्वर गोप, रमेश यादव, फिलमोन कुजूर, पूरन सिंह, प्रशन साहू, बेनेदिक तिर्की, पुष्पा उरांव, सरिता देवी, कुसमा मिंज, मालती देवी सहित दल से जुड़े विभिन्न मंच मोर्चा के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में धूमधाम से मनाया गया जनजाति गौरव दिवस

डुमरी (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय डुमरी में धूमधाम के साथ जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सशिविमं महुआडांड़ के प्रधानाचार्य सह संकुल प्रभारी चंद्र कुमार बेसरा एवं विशिष्ट अतिथि सशिमं चैनपुर के प्रधानाचार्य बाबूलाल कुमार शामिल हुए। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं अतिथियों को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किए गए। वहीं विगत सप्ताह लोहरदगा में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय वनवासी खो खो प्रतियोगिता में चयनित कुल आठ भैया

प्रांत स्तरीय वनवासी खो खो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रतिभा कुमारी, रिमझिम कुमारी, मनीषा कुमारी, शालिनी कुमारी, रोमिसर लोहरा, रायल कवर, राम भगत एवं लक्ष्मण भगत के नाम शामिल हैं। वहीं मुख्य अतिथि ने जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए खो खो प्रतियोगिता में प्रांत स्तरीय खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान से जीत हासिल करने हेतु बधाई दी है। वहीं विद्यार्थियों से कहा कि अगला खेल उत्तर प्रदेश में होगा। इसके लिए खिलाड़ियों से मेहनत कर अच्छी तरह तैयारी करने की अपील की। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव सहित अन्यों ने अपने विचार प्रकट किये। मौके पर अध्यक्ष राजेश केशरी, सचिव उदय साहू, संरक्षक सब्जीलाल साहू, अन्नपूर्णा देवी, प्रधानाचार्य दुलार इंदवार, एजरस टोप्पो, आयुष कुमार, सोनम कुमारी, रानी कुमारी, प्रेमा कुजूर, रोसालिया टोप्पो, रीना एक्का सहित विद्यालय के सैंकड़ों भईया व बहन उपस्थित थे।

कामडारा बीडीओ व बीपीओ की मिलीभगत से प्रखंड में मची है लूट

सामाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार नाग के गुमला के डीडीसी व डीसी को दिये गये आवेदन से हुआ खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। कामडारा की बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेणुका किंडो पर अनियमितता का आरोप लगाया गया। उक्त पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों एवं सरकारी लाभ प्राप्त कर रहे लाभुकों को मनरेगा योजना के तहत गलत ढंग से योजना देने का आरोप है। इस संबंध में कामडारा प्रखंड के एक सामाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार नाग ने गुमला के उप विकास आयुक्त व उपायुक्त गुमला को एक आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। उपविकास आयुक्त गुमला को सौंपे गये आवेदन में सामाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार नाग ने कहा है कि रामपुर पंचायत की रोजगार सेविका पुष्पा धान द्वारा अपने पति अक्षय डांग के नाम से एक बकरी शेड का निर्माण दिखाकर 55 हजार रुपये की अवैध निकासी की गयी है। इसी तरह से सरिता पंचायत के रोजगार सेवक सुशील बरला ने अपनी पत्नी मंजूला होरो के नाम से बकरी शेड का निर्माण में 61 हजार रुपये की निकासी कर ली। कंप्यूटर ऑपरेटर महावीर सिंह ने अपनी पत्नी के नाम से पीएम आवास और कजरा में मनरेगा के तहत आम बागवानी का कार्य किया है। सुरहू पंचायत की पूर्व मुखिया विश्वासी केरकेट्टा ने अपने पति ग्लेडसन केरकेट्टा के नाम से बकरी शेड का निर्माण कराया है। इसी तरह से रामपुर पंचायत की मुखिया रोसालिया सोरेंग अपने बेटे अर्सेनट सोरेंग के नाम से कूप लेकर मनरेगा के तहत अवैध राशि 2,74000 रुपये की निकासी की है। इसके अलावे कामडारा के एक लाभूक बिलकन केरकेट्टा जो केन्द्र सरकार की नौकरी से सेवानिवृत्त व पेंशनभोगी है, उसे मनरेगा के तहत कूप निर्माण दिया गया है। रोहित कुमार नाग का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत एवं सरकारी पेंशन का लाभ पा रहे लाभुकों के द्वारा मनरेगा के अंतर्गत जो व्यक्तिगत लाभ लिया गया है, वह सभी योजना मनरेगा अधिनियम के विरुद्ध है। जो भारी अनियमितता को दर्शाता है।

इसके अलावे बीडीओ और बीपीओ के द्वारा मनरेगा कंटीजेंसी से एसएन इंटरप्राइजेज को लगभग 648000 (छह लाख अड़तालीस हजार रुपया) भुगतान किया गया है, जिसे एसएन इंटरप्राइजेज वेंडर को दर्शाया गया है। इसके अलावे बीडीओ और बीपीओ का चहेता भेंडर एसएन इंटरप्राइजेज है। एस.एन इंटरप्राइजेज को सोलर पंप, बालू, ईंट, पत्थर, स्टेशनरी, पेन, पेज, कटरेग आदि का अभिकर्ता बनाया गया है एवं कामडारा प्रखंड की सभी पंचायत में संचालित 15वें वित्त आयोग से चल रही विकास योजनाओं में लगभग 80 लाख रुपये भुगतान किया गया है।

एस.एन. इंटरप्राइजेज की किसी प्रकार की दुकान कहीं पर नहीं है। साथ ही विशाल इंटरप्राइजेज एंड सर्जिकल एजेंसी शांति नगर, भरनो को लगभग 7,35500 रुपये भुगतान किया गया है। सरकारी राशि की बंदरबांट करने वाले कर्मियों में मुखिया, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, बीपीओ सभी ने मिलकर सरकारी राशि लूटने का काम किया है।

अवैध बालू भंडारण को लेकर सीओ ने प्राथमिकी दर्ज करायी

सिसई (आजाद सिपाही)। अवैध बालू भंडारण को लेकर सीओ अरुणिमा एक्का ने बुधवार को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत सुसंगत धारा पर प्राथमिकी दर्ज करायी। दर्ज केस में कहा गया है कि बीते मंगलवार को थाना प्रभारी व पुलिस बल के साथ असरो तेतरटोली में बालू भंडारण का निरीक्षण किया गया। जहां एक खेत में करीब छह हजार घनफीट बालू भंडारण पाया गया। जांच पड़ताल में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालू भंडारण किये जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस क्षेत्र में बालू भंडारण से संबंधित कोई अनुज्ञप्ति की स्वीकृति नहीं दी गई है। जिससे प्रतीत होता है कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से नदी से उत्खनन कर भंडारण कर बिक्री किया जाता है।

महत्वपूर्ण न्यूज

प्रधानाध्यापकों की विभिन्न गतिविधियों पर समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

भरनो (आजाद सिपाही)। कन्या मध्य विद्यालय, भरनो के सभागार में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंडाधीन सभी सरकारी/निजी विद्यालय के प्रधानाध्यपकों की विभिन्न गतिविधियों पर समीक्षा सह उन्मुखीकरण आयोजित किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा-परिचर्चा कर प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया। यूडाइस+ पर विद्यालय के सभी गतिविधियों को एंट्री करना अनिवार्य है साथ ही साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (दिव्यांग) बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए प्रथामिकता दें। मेधा छात्रवृति हेतु ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है। विद्यालय विकास मद से रंग रोगन कार्यक्रम करना अनिवार्य। विद्यालय में हाइट माप स्केल दीवाल में बनाना जरूरी है और वेट मशीन लेना अनिवार्य है। मर्ज विद्यालयों में कार्यरत रसोइया सह सहायिका/संयोगिका के संदर्भ में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और कई दिशा निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम उपस्थित बीआरपी समीम एजाज, सुधीर कुमार साहू सीआरपी विजय कुमार, भूषण केशरी, शशि भूषण, नूर इकराम, पूनम कुमारी, साहीन परवीन, रिसोर्स शिक्षक, वीरेंद्र कुमार रंजीत महतो, मुकूल टेटे, अर्जुन केशरी, और प्रखंड के समस्त विद्यालय के प्रधानाध्यक उपस्थित थे।

विकास भारती ने किया तीन दिवसीय बिरसा क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विकास भारती बिशुनपुर द्वारा तीन दिवसीय बिरसा क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन बुधवार को एसएस हाई स्कूल के स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास भारती सचिव पद्मश्री अशोक भगत के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें जय जवान जय किसान के नारों से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के 17 विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन उपरांत अशोक भगत ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के खेलों का आयोजन करने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। साथ ही प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है और अच्छा से अच्छा खेलने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने प्रतिभागियों को अच्छा खेलकर विजयी होने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के प्रथम दिन बालक-बालिका, किशोर वर्ग एवं बाल वर्ग के लिए 100 मीटर से लेकर 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया। साथ ही साथ ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक एवं तीरंदाजी जैसी प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें मौके पर पहुंचे प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, भिखारी भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार साहू, प्रणव जी, कुमकुम मैत्री सोमरा भगत, बिरू देव कुमार सहित सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीणों को गव्य विकास के लाभ पहुंचाने को लेकर की गयी बैठक

घाघरा (आजाद सिपाही)। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग जिला गव्य विकास गुमला द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत गव्य विकास के लाभ को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर घाघरा में बैठक की। बैठक में जिला गव्य तकनीकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बैठक में उपस्थित मुखिया व पंचायत सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि जो भी लाभुक गाय पालन, बकरी पालन, सूअर पालन करना चाहते हैं ग्राम सभा में नाम चढ़ायें। सरकार द्वारा 90% तक अनुदान दी जा रही है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि जनप्रतिनिधि और पंचायत के कर्मी आपस में समन्वय बनाकर वैसे लाभुक जो इसका लाभ देना चाहते हैं उनका नाम ग्राम सभा में जोड़ें और उन्हें लाभ दिलाने के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत विकास कार्यक्रम के निमित्त दुधारू गाय पालन, सुकर पालन, बकरी पालन सहित अन्य कई योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने की पहल की जा रही है। आप उसका समुचित लाभ उठायें। मौके पर जिला अकाउंटेंट अकाश कुमार गुप्ता सहित कई पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव व कर्मी उपस्थित थे।

बीडीओ ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के प्राचार्य को प्रशस्ति पत्र सौंपा

बसिया (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य स्थापना दिवस-2022 के अवसर पर गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के प्राचार्य संजय कुमार सिंह को सम्मानित किया गया था। 15 नवम्बर को गुमला से बाहर होने के कारण प्राचार्य श्री सिंह को यह सम्मान पत्र प्राप्त नहीं हो सका था। बुधवार को बीडीओ रबिंद्र कुमार गुप्ता ने स्वयं विद्यालय में आकर यह प्रशस्ति पत्र प्राचार्य श्री सिंह को प्रदान किया। वहीं विद्यालय के खेल शिक्षक शुभम कुमार सिंह को भी 'खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य' हेतु उपायुक्त, गुमला द्वारा सम्मानित किया गया है। शारीरिक अस्वस्थता के कारण खेल शिक्षक के अवकाश में होने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उनका प्रशस्ति पत्र भी प्राचार्य संजय कुमार सिंह को सौंपा। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है। प्राचार्य श्री सिंह ने इस संदर्भ में कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं बल्कि विद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की उपलब्धि है क्योंकि सबके सामूहिक प्रयास से ही कोई सफलता मिलती है।

पलामू साहित्य की भूमि, धरोहर को जीवंत रखना हमसभी की जिम्मेदारी : आयुक्त

- जिस पुस्तकालय में महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित मदन मोहन मालवीय आए वहां खुद आकर अभिभूत हूं
- आयुक्त जटा शंकर चौधरी श्री मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय पहुंचकर साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमियों से किया विमर्श

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी श्री मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय पहुंचकर साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमियों से विमर्श किया। 1917 में स्थापित इस पौराणिक पुस्तकालय पहुंचकर आयुक्त अपने आप को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि जिस पुस्तकालय में मोहनदास करमचंद गांधी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे विभूतियों का आगमन हुआ उस पुस्तकालय में आकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने पुस्तकालय समिति के सदस्य एवं अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय धरोहर है। इस धरोहर को जीवंत एवं सुरक्षित रखना हमसभी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि पलामू की भूमि साहित्यक की भूमि रही है। उन्होंने पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का अथाह सागर है। यह अलग बात है कि डिजिटल माध्यमों के इस दौर में पुस्तकालय जाकर या पुस्तकालय पढ़ने वालों की संख्या में थोड़ी कमी आई है। समाज में इसके दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहा है। सुविधाएं जितनी बढ़ी है, उतने ही समाज में कुरीतियां, विकृतियां आती है। साथ ही नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। इसके प्रति चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का महत्व हमेशा रहा है और आगे भी रहेगा। इसमें अध्ययन का बेहतर माहौल मिलता है। कार्यक्रम के दौरान पलामू के साहित्यकारों ने आयुक्त को अपनी लिखित पुस्तक भेंट की। पुस्तकालय समिति के सदस्यों ने मारवाड़ी सार्वजनिक हिंदी पुस्तकालय परिसर में संचालित राजकीय विद्यालयों को स्थानांतरण या विलय कर पुस्तकालय परिसर को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए उपलब्ध कराने की मांग रखी। आयुक्त ने उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन झारखंड विधानसभा के उप सचिव पद से सेवानिवृत्त एवं साहित्यकार रवि शंकर पांडेय ने की। वहीं साहित्यकार श्रीधर द्विवेदी, युवा कवि रवि शंकर पांडेय, साहित्यकार हरिवंश प्रभात आदि ने संबोधित किया और स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में मारवाड़ी सर्वजनिक हिंदी पुस्तकालय के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तुलस्यान (नवल), उपाध्यक्ष सुशील लाट, सचिव राजेश उदयपुरी, उप सचिव संजय केजरीवाल सहित विनोद उदयपुरी, संजय केजरीवाल, अनुपम तुलस्यान, सुरेश उदयपुरी आदि उपस्थित थे।

ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की जरूरत : एसडीओ

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद अनुमंडल कपूरी मैदान में कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 का उद्घाटन समारोह में सभी बतीस फुटबॉल टीमों के जपला मार्च पास्ट तदोपरान्त मोहम्मदगंज बनाम सडेया के बीच मैच खेला गया। जिसमें सडेया ने इस मैच को 2ह्र1 से जीता। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी 32 टीमों के लगभग 500 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय धुन पर हाथ में फुटबॉल और राष्ट्रीय झंडा ले कर सभी नगर वासियों को खेल के प्रति जागरूक करने हेतु अनुमंडल मैदान से निकल कर पूरा जपला का भ्रमण किया तथा लोगों को रखेलेगा तभी जीतेगा पलामू अभियान के द्वारा जागरूक किया। मौके पर कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य हुसैनाबाद को फुटबॉल हब बनाना है। मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब ने पिछले 3 सालों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। स्पोर्ट क्लब के बच्चों ने जिले के अंदर प्रतियोगिताओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। जरूरी नहीं प्रतिभा बड़े घरों से ढूंढी जाए, वह गरीब बस्ती से भी निकाल कर भी निखारी जा सकती है। क्लब के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र से प्रतिभावान खिलाड़ियों को फुटबॉल के क्षेत्र में नए मुकाम पर पहुंचाना है। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, रामप्रवेश सिंह, अखिलेश्वर मेहता, रामराज मेहता, रामेश्वर राम, संतोष सिंह, आलोक कुमार, अध्यक्ष मानिक चंद सिंह, अजय कुमार सिंह, लाल धन ठाकुर, डबल सिंह, सुदेश सिंह, जयकूश सिंह, मनोज शर्मा, निहाल मिर्जा सैयद इकबाल, तकि रिजवी सुभाष कुमार, अमित सिंह, जमालुद्दीन शाह, राहुल, गोविंद एवं हजारों दर्शक उपस्थित थे।

सड़क, पुल और पुलिया ही क्षेत्र के विकास का पैमाना है : डॉ मेहता

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी विस क्षेत्र के पदमा-मनातू चक मिसिंग लिंक पथ एवं लेस्लीगंज प्रखण्ड अंतर्गत बौरा खाड़ से अमवा खुर्द जोड़ने वाली पिरि नदी पर पुल निर्माण की निविदा निकल चुकी है प्रक्रिया पूर्ण होते ही शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उक्त बातें विधायक डां शशिभूषण मेहता ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि की अकर्मण्यता एवं उदासीनता के कारण वर्षों तक ये सड़क नही बन पाई। वो अटकाने-लटकाने और भटकाने की विद्या में पारंगत थे। जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाई हुई और खामियाजा पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ा। चक ब्रिज आधा अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया। ब्रिज की जो अप्रोच रोड थी उसे पूरा करने की जरूरत है। उन्होंने जरूरी भी नहीं समझा क्योंकि मकसद सिर्फ एक था लूट, खसोट और जनता का दोहन। मैंने लगातार इस मुद्दे को हर स्तर व माध्यम से राज्य सरकार व संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा। दिशा की बैठक में भी इसे पुरजोर तरीके से उठाया और सांसद विष्णु दयाल राम ने भी डीसी को इस ओर सकारात्मक कदम उठाने की बात कही थी। आखिरकार प्रयासों की जीत हुई और परिणाम आप सबों के समक्ष है। विभाग व प्रशासन ने इस बात का भी भरोसा दिया है कि बहुत जल्द ही अप्रोच रोड हेतु कार्य को पूर्ण किया जाएगा। हम सिर्फ कहने में नहीं करने में विश्वास रखते है। उन्होंने कहा कि मेरे अथक प्रयास से इस सड़क के निर्माण को प्रशानिक स्वीकृति मिली है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित हूँ। पूर्व के लोगों की अकर्मण्यता के कारण हमारा विधानसभा काफी पिछड़ गया था लेकिन मैं दिन-रात मेहनत कर उसे आदर्श विधानसभा बनाने का प्रयास कर रहा हूँ।

पीपरा थाना परिसर में एएसआइ के विदाई समारोह का आयोजन

हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)। पीपरा थाना परिसर में बुधवार को सहायक पुलिस अवर निरीक्षक सह लेखन कार्य कुशेश्वर सिंह के स्थानांतरण पर थाना प्रभारी सूरज चेल के अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान पुलिस अधिकारी के साथ क्षेत्र के कई जन प्रतिनिधि भी शामिल हुए।बता दें कि कुशेश्वर सिंह को पीपरा थाना से स्थानांतरण कर रेहला थाना में पदस्थापित किया गया है। मौके पर थाना प्रभारी सूरज चेल ने कहा कि पीपरा थाने के मुंशी कुशेश्वर सिंह बहुत ही खुले विचार के व्यक्ति है। इन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्यों का बखूवी निर्वहन किया।इस मौके पर पीपरा प्रमुख गुडडू यादव, एसआइ अभय आनंद, जिला पार्षद ददन पासवान, उप प्रमुख पति उपेन्द्र कुमार यादव, मधुबाना मुखिया राजेश राजवंशी, पीपरा मुखिया पति रामासिश पासवान, बबलू सिंह, सुनील कुमार सिंह, जनेश्वर भुइंया, भगवती सिंह, भाजपा नेता संजय मेहता, कान्हा सिंह सहित कई मौजूद थे।

हरिहरगंज में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में बुधवार को प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रखण्ड के चयनित सभी मध्य स्कूल, हाई स्कूल एवं प्लस टू स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर रेल रेट समेत कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड स्तर पर बेहतर खेलने वाले टीम खिलाड़ियों का चयन प्रखंड चयन समिति के द्वारा किया गया। वही प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 100 मीटर की दौड़ में कक्षा 6 से 8 में प्रथम छात्र धीरज कुमार, छात्रा करिश्मा कुमारी, 200 मीटर की दौड़ में सोनू कुमार, छात्रा सोनी कुमारी, कक्षा 9 से 12 के 100 मीटर की दौड़ में छात्र आकाश कुमार, छात्रा रिंकी कुमारी ,200 मीटर के दौड़ में प्रथम आकाश कुमार ,छात्रा श्वेता कुमारी को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम और बीपीएम रेखा कुमारी ने संयुक्त रूप से मेडल देकर पुरस्कृत किया।मौके पर बीईओ राम नरेश राम ने बच्चों का सवार्गीण विकास के लिए खेलों का आयोजन अति आवश्यक बताते हुए प्रतिभागियों को

शुभ कामना दी।इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन बीईओ एवं बीपीएम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।जबकि खेलों झारखण्ड प्रतियोगिता का संचालन खड़गपुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद ने किया।मौके पर प्रधानाध्यापक नागेंद्र पांडे, संतोष गुप्ता, अभिलाषा कुमारी, शिक्षक अजय कुमार, रामसागर प्रसाद, कौशर आलम, पीयूष कुमार, बीआरपी सुनील कुमार, एमआईएस संतोष कुमार प्रजापति, चितरंजन कुमार गुप्ता, जमुना कुमार रवि, रिंकू कुमार, नितेश कुमार, विनय कुमार, अजीत कुमार, संजीव कुमार, रिंकू कुमारी, ममता कुमारी सहित विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक छात्र-छात्राएं शामिल थे।

राजद कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर के वार्ड-1 स्थित राजद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के पुरंदर बीघा स्थित आवासीय परिसर में राजद कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता व संचालन पार्टी के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान ने की। बैठक में पार्टी की मजबूती व नए सदस्य बनाने पर बल दिया गया। मौके पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए गांव गांव जाकर पार्टी की नीति व सिद्धांतों से अवगत कराने की बात कही।उन्होंने कहा की हुसैनाबाद शुरू से राजद का गढ़ रहा है। इसे और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। आने वाले समय में राजद पूरे पलामू प्रमंडल के साथ साथ प्रदेश में भी सशक्त बनेगा।मौके पर राजद नेता सह नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि दिनप्रतिदिन राजद का जनाधार बढ़ रहा है।हम सभी को जमीनी स्तर पर शहर से लेकर गांव तक कार्यकताओं के साथ मिलकर संगठन को और भी मजबूत व सशक्त बनाना है।मौके पर मुख्य रूप से जिला युवा अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, कामख्या नारायण सिंह, युवा नेता रवि कुमार सिंह यादव, मुखिया श्रवण राम, बिमलेश पासवान, अशोक यादव, राम लखन यादव, रिजवान खान, रामजनम सिंह, यमुना यादव, सचिन शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, विनय सिंह यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल।

सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर सड़क पर उतरे एसडीओ

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने बुधवार को जेपी चौक के समीप सड़क पर लगे बेतरतीब वाहन चालकों को जमकर फटकार लगाई।साथ ही एसडीओ ने अतिक्रमण कर सड़क पर वाहन लगाने व पथ विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी। साथ ही, गाड़ी चालकों एवं दुकानदारों को हिदायत देते हुए कहा कि अतिशीघ्र सड़क को अतिक्रमण मुक्त करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। विदित हो कि हुसैनाबाद प्रशासन शहर में विधि व्यवस्था बनाने रखने के लिए सजग है, वहीं प्रशासन के बार-बार समझाने के बावजूद ऑटो चालको एवं पथ विक्रेताओं के द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर आवागमन में बाधा पहुंचाने का कार्य किया जाता रहा है, इसी के मद्देनजर स्थानीय व्यवसायियों एवं आम लोगों की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण सड़क पर उतरकर अतिक्रमणकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

सीएम रोजगार सृजन योजना के तहत आसानी से दिया जा रहा है जिलेवासियों को लोन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे जिले के नागरिकों व युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर सक्रिय हैं। आपके अधिकार,आपकी योजना,आपके सरकार कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविरों में डीसी जहां-जहां शामिल हुए उन सभी शिविरों में लोगों से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लेने व खुद को स्वरोजगार से जोड़ने की अपील की। **विभिन्न वर्गों के 256 लाभुकों के बीच 1 करोड़ 61 लाख 70 हजार ऋण का हुआ वितरण:** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 एवं 22-23 में दिव्यांग वर्ग से 6 लाभुकों के खाते में 3 लाख रुपये भेजी गयी है। इस तरह पिछड़ा वर्ग से 64 लाभुकों के खाते में 55 लाख 70 हजार रुपये भेजी गयी है। वहीं अनुसूचित जनजाति के 36 लाभुकों का खाते में 22 लाख रुपये भेजी गयी है इसके अलावे अल्पसंख्यक समुदाय के 16 लाभुकों के खाते में 8 लाख रुपए की राशि भेजी गयी है। इसी क्रम में अनुसूचित जाति के 134 लाभुकों के खाते में 73 लाख रुपये की राशि भेजी गयी है। यह पहली किस्त की राशि है जिला से दूसरे किस्त की राशि की भी मांग की गयी है। **डीसी ने जिले के युवाओं से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उठाने की अपील की :** डीसी ने जिले के युवाओं से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले के ऐसे बेरोजगार युवक-यूतियां जिनकी उम्र 18-50 के बीच हो सरकार उनको बिना गारंटर के 1 लाख तक रुपये का लोन दे रही है जिससे वो खुद के लिये रोजगार का सृजन कर सकेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले के ऐसे बेरोजगार युवक-यूतियां जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन सभी के लिये यह सुनहरा मौका है। उपायुक्त ने कहा कि ऋण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि कल्याण विभाग की ओर से बेरोजगार युवक-युवतियों को बीच 25 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है जिसमें 40 फीसदी सब्सिडी भी दी जाती है।

केंद्रीय संचार ब्यूरो की तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन 24 नवंबर को

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत - श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेदिनीनगर शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में दिनांक 24 से 26 नवंबर तक तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनों में देश और राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना, भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना, सांस्कृतिक विरासत का आदान-प्रदान करना एवं संवैधानिक मूल्यों के बारे में आम लोगों को जागरूक करना है। इसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, रांची क्षेत्र के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर एवं पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय ने दी। वे बुधवार को कार्यक्रम स्थल मेदिनीनगर शहर के गांधी स्मृति टाउन हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, मेयर अरुणा शंकर, उप महापौर राकेश कुमार सिंह, पलामू प्रमंडल के आयुक्त जटा शंकर चौधरी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे, नीलांबर-पीतांबर

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रामलखन सिंह,सदर एसडीओ राजेश कुमार साह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में प्रातः 11 बजे किया जाएगा।

संविधान सभा के सदस्य के वंशज होंगे सम्मानित

चित्र प्रदर्शनी के दौरान संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय के पुत्र वृजनंदन सहाय उर्फ मोहन बाबू को सम्मानित किया जाएगा। समाज सेवी मोहन बाबू, स्व. सहाय के तीसरे पुत्र हैं जो वर्तमान में जेलहाता, डालटनगंज में रहते हैं। संविधान पर इनके पिता के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

24 को निकलेगी जागरूकता रैली

आम लोगों में देश की एकता और अखंडता को प्रचारित एवं प्रसारित करने तथा संविधान के मूल्यों को समझाने के लिए गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे से विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

चित्र प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण सेल्फी विथ पीएम एवं सेल्फी बूथ

प्रदर्शनी के दौरान गांधी स्मृति टॉउन हॉल के मुख्य गेट पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाकर सेल्फी विथ पीएम लेने का मौका आम लोगों को मिलेगा। इसके साथ-साथ आजादी का अमृत महोत्सव एवं एक भारत - श्रेष्ठ भारत का संदेश लिखित सेल्फी बूथ में भी युवा सहित सभी आमजन सेल्फी ले सकेंगे।

संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर विशेष पैनल्स

इस तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में भारत के संविधान निर्माण समिति में पलामू जिले से सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू एवं अमिय कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू के चित्रों के साथ-साथ उनका जीवन परिचय, स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान, गांधी जी के साथ आजादी के संग्राम में उनकी दुलर्भ तस्वीरें, संविधान पर किए गए हस्ताक्षर पर विशेष पैनल्स तैयार किए गए हैं।

पलामू के स्वतंत्रा सेनानी नीलांबर-पीतांबर की जीवनी

पलामू प्रमंडल के दो वीर सहोदर भाई और स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर सिंह और पीतांबर सिंह की वीरता की कहानी भी इस प्रदर्शनी का आकर्षण होगी। गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड के चेमो सनेया गांव से आनेवाले इन दोनों भाइयों ने सन 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रेजों को न सिर्फ खुली चुनौती दी थी, बल्कि अनेकों बार उनके दांत खट्टे किये थे।

आदर्श आचार संहिता मामले में पाकी के विधायक पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता लाल सूरज बरी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। आदर्श आचार संहिता के एक मामले में पाकी विधायक डां शशिभूषण मेहता, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह एवं भाजपा नेता लाल सूरज को स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इस मामले में लेस्लीगंज के तत्कालीन बीडीओ रविंद्र कुमार ने लेस्लीगंज थाना में उपरोक्त तीनों लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत बिना अनुमति का पार्टी कार्यालय संचालन करने को ले नामजद प्राथमिकी लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 25/ 2016 5 मई 2016 को दर्ज कराया था। उपरोक्त लोगों पर आरोप था कि पार्टी कार्यालय बिना अनुमति के खोला गया था जो आचार संहिता का उल्लंघन है। पांच मई 2016 को 8:00 बजे पूर्वाह्न जांच के क्रम में पाया गया था कि बिना अनुमति के पार्टी कार्यालय खोला गया था। इस मामले में अदालत में अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही कराई गई थी। परंतु अभियोजन मुकदमे को साबित करने में असफल रहे। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में डां शशिभूषण मेहता, लाल सूरज एवं देवेंद्र कुमार सिंह को रिहा किया गया।

राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रमंडलीय कमिटी का हुआ विस्तार

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रमंडलीय कमेटी का बुधवार को विस्तार किया गया।इस संबंध में प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा को कमेटी की सूची भेजी थी जिसे बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष ने अनुमति प्रदान की।इस संबंध में प्रमंडलीय प्रभारी ने बताया कि कमेटी मे सभी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व हो इसका ख्याल रखा गया है।कमेटी में बिटटू पाठक, कृष्णकांत चौबे (जामूडीह), ब्रजेश उपाध्याय, अमीत तिवारी, संतोष दूबे(गढ़वा), धिरेन्द्र चौबे(नगरवंशीधर), विवेकात्रिपाठी(लहलहे), शैलेश पांडेय, भाष्कर दूबे, रमेश शुक्ला(पलामू), कमलेश शुक्ला(लातेहार), बृजेश शुक्ला(पाटन), किशोर दूबे(बरिगांवा), वीएम पांडेय(बसना), श्यामाकांत तिवारी(बारालोटा), यूएस चौबे(भवनाथपुर), राजीव रंजन उपाध्याय (किशुनपुर), प्रवीण मिश्रा(अमवा), राकेश पांडेय (गढ़वा), कौशल शुक्ला, तुलसी शुक्ला(सिंगरा), बिकेश शुक्ला(रांकी, लातेहार), दिवाकर दूबे (चैनपुर), अजय शुक्ला(लेस्लीगंज) पुलस्त तिवारी(गढ़वा)को प्रमंडलीय संरक्षक बनाया गया है,वहीं काराकाट बंदूआ निवासी पंडित ललू पांडेय को प्रमंडलीय अध्यक्ष के रुप में मनोनयन किया गया है।जबकि ब्रजेश तिवारी(लहलहे), संजीत तिवारी(गढ़वा), जितेंद्र दूबे(दूगीला), नीलेश पंडित (उचरी), चंद्रकांत उपाध्याय(चेतमा) आशीष तिवारी(रेड़मा)व छोटू त्रिपाठी को उपाध्यक्ष बनाया गया है वहीं रमकंडा गढ़वा निवासी राजीव रंजन पांडेय(बबल पांडेय)को महासचिव के रुप में मनोनयन किया गया है।जबकि सचिव के रुप में मनु दूबे (पुर्वडीहा), मनीष तिवारी (कुमारगढ़), मनोज ओझा, अनंत मिश्रा, रितेश पाठक का मनोनयन किया गया है।कोषाध्यक्ष के रुप में वेद प्रकाश तिवारी(ओरनार)और प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी के रुप में दीपक तिवारी अर्थव का मनोनयन किया गया है जबकि संगठन मंत्री के रुप में फोटू दूबे पूर्वडीहा का मनोनयन किया गया है।

स्पोर्ट्स



यू मुंबा के खिलाफ जीत हमारे प्लेऑफ की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण थी : आशान कुमार

फीफा विश्व कप: ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत के बाद फ्रांस के कोच ने कहा-हमने अच्छी शुरूआत की

अल वकरा। फीफा विश्व कप 2022 के ओपनर में ऑस्ट्रेलिया पर अपनी टीम की जीत के बाद, मौजूदा चैंपियन फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा कि हालांकि उनकी टीम ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को गोल करने से रोकना चाहिए था। ओलिवियर गिरौद के दो और एड्रियन रैबियोट व कियान म्बाप्पे के एक-एक गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने कतर के

अल जानूब स्टेडियम में चल रहे फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप डी मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत दर्ज की। डेसचैम्प्स ने यह भी कहा कि फ्रांस ने दूसरे हाफ में अधिक आत्मविश्वास दिखाया। स्काई स्पोर्ट्स ने डेसचैम्प्स के हवाले से कहा, हमने पहले मिनट में मैच की अच्छी शुरूआत की, हम अच्छे दिखे और अच्छी तरह से जुड़े हुए थे। हमने ऑस्ट्रेलिया को 1 गोल करने दिया, जिससे हमें बचना चाहिए था। दूसरे हाफ में, हमने बहुत अधिक आत्मविश्वास दिखाया और ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर ला दिया और तब हमने बहुत सारे मौके बनाए और चार गोल किए, जो अच्छा है। उन्होंने कहा, यह टूनार्मेंट के लिए एक अच्छी शुरूआत है। पहला मैच हमेशा महत्वपूर्ण होता है। मैं टीम और खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। हमने पहले कुछ ऐसे मैच देखे हैं जहां टीमें प्रतिक्रिया नहीं दे सकती थीं, लेकिन हमने किया, हमने मैच में पिछड़ने के बावजूद जीत हासिल की। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी क्रेग गुडविन ने मैच के पहले 10 मिनट में ही गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया था और पहले हॉफ की समाप्ती तक अपनी इस बढ़त को बरकरार रखा था, लेकिन इसके बाद फ्रांस ने दूसरे हॉफ में पलटवार करते हुए 4 गोल किये और मैच अपने नाम किया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

जनआक्रोश रैली भाजपा की नौटंकी : ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह

धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा द्वारा निकाली गई जन आक्रोश रैली नौटंकी एवं लोगों को दिग्भ्रमित करने वाला कार्यक्रम है। जबकि भाजपा को जनआक्रोश रैली बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, काला धन और केंद्र सरकार की विफलता के विरुद्ध निकालने चाहिए। झारखंड में हेमंत सरकार का तीन साल का कार्यकाल काफी सराहनीय व उल्लेखनीय रहा है। सरकार ने पेंशन योजना, रिक्त पदों पर सरकारी नौकरी, आदिवासियों, अल्पसंख्कों एवं पिछड़ी जातियों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। हेमंत सरकार के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और राज्य में महागठबंधन की सरकार बेहतर कार्य कर रही हैं। इसके बावजूद भाजपायों द्वारा हेमंत सरकार का विरोध किया जाना हास्यास्पद एवं नौटंकीपूर्ण है। इस तरह की नौटंकी भरे रैली के लिए भाजपा नेताओं को भाड़े के लोगों को लाने के लिए ड्यूटी पर लगाया गया था इसके बावजूद भाजपा नेता भीड़ लाने में असफल रहे और भाजपा की यह रैली विफल रही। भाजपा की इस तरह की नौटंकी भरी रैली सफल नहीं होगी। भाजपा को अगर लोगों के प्रति सहानुभूति है, तो वे लोग देश में व्याप्त बेहताशा महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कालाधन के विरूद्ध रैली पूरे देश में निकालनी चाहिए। इस तरह का दिखावे व नोटंकी बंद होने चाहिए।

छापामारी में एक दर्जन साइकिल और बाइक जब्त, आठ गिरफ्तार

कतरास/महुदा (आजाद सिपाही)। बाघमारा पुलिस अनुमंडल में अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू बुधवार अहले सुबह से ही छापामारी कर रही है। इसी कड़ी में कतरास थाना क्षेत्र के राहुल चौक के समीप अवैध कोयला ढुलाई कर रहे एक दर्जन बाइक व साइकिल जब्त की गई। साथ ही कोयला तस्करी कर रहे आठ लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर कई इलाकों में अवैध खनन चरम पर जारी है। सूत्रों की मानें तो आज भी बाघमारा पुलिस अनुमंडल के अंगरपथरा ओपी क्षेत्र के कई इलाकों में कोयले का अवैध खनन चल रहा है। इस पर बाघमारा डीएसपी छापामारी न कर साइकिल और बाइक से कोयला ढोने वाले पर कार्रवाई कर रही है। **बीसीसीएल, सीआइएसएफ और पुलिस ने कराई अवैध माइंस की भराई :** दूसरी ओर सीआइएसएफ, बीसीसीएल प्रबंधन एवं अंगारपथरा ओपी पुलिस ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के कांटा पहाड़ी एवं अंगारपथरा के बंद परियोजना में चल रहे अवैध माइंस कि भराई कराई है। जिससे अवैध कारोबारी के बीच हड़कंप मच गया। बाघमारा डीएसपी के निर्देश पर तेतुलमारी पुलिस ने एक युवक को कोयला चोरी के आरोप में मामला दर्ज कर न्यायालय को सौंप दिया है। ओपी प्रभारी कृष्णा कुमार ने बताया कि बीसीसीएल के सहयोग से अवैध माइंस की भराई की जा रही है। अंगारपथरा ओपी क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। इस मौके पर सचिन कुमार सिंह, एसके तिवारी और कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।

जरूरतमंद लोगों को मिले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ : जिप उपाध्यक्ष

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार प्रखंड प्रशासन की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत खैराचातर निवासी पूर्णिमा देवी पति प्रकाश चंद डे, सुधा देवी पति विश्वनाथ डे एवं उदयमारा निवासी दीपाली डे पति विमल डे को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कराया गया। बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, मुखिया विजय जायसवाल, पंचायत सेवक हरेंद्र कुमार, स्वयं सेवक विवेक ठाकुर आदि उपस्थित थे। बबीता कुमारी ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिले यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। जनता की सुख सुविधा के लिए विकास के प्रयास में लगी हूं।

भाजपा की जनाक्रोश रैली में गरजे पूर्व मुख्यमंत्री, हेमंत सरकार पर लगाया तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप

जब तक हेमंत सरकार को उखाड़ नहीं फेकेंगें, चुप नहीं बैठेंगे: रघुवर

धनबाद, बाघमारा, सिंदरी विधायकों के अलावा उनकी पत्नियां व भारी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

भाजपा की जनाक्रोश रैली को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास।

धनबाद। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को भाजपा की ओर से जनाक्रोश रैली निकालकर जिला मुख्यालय पर हेमंत हटाओ झारखंड बचाव नारे के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू के विधायक जय प्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। इस दौरान रणधीर वर्मा चौक स्थित धरनास्थल पर बने मंच से रघुवर दास हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर गरजे। साथ ही इशारों ही इशारों में हेमंत सरकार को खूब खरी खोटी सुनाई। कहा कि इस सरकार में पूरे राज्य में खनिज संपदा की लूट मची है। लूट में शामिल सभी लोग जल्द ही होटवार जेल में होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। जब तक हेमंत सरकार को हम लोग उखाड़ कर फेंक नहीं देते तब तक कोई भी भाजपाई चुप नहीं बैठेगा। रघुवर दास के पूरे संबोधन का केंद्र मुख्यमंत्री के आसपास ही घूमता दिखता। पूर्व मुख्यमंत्री ने वर्तमान सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि वोट बैंक के खातिर अल्पसंख्यक टैट पास शिक्षकों को स्थायी किया जा रहा है, जबकि बहुसंख्यक टैट पास अभ्यर्थियों को न तो कहीं नियुक्ति दी और न ही उन्हें स्थायी किया गया। इस मौके पर मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल, विधायक राज सिन्हा, निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक ढुल्लू महतो व उनकी पत्नी सावत्री देवी, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, झरिया विधानसभा भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर शेखर सिंह, संजय झा, मानस प्रसून, मिल्टन पार्थसारथी, रूपेश सिन्हा, मुकेश सिंह, योगेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

लोक लुभावन घोषणाएं कर भ्रष्टाचार के मुद्दे से ध्यान भटकाना चाह रही हेमंत सरकार : बिरंची

- केंद्र की हितकारी योजनाओं को बंद कर झारखंड की जनता के साथ धोखा कर रही हेमंत सोरेन सरकार : रविंद्र राय

आजाद सिपाही संवाददाता

जनाक्रोश रैली निकाल कर हमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते भाजपाई।

बोकारो। हेमंत सरकार हटाओ झारखंड बचाओ जनाक्रोश आंदोलन के तहत बोकारो जिला भाजपा जिला अध्यक्ष भरत यादव के नेतृत्व में बुधवार को जिला मुख्यालय के समक्ष जनाक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में पूर्व सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय भी मौजूद थे। बोकारो हवाई अड्डा से चलकर जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च निकालने के बाद सभी की की घई। पूर्व सांसद रविंद्र राय ने कहा कि जब से हेमंत सरकार सत्ता में काबित हुई है तब से किसान विरोधी गतिविधिया हो रही हैं। पूर्व की रघुवर दास सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रति एकड़ 6000 रुपये दिया जाता था, जिसे वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया। सरकार के इस फैसले से किसानों में काफी नाराजगी है। हेमंत सोरेन सरकार न किसान हित, न ही महिला हित, न ही युवा हित मे कार्य कर रही। यह सरकार सिर्फ लूट, हत्या और अवैध खनन को अंजाम देने के लिए बनी है। वहीं, बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूब चूकी है। एक सशक्त विपक्ष के नाते भाजपा हेमंत सरकार को समय-समय पर आगाह करती रही है। लेकिन आम जनता के प्रति दायित्व को समझने के बजाय हेमंत सरकार चोरी और सीना जोरी कर रही है। झूठा वादा कर सत्तालोलुप हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में खुद को घिरता देख लोक लुभवना घोषणाएं कर रही है। ताकि झारखंड वासियों का ध्यान भ्रष्टाचार से भटका सके और सहानुभूति बटोर सके। लेकिन किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा। वहीं, चंदनकियारी के विधायक अमर बाउरी ने कहा कि बोकारो जिला के तीन प्रखंड चास, चंदनकियारी व चंद्रपुरा को सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित की सूची से बाहर करना कहीं न कहीं राजनैतिक द्वेष नजर आ रहा है। राज्य के मुखिया को लगता है कि इन क्षेत्रों में कृषक नहीं रहते। जब तक तीनों प्रखंड को सुखा ग्रसित घोषित नहीं किया जाता तब तक भाजपा बोकारो जिला जनांदोलन करता रहेगा। जनाक्रोश आंदोलन में पूर्व मंत्री छत्रुराम महतो, योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रह्लाद वर्णवाल, रोहितलाल सिंह, प्रह्लाद महतो, जगरनाथ राम, विनोद महतो, मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, अनिल स्वर्णकार, लीला देवी, संजय त्यागी, जयदेव राय, सुभाष महतो, जयनारायण मरांडी, अशोक कुमार पप्पू, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, अतानु, कुमार प्रमोद, ऋतुरानी सिंह, अर्चना सिंह, गिरिजा देवी, विनोद महतो, चितरंजन साहू, फटिक दास, रामलाल सोरेन, तारा साह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, पन्नालाल कान्दू आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, रामगढ़

भर्त्ती कैम्प (Placement Drive) दिनांक 26 नवम्बर 2022

सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ के द्वारा गोला पॉलटेक्निक कॉलेज, रामगढ़ परिसर में दिनांक 26 नवम्बर 2022 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक भर्त्ती कैम्प (Placement Drive) का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के निम्नलिखित प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियॉं निम्नलिखित है :–

Sl No	Date	Name & Address of the Employer	Post	No of Vacancies	Qualification	Age	Salary	Remarks
1.	26.11.2022	2050 Health Care, Ranchi	Nursing Staff	30	GDA/GNM/ANM/B.Sc Nursing	18 to 26 Years	8400 - 11800/-	--
2.		Tata Motors (Uttarakhand/ Gujrat)	Diploma in Automobile Manufacturing (OJT)	100	12th Pass/ITI	18 o 23 Years	11624/-	Learn & Earn Program (NTTF)
3.		Micro Turner's II (Baddi, H.P.)	Trainee	20	12th Pass	18 o 25 Years	10500/-	Attendance Reward 700/-
4.		Micro Turner's VI (Baddi, H.P.)	Trainee	20	12th Pass	18 o 25 Years	10500/-	Attendance Reward 1200/-
5.		Okaya Power Ltd. (Baddi, H.P.)	Trainee	30	12th Pass/ITI (Elec.)	18 to 30 Years	10500/-	---
6.		Hero Motors (Ludhiana, Punjab)	Trainee	30	12th Pass/ITI (Elec.)	18 to 30 Years	9908/-	---
7.		Fujikawa (Baddi, H.P.)	Trainee	50	10/12th Pass/ITI	18 to 30 Years	11000/-	---

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://rojgar.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की एक छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है, उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्ताक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

जिला नियोजन–सह–कौशल पदाधिकारी
रामगढ़

PR 283200 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा
E-Mail ID–scochatra@gmail.com

आम सूचना

राज्य योजनान्तर्गत् वित्तीय वर्ष 2022–23 में **कोडरमा** जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्प्स/पैक्स को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80% (अधिकतम रू० 5.00 लाख) अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु **मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों** को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्प्स/पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू० 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू० 1.60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् है –

S. No.	Detail of Agri. Machine	Total Package cost for group (Rs. in lakhs)	Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs)	Target
1	Mini Tractor (12.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc.	6.25	5.00	कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य कोडरमा ओ०एस०पी० – 12
2	Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power-ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame.			
3	Self Propelled Rice Transplanter			
4	Self Propelled Reaper			
5	Rice Huller with Polisher			
6	Mini Rice Mill			
7	Mini Tractor Compatible – Rotavator (2.5-4.0 ft)			
8	Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes)			कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य एवं वित्तीय कोडरमा ओ०एस०पी० – 12 राशि लाख में वित्तीय राशि– 2.00 अनुदान राशि –1.60
9	Mini Tractor Compatible Disc Horrow (8-10)			
10	Mini Tractor Compatible Seed cum Fertilizer Drill			
11	Mini Tractor Compatible Paddy Thresher			
12	Mini Tractor Compatible Wheat Thresher			
13	Mini Tractor Compatible Cage Wheel			
14	Mini Tractor Compatible Universal Mounting Frame			
15	Post Harvest Equipments – Four Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller			
16	Alternator 10-15 Kw			
17	Centrifugal Pumps with Suction Pipe 5-8 Kw Compatible Power Source			
18	63mm/75mm HDPE Pipe Maximum upto 500 Feet (BIS Certification)			

लाभुक का चयन की पात्रता:–

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–कोडरमा द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित दिनांक 05.12.2022 तक जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, कोडरमा के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा। कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय कोडरमा एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कार्यालय कोडरमा के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

PR 283131 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23).D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
कोडरमा

सीआइएसएफ की गोली से मारे गये कोयला तस्करों के परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक

अवैध कोयला खरीदने और स्टॉक करने वालों पर नहीं होती पुलिस की कार्रवाई: विनोद सिंह

कहा- बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनी मृतकों को दे 25-25 लाख का मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

मृतक के परिजनों से बातें करते अरूप चटर्जी और विधायक विनोद सिंह।

कतरास/महुदा। कोयले की अवैध आपूर्ति और स्टॉक करने वालों पर कभी भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती है, बल्कि इनके माध्यम बनने वाले गरीब मजदूर और बेरोजगार युवा ही पुलिस प्रशासन के कोप भाजन बनते हैं। जबकि बीसीसीएल, सीआइएसएफ, पुलिस और सरकार की सहमति के बिना ये सब संभव नहीं। उक्त बातें बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कही। वे बुधवार को बेनीडीह साइडिंग में सीआइएसएफ की गोलियों से मारे गए कोयला तस्कर युवकों के परिजनों से मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इससे भी बड़े मॉब में भी लाठी चार्ज कर भीड़ को तीतर बितर किया जाता है, लेकिन बेनीडीह में तो जान से मारने के उद्देश्य से ही सीआइएसएफ द्वारा फायरिंग किया गया। इस मामले में केवल गोली चालन नहीं, बल्कि हरेक पहलुओं की जांच होनी चाहिए। झारखंड सरकार द्वारा पारित 75 फीसदी स्थानीय को रोजगार का कानून केवल कागजों तक ही सीमित है। मूलवासी, स्थानीय लोग विस्थापन का उत्पीड़न झेल रहे है। बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र अंतर्गत संचालित आउटसोर्सिंग प्रबंधन रोजगार देती तो ये घटना नहीं हुई होती। आयोग गठित कर मामले की जांच सही रूप से हो और बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग प्रबंधन मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए मुआवजा दे।

बाघमारा की बात ही निराली है : अरूप चटर्जी

वहीं, निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने मृतक के परिजनों से मुलाकात के बाद कहा कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में जितने भी आउटसोर्सिंग कंपनियां है किसी में भी स्थानीय लोगों को रोकजाग नहीं दिया जाता, बल्कि बाहरी लोगों को रखा गया है। कंपनी अगर स्थानीय लोगों का लिस्ट दिखाती है तो उतने लोगों का पैसा जोड़कर संबंधित नेता के पास चला जाता है। दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में नियम के तहत स्थानीयता को प्राथमिकता दिया जाता है। लेकिन बाघमारा क्षेत्र की बात ही निराली है।

इस एसएसपी के कार्यकाल में सबसे अधिक कोयला चोरी और अवैध उत्खनन हो रहा है। इस दौरान बगोदर विधायक और अरूप चटर्जी ने बाघमारा थाना क्षेत्र के तीनों मृतक के परिजन और घायलों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर बलदेव वर्मा, नकुल महतो, देवानंद राजभर, कुलदीप प्रसाद महतो, प्रताप बरनवाल, दिलीप नोनिया, धनंजय महतो और साधन प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

मप्र की कांग्रेस नेता ने खटखटाया अदालत का दरवाजा

आरक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर



आजाद सिपाही संवाददाता

भोपाल। सोमवार को एहर कोटे पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया था। अब उस निर्णय को लेकर मप्र के एक कांग्रेस नेता ने सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है। मध्य प्रदेश कांग्रेस की एक नेता ने इडब्ल्यूएस को लेकर सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने इडब्ल्यूएस मुद्दों पर केंद्र के फैसले को बरकरार रखने के फैसले की खिलाफत की है। बता दें कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मिलने वाले एहर कोटे पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया था। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से संविधान के 103वें संशोधन अधिनियम की वैधता को बरकरार रखा है, जो शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में 10% इडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करता है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस जेबी पारदीवाला ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सहमति जतायी है। तीनों जजों का मानना है कि यह आरक्षण संविधान का उल्लंघन नहीं करता है। तीनों जजों ने यह भी माना कि इडब्ल्यूएस आरक्षण 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा का उल्लंघन नहीं करता है। वहीं सीजेआई जस्टिस यूयू ललित व जस्टिस रवींद्र भट ने इस पर असहमति जाहिर की थी। अब इस निर्णय पर समीक्षा याचिका लगायी गई है। मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता डॉ. जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर की, जिसमें 103वें संशोधन इडब्ल्यूएस आरक्षण की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा गया था।

कांग्रेस नेता उदित राज ने भी किया था विरोध

फैसला आने के बाद कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा था कि वे इडब्ल्यूएस आरक्षण का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि सुप्रीम कोर्ट की उच्च जाति समर्थक मानसिकता का विरोध कर रहे हैं। जब अजा-जजा को आरक्षण की बात आती है तो वह इंदिरा साहनी मामले की दुहाई देकर अजा-जजा-ओबीसी को 50 फीसदी आरक्षण की सीमा का हवाला दिया जाता है। आज संविधान का हवाला देकर कहा जा रहा है कि नहीं, आरक्षण की कोई सीमा नहीं है।

तत्काल सौंपी गयी पीड़ितों के परिजनों को अनुग्रह राशि

महाप्रबंधक ने घटनास्थल पर मरम्मत कार्य की स्वयं की निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सोमवार की सुबह मालगाड़ी के पटरी से उतरने से क्षतिग्रस्त हुई कोरई की प्रभावित रेल लाइन को युद्ध स्तर पर लगातार एवं त्वरित प्रयास से पूर्व तट रेलवे द्वारा केवल 16 घंटे के भीतर बहाल कर दिया गया। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने स्वयं दुर्घटना स्थल पर उपस्थित रह कर मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर खोरधा रोड रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित पूर्व तट रेलवे के विभिन्न विभाग के प्रमुख मरम्मत कार्य की निगरानी के लिए दुर्घटना स्थल पर थे। मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण, हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन में भद्रक-कपिलास रोड रेलवे सेक्शन में कोरई स्टेशन पर दोनों लाइनें अवरुद्ध हो गई थीं। इसके तुरंत बाद दुर्घटना राहत ट्रेन और दुर्घटना राहत चिकित्सा दलों को बहाली के काम में लगाया गया। रेलकर्मियों के लगातार प्रयासों से प्रभावित वैगनों को शाम करीब 5.35 बजे ट्रैक से हटा दिया गया। और देर शाम डाउन लाइन में ट्रैक फिट दिया गया और दोनों ट्रैक आधी रात से पहले ट्रेन यातायात के लिए फिट किये गये। इसके साथ ही ओवर हेड इक्विपमेंट्स (ओएचइ) वर्क्स के लिए बहाली का काम किया गया। जीर्णोद्धार कार्य में, रेलवे मशीनरी के साथ-साथ भारी क्षमता वाले क्रेन, कटर और कार्यबल का उपयोग किया गया।

5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी तत्काल प्रदान की

इसके अलावा महाप्रबंधक सुनकर ने घटना में मरने वाले व्यक्ति के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी तत्काल प्रदान की। घायलों को अनुग्रह राशि भी सौंपी गई। रेल मंत्री ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया था और तत्काल अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल होने पर एक-एक लाख रुपये और मामूली रूप से घायल होने पर 25 हजार रुपये की राशि प्रभावितों को तत्काल प्रदान की गई।

पूर्व तट रेलवे ने केवल 16 घंटों में क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक के साथ अन्य बुनियादी ढांचे का पुनः कार्यक्षम कर दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कोरई में प्रभावित रेल लाइन, जो सोमवार को सुबह मालगाड़ी के पटरी से उतरने से क्षतिग्रस्त हो गई थी, उन्होंको लगातार प्रयास और युद्ध स्तर पर पूर्व तट रेलवे द्वारा किये गये त्वरित बहाली कार्य के कारण केवल 16 घंटे के भीतर मरम्मत की गई है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर स्वयं मरम्मत कार्य की निगरानी के लिए खुर्दा रोड रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित पूर्व रेलवे के विभागों के अन्य प्रधान प्रमुखों के साथ दुर्घटनास्थल पर थे। पुनरुधार कार्य के दौरान महाप्रबंधक के साथ रेलवे के मुख्य मंडल प्रमुख और खुर्दा रोड रेलवे जोन के मंडल रेल प्रबंधक मौजूद रहे और कार्य का निरीक्षण किया। हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन, भद्रक-कपिलास रोड रेल खंड पर, कोराई स्टेशन पर एक पण्यबहि ट्रेन के पटरी से उतरने से दोनों लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं और ट्रेन संचालन बाधित हो गया। पूर्व तट रेलवे द्वारा बचाव कार्यों के लिए तत्काल एक दुर्घटना राहत ट्रेन और एक दुर्घटना राहत चिकित्सा दल को तैनात किया गया था। रेलवे के जारी प्रयासों से प्रभावित वैगनों को शाम 5.35 बजे के भीतर ट्रेन ट्रैक से बाहर किया गया था। जिससे डाउन लाइन को कम समय में कार्यकारी करने के लिए अनुमति मिला था। उसी तरह मध्य राती से पहले ही दोनों पटरियों को रेल यातायात के लिए साफ कर दिया गया दोनों रेलवे धारणा में ट्रेनों के चलने से पहले ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) कार्यों की बहाली भी युद्धकालीन आधार पर की गई थी। पुनरुधार कार्य में भारी क्षमता वाले मशीनरी उपकरण, यथा एस्काभेटर, खननकारी, कटर, कार्यबल के साथ रेलवे मशीनरी का उपयोग किया गया था।

वेदांता एल्युमीनियम एक्सट्रूजन उद्योग की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मास्टरक्लास का परिचालन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। नयी दिल्ली वेदांत एल्युमिनियम भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, उन्होंने एक्सट्रूजन उद्योग की उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर एक तकनीकी मास्टरक्लास का आयोजन किया। जिसमें एक्सट्रूजन सेगमेंट में लगभग 60 अग्रणी खिलाड़ियों के करीब 300 प्रतिभागी शामिल थे, जो भारत, यूएस, यूके , पुर्तगाल, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल और कई अन्य देश के थे। एक्सट्रूजन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग एक निश्चित क्रॉस-सेक्शन प्रोफाइल की वस्तुओं को डाई के माध्यम से सामग्री को धक्का देकर उत्कृष्ट सतह और उन्नत डिजाइन तैयार करता है। मास्टरक्लास का संचालन दुनिया के अग्रणी एक्सट्रूजन विशेषज्ञों में से एक श्री जोनाथन पैंगबों द्वारा किया गया था, जो कंपनी के ग्राहक तकनीकी सेवा (सीटीएस) सेल के लिए बिलेट एक्सट्रूजन के तकनीकी सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं। मास्टरक्लास ग्राहकों के लिए वेदांत एल्युमिनियम की ढेरों पेशकशों का हिस्सा था, जिसमें नये उत्पाद का विकास, नये अनुप्रयोग विकास, बाजार विकास, ज्ञान और तकनीकी विशेषज्ञता और भारत के प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्रों ने भी सत्र में भाग लिया। एल्यूमीनियम आज दुनिया की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण धातु है, जिसमें उच्च शक्ति-से-वजन अनुपात, असाधारण डिजाइन लचीलापन, संक्षारण-प्रतिरोध, विद्युत चालकता और शाश्वत पुनर्चक्रण जैसे अद्वितीय गुण हैं। एल्यूमीनियम के इन बहुमुखी गुणों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक्सट्रूजन प्रक्रिया की बहुमुखी प्रतिभा द्वारा पूरक किया जा सकता है। एल्युमिनियम की क्षमता किसी भी आकार में निकाली जा सकती है-चाहे कितनी भी जटिल हो, सख्त सहनशीलता के साथ, यह डिजाइन अनुप्रयोगों के लिए एक आदर्श सामग्री बनाती है जिसके लिए क्रॉस-विभाग क्षेत्र से अधिकतम बहुमुखी प्रतिभा की आवश्यकता होती है। वेदांत लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांत एल्युमिनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 2022 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.26 मिलियन टन का निर्माण करता है। यह मूल्य वर्धित एल्यूमीनियम उत्पादों में अग्रणी है जो मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाते हैं।

एमसीएल ने किया जूट बैग का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने लोगों को प्लास्टिक की थैलियों को ना कहने तथा छोड़ने और पर्यावरण की देखभाल करने के लिए प्रेरित करने के लिए परिधीय घरों में जूट बैग वितरित करके 'एकल उपयोग प्लास्टिक' के उपयोग को कम करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इस जागरूकता अभियान के पहले चरण में एमसीएल संबलपुर के लोगों में 10,000 जूट बैग वितरित करने की योजना बनाई है। कंपनी अपने एमसीएल के पर्यावरण और वन विभाग के माध्यम से स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा लोगों के बीच जूट वैग वितरण करने के लिये विभिन्न स्थानों पर सूचना शिविरों का आयोजन कर रही है। इस अभियान के तहत लोगों तथा विशेषकर छात्रों के समुदाय में उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उत्कृष्टता के 30 वर्षों का जश्न मनाते हुए, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), भारत सरकार की एक 'मिनी-रत्न' कंपनी ने ओडिशा के अंगुल, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़ और संबलपुर जिलों में फैले अपने कमांड क्षेत्रों में तथा उसके आसपास 6.5 मिलियन से अधिक पौधे लगाये हैं।

मुख्यमंत्री ने हॉकी विश्व कप का पहला टिकट फिलिप तिर्की से लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओडिशा में 2023 हॉकी विश्व कप का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए तैयारियां खूब तेजी से चल रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने हॉकी विश्व कप का पहला टिकट लिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलिप तिर्की से टिकट प्राप्त किया। हॉकी विश्व कप जनवरी 2023 से कलिंग स्टेडियम में शुरू होगा। इससे पहले 8 सितंबर को मुख्यमंत्री ने हॉकी वर्ल्ड कप 2023 का शेड्यूल जारी किये थे। गौरतलब है कि हॉकी विश्व कप भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जाने वाला है। इसलिए राज्य सरकार ने पूरी तैयारी तेज कर दी है। राउरकेला और भुवनेश्वर में हॉकी स्टेडियमों को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। 2023 हॉकी विश्व कप में 16 टीमें 4 पूल में खेलेंगी। पूल ए में-ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जबकि पूल बी में- बेल्जियम, जर्मनी, कोरिया, जापान रहा है। इसके अलावा पूल सी में नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, मलेशिया और चिली है, पूल डी में भारत, इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स हैं।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**